Samyak
An Institute For Civil Services

मासिक समसामयिकी

करेंट अफेयर्स

जुलाई 2025

विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी

सम्यक् है, तो संभव है

विशेषताएँ -

1. नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार अध्ययन सामग्री।
2. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए बेहतरीन अध्ययन सामग्री।
3. अवधारणात्मक स्पष्टता (CONCEPTUAL CLARITY) के साथ तथ्यात्मक समावेश।
4. सहज बोधगम्य 'सरल' भाषा शैली में नवीनतम तथ्यों का समावेश।
5. ONLINE COURSE व SELF STUDY के लिए SELF SUFFICIENT अध्ययन सामग्री।
6. UPSC/RPSC के नए पैटर्न एवं फॉर्मेट का अनुसरण।
7. टॉपर्स द्वारा अनुमोदित परिणामोन्मुखी पाठ्य सामग्री।
8. प्रशासनिक अधिकारियों एवं अकादमिक विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित रिव्यू एवं अपडेशन।
9. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु TOPIC WISE महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संग्रह।
10. NCERT व राजस्थान बोर्ड की पुस्तकों के आवश्यक तथ्यों का समावेश।

ऑफलाइन बैच के अतिरिक्त SAMYAK TEAM द्वारा गुणवत्तापूर्ण व परिणामोन्मुखी तैयारी ONLINE भी

IAS/RAS

(Hindi & English Medium)

- Live & Recorded Classes
- Printed & Non-Printable
- Personal Mentorship
- Test Series & Solution
- Toppers' Strategy Sessions

GET MORE INFORMATION
9875170111

ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

CURRENT AFFAIRS

INDEX

		Page No.
1	राजस्थान समसामयिकी	1 – 28
2	राष्ट्रीय परिदृश्य	29 – 35
3	आर्थिक परिदृश्य	36 – 40
4	अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य	41 – 53
5	अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी	54 – 66
6	खेल परिदृश्य	67 – 75
7	पुरस्कार एवं सम्मान	76 – 79
8	चर्चित व्यक्तित्व	80 – 88
9	चर्चित स्थल	89 – 99
10	इंडेक्स एवं रिपोर्ट	100 – 104
11	महत्वपूर्ण दिवस	105 –106

करेंट अफेयर्स : जुलाई : 2025

राजस्थान समसामयिकी

राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

- **राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक** 14 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

मेडिकल वैल्यू ट्रैवल नीति – हील इन राजस्थान 2025 (For Mains Exams Also)

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश को एक प्रमुख चिकित्सा पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में "हील इन राजस्थान–मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी 2025" को 14 जुलाई 2025 को मंजूरी दी है।
- **लक्ष्य:** राजस्थान को एक भरोसेमंद, सुलभ और किफायती मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) गंतव्य के रूप में विकसित करना।
- मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (MVT) हेतु एक समर्पित सेल की स्थापना की जाएगी।

मुख्य विशेषताएं

- **उन्नत स्वास्थ्य तंत्र:** प्रदेश में 8,000 से अधिक अस्पताल, +40 मेडिकल कॉलेज और उच्च स्तरीय निजी अस्पताल कार्यरत हैं।
- **बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं:** मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- **पारंपरिक चिकित्सा का समावेश:** आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार पर ध्यान दिया जाएगा।
- **तकनीकी नवाचार:** एक समर्पित सेल की स्थापना की जाएगी जो सेवा प्रदाताओं को प्रमाणित करेगा। इसके अतिरिक्त, एक एमवीटी पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया जाएगा जो पर्यटकों को उपचार, सुविधाएं और तकनीकी जानकारी प्रदान करेगा।
- **डिजिटल सेवाएं:** टेलीमेडिसिन, टेलीकंसल्टेशन, बायोटेक्नोलॉजी और ऐप आधारित डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।
- **भाषा सहायता:** देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएं शुरू की जाएंगी।
- **समितियों का गठन:** नीति के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति और चिकित्सा शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा।

लाभ:

- चिकित्सा और पर्यटन क्षेत्र का एकीकरण।
- रोजगार के नए अवसर।
- प्रदेश की वैश्विक पहचान में वृद्धि।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा।

टाउनशिप पॉलिसी-2024

राज्य के शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित और समेकित विकास को सुनिश्चित करने के लिए टाउनशिप पॉलिसी-2024 को स्वीकृति दी गई। इस नीति के माध्यम से योजनाओं के विकास में आने वाली अड़चनों को कम करते हुए सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख प्रावधान:

- सभी आवासीय योजनाओं में 7% भूमि पार्क व खेल मैदान हेतु और 8% सुविधा क्षेत्र के लिए आरक्षित होगी।
- विकास कार्यों का रख-रखाव 5 वर्ष तक या रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सौंपने तक डवलपर्स द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए 2.5% भूखंड सरकार के पास सुरक्षित रहेंगे।
- मिश्रित भूमि उपयोग, ग्रुप हाउसिंग, फ्लैट हाउसिंग और एकीकृत योजनाओं के लिए विशेष प्रावधान रखे गए हैं।
- औद्योगिक योजनाओं में श्रमिकों के लिए न्यूनतम 5% क्षेत्रफल को आवासीय उपयोग हेतु आरक्षित किया गया है।
- आर्थिक रूप से कमजोर और अल्प-आय वर्ग के लिए भूखंडों का आवंटन स्थानीय निकाय के माध्यम से किया जाएगा।
- JDA की सेक्टर कॉमर्शियल पॉलिसी के अनुसार, आपसी सहमति से भूमि अधिग्रहण की व्यवस्था होगी ताकि सेक्टर सड़कों और व्यवसायिक पट्टियों का विकास हो सके।
- सभी योजनाओं में वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण की व्यवस्था भी शामिल की गई है।

राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति-2025

- राज्य सरकार ने गैस-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 को स्वीकृति प्रदान की।
- यह नीति 31 मा र्च 2029 तक या नई नीति लागू होने तक प्रभावी रहेगी।
- यह नीति राज्य में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक गैस की पहुँच सुनिश्चित करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में योगदान देगी।

प्रमुख विशेषताएं

- CNG और PNG नेटवर्क का विस्तार छोटे शहरों और कस्बों तक तेज़ी से किया जाएगा।
- गैस वितरण कंपनियों को अनुमति, भूमि आवंटन और अनुमोदन संबंधी प्रक्रियाएं सरल और समयबद्ध होंगी।
- इन कार्यों को डिजिटल रूप से सुविधाजनक बनाने हेतु सीजीडी पोर्टल विकसित किया जाएगा।

राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति- 2024 में संशोधन

- राज्य सरकार ने एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 में संशोधन को मंजूरी दी है।
- इसका उद्देश्य बड़े निवेशकों को भूमि आवंटन में सुविधा देना है, जिन्होंने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 1000MW या उससे अधिक की परियोजनाओं के लिए एमओयू किए हैं।

संशोधित प्रावधान :-

- निवेशक यदि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम में आवश्यक शुल्क जमा कर पंजीकरण कराते हैं, तो उनके लिए भूमि आरक्षित (set apart) करने की अनुशंसा राजस्व विभाग द्वारा की जा सकेगी।
- **आरक्षित भूमि का:**
  - एक-तिहाई क्षेत्र 3 वर्षों में
  - अगला एक-तिहाई क्षेत्र 4-6 वर्षों में
  - शेष भाग 7-9 वर्षों में आवंटन हेतु आवेदन के साथ शुल्क के भुगतान से होगा।

मिलेट न्यूट्री बार वितरण योजना

- इसके पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत 15 जुलाई को जयपुर के विद्याधर नगर में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा की गई।
- पायलट प्रोजेक्ट के लिए जयपुर प्रथम, सांगानेर ग्रामीण और उदयपुर के फलासिया क्षेत्र का चयन किया गया है।
- **उद्देश्य:** 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण प्रदान करना।
- इससे जयपुर और उदयपुर जिलों के चयनित 544 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 10,000 बच्चों को लाभ मिलेगा।
- इसमें प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में 5 दिन, प्रतिदिन 20 ग्राम वज़न की न्यूट्री बार, कुल 6 माह तक प्रदान की जाएगी।
- न्यूट्री बार में बायो-फोर्टीफाइड बाजरा, गेहूं, मूंगफली, गुड़ और शहद सम्मिलित हैं। इनमें कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ज़िंक की भरपूर मात्रा है।
- इस पहल से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार होगा और उनका आंगनबाड़ी केंद्रों में ठहराव भी बढ़ेगा।
- यह नवाचार प्रधानमंत्री की "श्री अन्न योजना" से प्रेरित है और इसमें GIZ, PATH व हार्वेस्ट प्लस जैसी संस्थाओं का सहयोग है।
- पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने पर इसे CSR सहयोग से राज्यभर में लागू करने की योजना है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना

- राजस्थान सरकार ने गरीबी उन्मूलन हेतु इस योजना की शुरुआत की है।
- इसके पहले चरण में 5002 गांवों का चयन हुआ है, जहां 30,631 बीपीएल परिवारों को चिन्हित किया गया।
- इन परिवारों को आर्थिक सहयोग के लिए ₹300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- इसमें अपने प्रयासों से गरीबी रेखा के ऊपर आने वाले परिवारों को ₹21,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- इसमें चयनित परिवारों को **आत्मनिर्भर परिवार कार्ड** भी दिया जाएगा।
- इसके तहत प्रत्येक गांव के लिए गरीबी मुक्त गांव कार्य-योजना› तैयार की जा रही है।
- इस योजना में सरकारी योजनाओं का समन्वय कर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।
- इसके तहत BPL परिवारों को स्वरोजगार के लिए ₹1 लाख तक की सहायता दी जाएगी।
- महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रति परिवार ₹15,000 तक की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस योजना में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जिलों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे।

डॉ. अंबेडकर से जुड़े स्थलों की निःशुल्क यात्रा योजना



- राजस्थान सरकार वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना की तर्ज पर अनुसूचित जाति के लोगों को बाबा साहब डॉ. भीमरावअंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों की रेल यात्रा निःशुल्क करवाएगी।
- **उद्देश्यः** दलित समुदाय को डॉ. अंबेडकर की जीवनी, संघर्ष और विचारधारा से अवगत कराना।
- इसका लाभ केवल राजस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग के मूल निवासियों को मिलेगा।
- यह प्रस्तावित यात्रा कुल 3,596 किलोमीटर लंबी होगी।

यात्रा में शामिल 5 प्रमुख स्थल

1. महू (मध्यप्रदेश) – डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली।
2. नागपुर (महाराष्ट्र) – दीक्षा भूमि, जहां उन्होंने बौद्ध धर्म ग्रहण किया।
3. दिल्ली और अलीपुर – महापरिनिर्वाण स्थल, जहां उनका देहावसान हुआ।
4. मुंबई (चैत्य भूमि) – समाधि स्थल, जहाँ उनका अंतिम संस्कार हुआ।
5. इंदू मिल, मुंबई – प्रस्तावित डॉ. आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित होगा।

PNG-CNG पाइप लाइन के लिए पंचवर्षीय योजना

- राजस्थान सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (DPNG) और कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (CNG) के लिए 5 वर्षीय कार्य योजना बनाएगी।
- 2025 में 1.25 लाख घरों को डीपीएनजी कनेक्शन और 89 नए सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है।
- इसके लिए राजस्थान में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नीति जारी की जा चुकी है।
- इस नीति के तहत सीजीडी कंपनियों को अनुमति, जिला स्तरीय समस्याओं के समाधान, और तालमेल के लिए जिला स्तरीय कमेटी के गठन का प्रावधान है।

सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान

- राजस्थान में 25 जून 2025 से चल रहे सक्रिय टीबी खोज अभियान के तहत अब तक प्रदेश की 74 लाख से अधिक संवेदनशील जनसंख्या की जांच की जा चुकी है।
- यह क्षित आबादी का लगभग 44% है।
- लक्ष्यः 1.67 करोड़ संवेदनशील लोगों की स्क्रीनिंग।
- यह अभियान राजस्थान में 21 जुलाई 2025 तक चलेगा।
- उद्देश्यः टीबी के छिपे मामलों की शीघ्र पहचान और समय पर निःशुल्क इलाज।
- इसके अलावा निक्षय पोर्टल के माध्यम से टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और भुगतान की निगरानी रियल टाइम में की जा रही है।
- **नोटः** 2024 में राजस्थान की 3,350 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।
  - राजस्थान इस अभियान में देशभर में तीसरे स्थान पर रहा।

फिट इंडिया की तर्ज पर 'फिट राजस्थान' अभियान

- **चर्चाः** इसके तहत 9,352 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं।
- गांवों के युवाओं को मुख्यधारा में जोड़ने और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'फिट राजस्थान' की शुरुआत 7 अप्रैल 2025 को की गई।
- यह अभियान केंद्र सरकार के 'फिट इंडिया' कार्यक्रम की तर्ज पर तैयार किया गया है।
- सभी पंचायतों को राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से स्पोर्ट्स किट भेजी जाएगी।
- इस किट में एक फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और संबंधित नेट्स शामिल हैं।

- **उद्देश्य:** ग्रामीण युवा नियमित रूप से खेलें और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन अपनाना।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'यूथ क्लब' का गठन किया जा रहा है।
- इन क्लबों का समन्वय ग्राम विकास अधिकारियों को सौंपा गया है।
- वर्तमान में 13 जिलों की सभी पंचायतों में यूथ क्लब स्थापित हो चुके हैं।

'स्टॉप डायरिया' अभियान

- राजस्थान में 1 जुलाई से 15 अगस्त 2025 तक प्रदेशभर में स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर से इस राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य दस्त रोग की रोकथाम और प्रबंधन को सुदृढ़ करना है।
- इस अभियान की थीम "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" है।
- इस अभियान के दौरान निम्नलिखित पर विशेष ध्यान दिया जाएगा:
  - स्वच्छ पेयजल का उपयोग
  - व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता
  - जनजागरूकता गतिविधियाँ
- **नोट:** 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु के 4.1% मामले दस्त से जुड़ी जटिलताओं के कारण होते हैं।
- इस दौरान आशा सहयोगिनियां घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट और जिंक की खुराक वितरित करेंगी।
- अस्पतालों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओआरएस व जिंक कॉर्नर भी स्थापित किए जाएंगे।

हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान

- राजस्थान सरकार द्वारा इस अभियान की शुरुआत 7 अगस्त 2024 को जयपुर जिले की दूदू तहसील के गाहोता गांव से हुई।
- वर्ष 2025 में राज्य में 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, जिनमें से अब तक 50.87 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।
- वर्ष 2024 में अभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया था।

अभियान की मुख्य विशेषताएँ:

- आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ।
- हर जिले में एक "मातृ वन" की स्थापना, जहाँ लोग अपने प्रियजनों की स्मृति में पौधे लगा सकते हैं।
- 'मिशन हरियालो' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अभियान की निगरानी और जनभागीदारी को प्रोत्साहन।
- यह महाअभियान प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से समन्वित रूप से संचालित किया जा रहा है।

वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा अभियान

- यह अभियान 1 जुलाई – 30 सितंबर 2025 संचालित किया जाएगा।
- केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।
- उद्देश्य: ग्राम पंचायत स्तर तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक विशेष शिविर का आयोजन होगा। (मुख्यतः शनिवार को)

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) हेतु गवर्निंग बोर्ड

- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर का प्रबंधन पुनर्गठित गवर्निंग बोर्ड और कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा।
- यह संरचना "राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर सोसाइटी" के अंतर्गत काम करेगी।

गवर्निंग बोर्ड

- **अध्यक्ष:** मुख्य सचिव
- 6 सरकारी सदस्य
- 6 राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य
- RIC निदेशक
- RIC के2 प्रतिनिधि

"राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश2025-"

- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS) को एम्स नई दिल्ली की तर्ज पर उन्नत करने के लिए यह अध्यादेश लाया जाएगा।
- इसका उद्देश्य राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) की स्थापना करना है।
- यह जयपुर में स्थित होगा तथा एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा।

नरेगा आखर अभियान

- जयपुर जिला प्रशासन ने 10 जुलाई 2025 को 'नरेगा आखर' अभियान की शुरुआत की।
- उद्देश्यः ग्रामीण नरेगा श्रमिकों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करना।
- इससे विशेष रूप से महिलाओं में वित्तीय समझ और हस्ताक्षर करने की क्षमता बढ़ेगी।

अभियान के प्रमुख घटकः

- बुनियादी पढ़ाई-लिखाई
- हस्ताक्षर ज्ञान
- वित्तीय साक्षरता
- डिजिटल साक्षरता

चर्चित व्यक्तित्त्व

श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने

- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन 21 जुलाई 2025 को राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की को शपथ दिलाई।
- इन्होने निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव का स्थान लिया।
- यह **राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश** बने है।
- राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव का मद्रास उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन

- जन्म मुंबई (महाराष्ट्र) में।
- 21 जून 2013 को बॉम्बे हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।
- 2 मार्च 2016 को बॉम्बे हाईकोर्ट में स्थायी न्यायाधीश बनाए गए।
- 21 सितंबर 2024 को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया।

राजस्थान उच्च न्यायालय

- इसकी स्थापना 29 अगस्त 1949 में हुई थी।
- राजस्थान उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश कमलकांत वर्मा थे।
- स्थापना के समय इसमें 1 मुख्य न्यायाधीश और 11 अन्य न्यायाधीश थे।
- वर्तमान में इसमें 1 मुख्य न्यायाधीश और 49 अन्य न्यायाधीश के पद है।
- मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर की जाती है।
- **नोटः** राष्ट्रपति द्वारा जारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की अधिसूचना एवं वारंट मुख्य सचिव द्वारा पढ़कर सुनाया जाता है।
- उच्च न्यायालय में न्यायाधीश का कार्यकाल 62 वर्ष की आयु तक होता है।
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या अन्य न्यायाधीशों को उसी विधि से हटाया जाता है जिस विधि से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाते है।

जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा

- जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा ने 18 जुलाई 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।
- वह पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए है।
- इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाईकोर्ट के **मुख्य न्यायाधीश** के. आर. श्रीराम को राजस्थान हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है।
- यह वर्तमान मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तवका स्थान लेंगे।
- यह **राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश** बनेंगे।

राजस्थान उच्च न्यायलय में 7 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने 22 जुलाई 2025 को अधिसूचना जारी कर राजस्थान उच्च न्यायलय में सात नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की घोषणा की, इसमें1 महिला न्यायिक अधिकारी भी शामिल हैं।
- इसमें 6 न्यायाधीशों की नियुक्ति वकील कोटे से और एक न्यायाधीश की नियुक्ति न्यायिक सेवा कोटे से की गई है।
- संदीप तनेजा को स्थायी न्यायाधीश, जबकि अन्य छह को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।
- इन नियुक्तियों के साथ उच्च न्यायलय में स्वीकृत 50 पदों में अब 43 न्यायाधीश कार्यरत हो जाएंगे।

नवनियुक्त न्यायाधीश

वकील कोटे से नियुक्त	न्यायिक सेवा कोटे से नियुक्त
1.संदीप तनेजा 2.बलजिंदर सिंह संधू 3.बिपिन गुप्ता 4.संजीत पुरोहित 5.रवि चिरानिया 6.अनुरूप सिंघी	1.संगीता शर्मा (जिला जज कैडर की अधिकारी)

तेजस्वी सिंह गेहलोत KIUG2025 की तकनीकी समिति के सह-अध्यक्ष बने

- राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ (RSOA) के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG2025) की तकनीकी संचालन समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- यह नियुक्ति भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा खेलो इंडिया से संबंधित आयोजनों के लिए की गई है।
- KIUG 2025 का आयोजन इस वर्ष राजस्थान के जयपुर में होगा।
- भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष: डॉ. पी.टी. उषा।

न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा RALSA के कार्यकारी अध्यक्ष बने

- राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RALSA) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को नियुक्त किया गया है।
- वह राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक हैं।
- राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विधि विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई।
- न्यायमूर्ति शर्मा मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पती राजेन्द्रन के परामर्श से इस पद पर नियुक्त किए गए।
- यह सेवानिवृत्ति तक इस पद पर बने रहेंगे।
- RALSA समाज के वंचित, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को मुफ्त विधिक सहायता, जनजागरूकता, और मध्यस्थता सेवाएं उपलब्ध कराती है।

ट्विंकल पुरोहित'मिस राजस्थान 2025'बनीं

- जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित 'मिस राजस्थान 2025' के ग्रैंड फिनाले में ट्विंकल पुरोहित ने खिताब जीता।
- इसमें मीनाक्षी छापोला फर्स्ट रनरअप और रिशिता काशीवा सेकंड रनरअप रही।
- यह मिस राजस्थान का 27वां संस्करण था।
- इसका आयोजन फ्यूजन ग्रुप ने रूवी डिजिटल के सहयोग से किया।
- इसमें विनर कैटेगरी के अलावा 28 टाइटल्स भी दिए गए, जिसमें बेस्ट वॉक, बेस्ट स्किन, बेस्ट स्माइल, मिस पॉपुलर, मिस फैशन डिवा जैसे टाइटल्स शामिल रहे।

मदन गोपाल व्यास

- राजस्थान रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण (RERA ट्रिब्यूनल) के अध्यक्ष पद पर पूर्व न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास की नियुक्ति की गई है।
- उनका कार्यकाल पाँच वर्ष या 67 वर्ष की आयु (जो पहले हो) तक रहेगा।
- यह नियुक्ति रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत की गई है।
- न्यायमूर्ति व्यास पूर्व में राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रह चुके हैं।
- RERA अपीलीय ट्रिब्यूनल का गठन रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RERA) के निर्णयों के विरुद्ध अपील की सुनवाई के लिए किया गया है।

रोहित कुमार नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त

- केंद्र सरकार में कार्यरत राजस्थान कैडर के 1997 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रोहित कुमार को नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।
- वर्तमान में वे कैबिनेट सचिवालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल MDS विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलगुरु बने

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय (एमडीएसयू), अजमेर का कुलगुरु नियुक्त किया है।
- यह नियुक्ति राज्य सरकार के परामर्श से की गई है।
- प्रो. अग्रवाल का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु, इनमें से जो पहले हो, तक रहेगा।
- वे इससे पूर्व केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात में प्रोफेसर पद पर कार्यरत थे।

आस्था माथुर BCCI के मैच रेफरी पैनल में शामिल

- आस्था माथुर BCCI के मैच रेफरी पैनल में शामिल होने वाली राजस्थान की दूसरी महिला बन गई हैं।
- BCCI द्वारा मैच रेफरी परीक्षा में आस्था ने 5वां स्थान हासिल किया।
- इससे पहले राजस्थान की पूर्व क्रिकेटर मीनाक्षी बंसल भी BCCI के मैच रेफरी पैनल में जगह बना चुकी हैं। वे 2018 से इस पैनल में शामिल हैं।
- **BCCI Full Form:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (Board of Control for Cricket in India)

प्रोफेसर योगेश जोशी द्वारा हिमालय में फंगस की नई प्रजातियों की खोज

- राजस्थान विश्वविद्यालय के बोटनी विभाग के **प्रोफेसर योगेश जोशी ने** हिमालय के क्षेत्रों से फंगस की चार नई प्रजातियाँ खोजीं।
- इनमें से एक फंगस उत्तराखंड के चमोली जिले के गमसारी गांव में पाई गई है।
- इस फंगस का नाम **'पोलीकॉकम राइनोडीने वैरायटी गैलीगेनम'** रखा गया है — जो विश्व स्तर पर पहली बार पाई गई है और केवल भारत में पाई जाती है।
- **अन्य खोजी गई प्रजातियाँ:**
    - पोलीकॉकम निग्रोस्पोरम
    - पोलीकॉकम रीनोडीने (चमोली)
    - पोलीकॉकम रुबीलियने (पिथौरागढ़)
- यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'ताइवानिया' में जून 2025 में प्रकाशित हुआ।

चर्चित स्थान

बालोतरा में मिले रेयर अर्थ मिनरल्स के विशाल भंडार

- राजस्थान के **बालोतरा जिले की सिवाना तहसील के भाटी खेड़ा क्षेत्र में** रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार की पहचान हुई है।
- यह जानकारी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) और एटॉमिक मिनरल्स निदेशालय (AMD) के संयुक्त सर्वे में सामने आई।
- भाटी खेड़ा ब्लॉक में स्थित ग्रेनाइट हार्ड रॉक में रेयर अर्थ एलिमेंट्स की पहचान हुई है।
- यह भारत का पहला ऐसा क्षेत्र होगा जहां हार्ड रॉक से दुर्लभ खनिजों का खनन होगा।
- यहां पाई जाने वाली रायोलाइट चट्टानें इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, ग्रीन एनर्जी, हाई-पावर मैग्नेट, एयरोस्पेस और अन्य उन्नत उपकरणों के निर्माण में उपयोगी होती हैं।
- वर्तमान में दुनिया के लगभग 90% रेयर अर्थ एलिमेंट्स का उत्पादन चीन में होता है। इनमें 17 दुर्लभ तत्व होते हैं।
- इनका उत्खनन राजस्थान ना केवल चीन की निर्भरता को कम कर सकता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति भी कर सकता है।
- भाटी खेड़ा क्षेत्र में सर्वे का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र ही खनन लीज की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- केंद्र सरकार इन दुर्लभ खनिजों के लिए प्राइवेट कंपनियों या राज्य एजेंसियों को लीज़ पर खनन अधिकार देती है।

विश्व का पहला अंतरराष्ट्रीय बाघ संग्रहालय

- केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने घोषणा की है कि दुनिया का पहला अंतरराष्ट्रीय बाघ संग्रहालय **अलवर, राजस्थान में** बनाया जाएगा।
- यह संग्रहालय कटीघाटी क्षेत्र में प्रस्तावित चिड़ियाघर के पास स्थापित किया जाएगा।
- इससे पर्यटकों को एक साथ सरिस्का, चिड़ियाघर और बाघ संग्रहालय देखने का अवसर मिल सकेगा।
- यह संग्रहालय बाघों से जुड़ी जानकारी, प्रदर्शनियों और कलाकृतियों को प्रदर्शित करेगा।
- इनमें बाघों की शरीर रचना, व्यवहार, आवास और संरक्षण आवश्यकताओं को दर्शाया जाएगा।

राजस्थान के 7 जिलों में चीतों के लिए विकसित अंतरराज्यीय कॉरिडोर होगा

- मध्यप्रदेश के कूनो से लेकर गांधी सागर तक विस्तृत चीता कॉरिडोर को राजस्थान के 7 जिलों से जोड़ा जाएगा।
- यह कॉरिडोर लगभग 17,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैलेगा, जिसमें से करीब 6,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र राजस्थान का होगा।
- राजस्थान में यह कॉरिडोर **कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर, करौली और चित्तौड़गढ़ (रावतभाटा सहित) जिलों** से होकर गुजरेगा।
- इसमें हाड़ौती क्षेत्र के लगभग 450 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा।
- राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच इस परियोजना हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा तैयार एक्शन प्लान के तहत इसमें उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों को भी जोड़ा जाएगा।
- चीतों के लिए आवश्यक शिकार आधार (prey-base) तैयार करने हेतु शेरगढ़ और भैंसरोड़गढ़ में विशेष एनक्लोजर बनाए जा रहे हैं।

राजस्थान का पहला स्नेक पार्क

- कोटा के बूंदी रोड स्थित हर्बल पार्क के पास राज्य का पहला स्नेक पार्क विकसित किया गया है।
- केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZZA) द्वारा स्वीकृत इस पार्क में29 प्रजातियों के सर्प रखे जाएंगे, जिनमें भारतीय, अमेरिकी, ऑस्ट्रेलियन आदि शामिल हैं।
- यहां दो मंजिला भवन में 29 विशेष चैंबर बनाए गए हैं, जिनमें सांपों को उनके वातावरण के अनुरूप रखा जाएगा।
- इस पार्क में मेडिकल और रेपटाइल साइंस के विद्यार्थी रिसर्च कर सकेंगे।सर्प विष और एंटी-वेनम पर अध्ययन होगा।प्रयोगशाला और अन्य अनुसंधान सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।

श्रीकृष्ण पथ गमन में कैलादेवी मंदिर शामिल होगा

- श्रीकृष्ण गमन पथ योजना में करौली का कैलादेवी मंदिर जुड़ेगा
- यह राजस्थान का एकमात्र देवी मंदिर होगा, जिसे इसमें जोडा जाएगा।
- **नोट:** माता कैलादेवी को श्रीकृष्ण की बहन माना गया है। इसका उल्लेख स्कंद पुराण के 65वें अध्याय में है।
- करौली शहर में मदनमोहनजी, कैमरी में जगदीशजी महाराज के मंदिरों को भी इस धार्मिक सर्किट से जोड़ा जाएगा।

कृष्ण गमन पथ

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 26 अगस्त, 2024 को 'श्रीकृष्ण गमन पथ' बनाने की घोषणा की।
- इसके द्वारा भगवान कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा को उनकी शिक्षा स्थली उज्जैन से जोड़ा जाएगा।
- इस धार्मिक सर्किट को राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार मिलकर बनाएगी।
- यह पथ लगभग 800 किमी लंबा होगा।
- इसमें से करीब 500 किमी का हिस्सा राजस्थान के 6 जिलों (भरतपुर, डीग, करौली, बूंदी, कोटा, झालावाड़) से होते हुए गुजरेगा।

आईआईटी जोधपुरः उत्तर भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन क्लस्टर

- आईआईटी जोधपुर में PPP मॉडल पर लगभग 205 करोड़ रुपये की लागत से यह क्लस्टर स्थापित किया जाएगा।
- इसे आईआईटी द्वारा प्रायोजित जेएचवी इनोवेशन फाउंडेशन विकसित कर रहा है।
- 350 टन/वर्ष हाइड्रोजन अपशिष्ट जल से और 15 टन/वर्ष जैवमास से उत्पादित की जाएगी।
- हाइड्रोजन उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा और क्षारीय जल इलेक्ट्रोलाइजर का उपयोग होगा।
- इसका उपयोग परिवहन, अमोनिया उत्पादन और सिटी गैस नेटवर्क में किया जाएगा।
- उत्पादन लागत $1 से $3 प्रति किलोग्राम अनुमानित है।
- इससे 2030 तक 60,000 से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे।
- यह भारत का चौथा ग्रीन हाइड्रोजन क्लस्टर होगा – अन्य तीनः पुणे, केरल, और भुवनेश्वर।
- यह परियोजना राजस्थान सरकार और आईआईटी जोधपुर के बीच एमओयू के तहत 'राइजिंग राजस्थान समिट' में तय हुई थी।

बाड़मेरः दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पॉलीमर इंजेक्शन प्रोजेक्ट

- राजस्थान के बाड़मेर-सांचोर बेसिन में तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए नई परियोजना शुरू की जाएगी।
- इसके तहत केयर्न ऑयल एंड गैस (वेदांता समूह) दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्षारीय-सर्फेक्टेंट-पॉलीमर (ASP) इंजेक्शन योजना लागू करने जा रही है।
- इसके तहत 200 से अधिक नए कुएं खोदे जाएंगेऔर ASP इंजेक्शन से क्रूड ऑयल उत्पादन में 1.5 गुना तक बढ़ोतरी संभव होगी।
- परियोजना का अगला चरण अगस्त 2025 में मंगला फील्ड से शुरू होगा।
- **नोटः** बाडमेर की मंगला पाइपलाइननिरंतर गर्म और इंसुलेटेड रहने वाली दुनिया की सबसे लंबी पाइपलाइन में से एक है।यह कच्चे तेल को राजस्थान से गुजरात की रिफाइनरियों तक पहुंचाती है।

कोटा में 'नमो टॉय बैंक' बनेगा

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की पहल पर कोटा में 'नमो टॉय बैंक' की स्थापना होगी।
- उद्देश्यःवंचित और जरूरतमंद बच्चों को मुस्कान और संसाधन उपलब्ध कराना।

प्रमुख विशेषताएँः

- बैंक का संचालन बच्चों द्वारा ही किया जाएगा।
- स्कूल के विद्यार्थी खिलौनों का संग्रह करेंगे।
- खिलौनों की छंटाई, सफाई और मरम्मत के बाद वितरण किया जाएगा।
- यह पहल बच्चों में सेवा, नेतृत्व और संवेदनशीलता जैसे गुण विकसित करेगी।

धौलपुर में पहले विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राजस्थान के **धौलपुर में** आकांक्षी जिलों का पहला विज्ञान केंद्र उद्घाटन किया।
- यह केंद्र स्थानीय युवाओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।
- इसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के सहयोग से विकसित किया गया है।
- यह परियोजना आकांक्षी जिलों में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना की राष्ट्रीय योजना का हिस्सा है।
- इसमें इंटरैक्टिव प्रदर्शनियाँ, STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा मॉड्यूल, और नवप्रवर्तकों के लिए मंच उपलब्ध है।

प्रथम चरण में पांच संभागों में बालिका सैन्य स्कूल खुलेंगे

- राजस्थान में प्रथम चरण में 5 संभागों—कोटा, जयपुर, बीकानेर, भरतपुर और अजमेर—में बालिका सैन्य स्कूल खोले जाएंगे।
- इसमें सबसे पहले बीकानेर के जयमलसर गांव में बालिका सैन्य स्कूल की स्थापना होगी।
- राज्य सरकार ने बालिकाओं को सैन्य क्षेत्र के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संभाग स्तर पर बालिका सैनिक स्कूल खोलने की योजना बनाई।
- इन सैनिक स्कूलों को आवासीय स्वरूप में शुरू किया जाएगा, जहां रहने, खाने और सैन्य प्रशिक्षण सहित सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।
- इनमें कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होगी तथा संस्थानों में छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से एक सैनिक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- प्रत्येक बालिका सैन्य स्कूल में प्राचार्य की भूमिका एक सैन्य अधिकारी निभाएंगे।
- इन स्कूलों का प्रशासनिक नियंत्रण शिक्षा विभाग के अधीन रहेगा।

बीकानेर: देश का पहला राजकीय सैनिक कन्या विद्यालय

- यह विद्यालय **जयमलसर, बीकानेर में** स्थित है, जो भारत-पाक सीमा से करीब 150 किमी दूर है।
- इस विद्यालय का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्य शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा किया गया।
- इसे उद्योगपति पूनमचंद राठी द्वारा 108 करोड़ रुपये मूल्य की 30 एकड़ भूमि और भवन दान में दिए गए।
- यह पूरी तरह आवासीय विद्यालय है।
- इसके पहले वर्ष में कक्षा 6 से 8 तक के लिए 80 छात्राओं को प्रवेश मिलेगा।
- इसका संचालन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ की तर्ज पर होगा।
- इसके प्रधानाचार्य और हॉस्टल वार्डन सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी होंगे।

चोंप स्टेडियम: भारत का दूसरा और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

- यह स्टेडियम जयपुर-दिल्ली बाइपास पर चोंप गांव, जयपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर विकसित किया जा रहा है।
- यह स्टेडियम 100 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा।
- इस स्टेडियम में 11 क्रिकेट पिच, 2 प्रैक्टिस ग्राउंड, एक क्रिकेट एकेडमी के अलावा हॉस्टल, पार्किंग, स्पोर्ट्स क्लब, होटल और जिम की आदि सुविधाएं होंगी।
- इस स्टेडियम में दर्शक क्षमता 75 हजार की प्रस्तावित है।
  - पहले चरण में 40,000 सीटें
  - दूसरे चरण में कुल क्षमता 75,000 तक बढ़ाई जाएगी
- इस स्टेडियम को अनिल अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नाम दिया जाएगा।
- **नोट:** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने RCA के साथ पहले चरण के लिए ₹300 करोड़ का समझौता किया था।
- विश्व का सबसे बडा क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा स्टेडियम, अहमदाबाद (गुजरात) है। (दर्शक क्षमता 1.10 लाख)
- विश्व का दूसरा सबसे बडा क्रिकेट स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) है। (दर्शक क्षमता 1 लाख)

देश में पहली बार रामगढ़ बांध में ड्रोन से होगी कृत्रिम वर्षा

- जयपुर स्थित रामगढ़ बांध को भरने के लिए पहली बार ड्रोन के माध्यम से कृत्रिम वर्षा (क्लाउड सीडिंग) की योजना बनाई गई है।
- यह देश में पहली बार है जब कृत्रिम वर्षा के लिए ड्रोन और AI तकनीक को मिलाकर प्रयोग किया जा रहा है।
- पहले ऐसी तकनीकों में आमतौर पर हवाई जहाज का प्रयोग होता रहा है।
- यह तकनीक अगस्त महीने में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की जाएगी।
- **सहयोग** → राजस्थान कृषि विभाग + GENXAI (USA)



कृत्रिम वर्षा की प्रक्रिया

- पूरे प्रयोग का डेटा रिकॉर्ड किया जाएगा और यदि सफल रहा, तो 1 माह तक कृत्रिम वर्षा की जाएगी।
- **नोट:** देश में पहली बार क्लाउड सीडिंग 1951 में टाटा फर्म की ओर से केरल के पश्चिमी घाट पर करवाई गई।

जोधपुर में पहली स्क्वाड्रन को मिले 3 अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टर

- हेलिकॉप्टर AH64- E अपाचे की स्क्वाड्रन जोधपुर मिलट्री स्टेशन पर तैनाती होगी।
- इस स्क्वाड्रन में 6 हेलिकॉप्टर मिलेंगे, इनमें से 3 हेलिकॉप्टर की तैनाती जुलाई 2025 में होगी। शेष 3 हेलिकॉप्टरों का दूसरा बैच वर्ष के आखिर तक पहुंचेगा।

- आर्मी एविएशन कॉप्स ने मार्च, 2024 में जोधपुर में पहला अपाचे स्क्वाड्रन बनाया था।
- इसमे अपाचे के साथ जमीनी लड़ाई का सबसे घातक माने जाने वाला स्वदेशी रूद्र अटैक हेलिकॉप्टर भी होगा।
- ये दोनों एयर कैवलरी यानी टैंक व तोप के साथ जमीनी अटैक में पाकिस्तान से सटे वेस्टर्न फ्रंट को मजबूती प्रदान करेंगे।
- वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास 22 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर है, जो पाकिस्तान और चीन के मोर्चे पर तैनात हैं।

AH64- E अपाचे

- अपाचे हेलिकॉप्टर अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर है।

विशेषताएं

- सशस्त्र 30 मिमी ऑटोमैटिक चेन गन, जो 625 राउंड प्रति मिनट फायर करने में सक्षम।
- अधिकतम गति 365 किमी/घंटा, उड़ान रेंज 480 किमी।
- खोजबीन, जमीन पर हमला, और एंटी-टैंक ऑपरेशन्स के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन।
- हर मौसम और समय (दिन/रात) में संचालन करने की क्षमता।
- हवा से हवा और हवा से जमीन—दोनों तरह की मारक क्षमता।

कारगिल शौर्य वाटिका

- राजस्थान विधानसभा परिसर में 'कारगिल शौर्य वाटिका' बनाई जाएगी।
- यह वाटिका कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरता को समर्पित होगी।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी हरियाली अमावस्या के अवसर पर 1100 पौधे और सिंदूर का पौधारोपण कर शुभारंभ करेंगे।
- इस वाटिका में निम्नलिखित पौधों का रोपण होगा:
  1. सिंदूर
  2. एरिका पाम
  3. सॉन्गा ऑफ इंडिया
  4. किसना फाइकस
  5. क्रोटोन

जयपुर में मिस यूनिवर्स इंडिया 2026-27 की मेजबानी

- मिस यूनिवर्स इंडिया 2026-27 का आयोजन जयपुर में किया जाएगा।
- इसे भारत 24 और ग्लैमानंद एंटरटेनमेंट की संयुक्त साझेदारी में आयोजित किया जाएगा।
- इस साझेदारी के अंतर्गत भारत 24 के चेयरमैन डॉ. जगदीश चंद्र को मिस यूनिवर्स इंडिया फैशन वर्टिकल का सीईओ नियुक्त किया गया है।

राजस्थान के 5 शहरों में हवाई सेवा का प्रस्ताव

- राजस्थान सरकार ने **5 शहरों माउंट आबू, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और श्री गंगानगर** में राज्य में हवाई पर्यटन हेतु प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है।
- इसमें हेलिकॉप्टर पर्यटन, जॉय राइड और सी-प्लेन सेवाओं की शुरुआत की संभावनाएं शामिल हैं।
- इसके अलावा राजस्थान के उदयपुर, कोटा (चंबल), बांसवाड़ा और टोंक (बीसलपुर) जैसे क्षेत्रों में जल निकायों के कारण सी-प्लेन सेवाओं की संभावना भी हैं।
- नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री: गौतम कुमार दक

सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित करने का प्रस्ताव

- केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव ने रामसर कॉप 15- सम्मेलन (जिम्बाब्वे) में सिलीसेढ़ झील, अलवर को रामसर साइट घोषित करने का प्रस्ताव रखा।
- प्रस्ताव स्वीकृत होने पर सिलीसेढ़ झील को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के रूप में मान्यता प्राप्त होगी।
- वर्तमान में भारत में 91 रामसर साइटें हैं, जो एशिया में सबसे अधिक हैं।
- नोट: हाल ही में राजस्थान की खीचन (फलौदी) और मेनार (उदयपुर) झीलों को भी रामसर स्थल घोषित किया गया है।

राजस्थान का पहला खनिज उद्यान

- यह उद्यान जयपुर जिले के जोबनेर तहसील के बस्सी जाजडा ग्राम पंचायत अंतर्गत बामनियावास गाँवमें विकसित किया जा रहा है।
- यह 11 हेक्टेयर चारागाह भूमि पर विकसित हो रहा है।
- इसे राजस्थान स्मॉल माइंस चेजा पत्थर लीज होल्डर एसोसिएशन एवं राजस्थान स्टोन क्रेशर संगठन के द्वारा विकसित किया जाएगा।
- योजना के तहत यह भूमि अगले सात वर्षों तक उपरोक्त संगठनों द्वारा विकसित व संरक्षित की जाएगी, जिसके पश्चात इसे स्थानीय पंचायत को सौंप दिया जाएगा।
- यह राज्य में खनन क्षेत्र से जुड़े किसी संगठन द्वारा विकसित किया जाने वाला पहला खनिज उद्यान होगा।

राजस्थान का पहला वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो

- खातीपुरा, जयपुर में राजस्थान का पहला वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव (मेंटेनेंस) डिपो विकसित हो रहा है।
- इस डिपो में 800–600 मीटर लंबी 8 रेल लाइनें बिछाई जा रही हैं, जहाँ मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग से जुड़ी आधुनिक मशीनरी लगाई जाएगी।
- यहाँ वंदे भारत के अलावा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का भी रख-रखाव किया जाएगा।

पुरस्कार एवं सम्मान

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में राजस्थान का प्रदर्शन

- इसमें इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने का गौरव हासिल किया।
- जयपुर ग्रेटर: 16वीं रैंक (पिछली बार 173वीं) (राजस्थान में प्रथम)
- जयपुर हेरिटेज: 20वीं रैंक (पिछली बार 171वीं)
- जयपुर ग्रेटर को वाटर प्लस, हेरिटेज को ODF प्लस प्लस की मान्यता मिली।

सुपर स्वच्छ लीग-स्मॉल सिटी श्रेणी (50-20 हजार जनसंख्या):

- डूंगरपुर: देश में प्रथम स्थान मिला
- 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों को सम्मानित शहरों में -20 50 हजार की आबादी वाली श्रेणी में राजस्थान के डूंगरपुर को भी सम्मानित किया गया।
- **नोट:** डुंगरपुर को पाँचवी बार स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- **जयपुर ग्रेटर को राजस्थान राज्य का प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर का पुरस्कार** मिला ।
- राजस्थान के शहरी विकास एवं स्थानीय स्वशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा ने इन पुरस्कारों को प्राप्त किया।
- **अन्य शहरों की रैंकिंग (3 लाख से 10 लाख आबादी):**
    - उदयपुर: 13वीं
    - बीकानेर: 48वीं
    - जोधपुर नॉर्थ: 56वीं
    - जोधपुर साउथ: 63वीं



- 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में राजस्थान का बूंदी तीसरे स्थान पर रहा।
- राजस्थान के 240 नगरीय निकायों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश ने पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन किया।
- राजस्थान के ODF प्लस प्लस शहरों की संख्या 17 से बढ़कर 38 हुई।
- राजस्थान के 4 शहरों उदयपुर, राजाखेड़ा, जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज को कचरा मुक्त शहर के लिए थ्री स्टार रेटिंग प्रदान की गई।
- अमृत योजना के अंतर्गत **जयपुर के ढेलावास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को शहरी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में श्रेष्ठ प्रथाओं में** चुना गया।

महत्वपूर्ण तथ्य

- स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में इंदौर ने आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है।
- इस बार असाधारण प्रदर्शन के लिए लॉन्च की गई नई 'सुपर स्वच्छ लीग में 23 शहर शामिल किए गए।
- 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर के बाद सूरत दूसरा और नवी मुंबई तीसरा रहा।
- 'स्वच्छ शहर' श्रेणी में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अहमदाबाद पहले स्थान पर रहा। भोपाल दूसरे, लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा।

'एक जिला एक उत्पाद' में राजस्थान को राष्ट्रीय सम्मान

- वर्ष 2024 के नेशनल **'एक जिला एक उत्पाद' (ODOP)** अवार्ड समारोह का आयोजन भारत मंडपम में किया गया।
- इसमें 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर 'कांस्य शील्ड' से सम्मानित किया गया।
- यह अवॉर्ड राज्य श्रेणी में दिया गया।
- राजस्थान की ओर से यह पुरस्कार संयुक्त आयुक्त पी.एन. शर्मा ने प्राप्त किया।

सुहानी शाह को 'बेस्ट मैजिक क्रिएटर' अवॉर्डमिला

- भारत की प्रसिद्ध मेंटलिस्ट और जादूगरनी सुहानी शाह को इटली में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ मैजिक (FISM 2025) में 'बेस्ट मैजिक क्रिएटर' से सम्मानित किया गया।
- इस वैश्विक प्रतियोगिता को "जादू का ओलंपिक" भी कहा जाता है।
- FISM (Fédération Internationale des Sociétés Magiques) द्वारा इस वर्ष ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई श्रेणी शुरू की गई थी।
    - इसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जादू को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया।
- **सुहानी शाह को इस नई श्रेणी में 'बेस्ट ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर' अवॉर्ड** प्रदान किया गया।

सुहानी शाह

- जन्म: 29 जनवरी 1990, उदयपुर, राजस्थान
- पहला मंच प्रदर्शन: 1997, अहमदाबाद के ठाकोर भाई देसाई हॉल में, उम्र सिर्फ 7 वर्ष
- सुहानी माइंड रीडर, कॉर्पोरेट ट्रेनर, और लाइफ कोच है।
- ऑल इंडिया मैजिक एसोसिएशन ने उन्हें 'जादू परी' की उपाधि दी है।

शाहपुरा हवेली को विरासत संरक्षण में गोल्ड पुरस्कार

- राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित "टूरिज्म स्टेट अवॉर्ड्स" समारोह में शाहपुरा हवेली को सतत नेतृत्व – विरासत संरक्षण श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार पर्यटन प्रमुख सचिव राजेश यादव और पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार द्वारा अधिराज शाहपुरा को प्रदान किया गया।

डॉ. धीरज सिंह को राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार 2025

- काजरी (CAZRI) के प्रधान वैज्ञानिक एवं एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभाग के प्रमुख डॉ. धीरज सिंह को राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के 97वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के महानिदेशक: डॉ. मांगीलाल जाट।

राजस्थान के 2 सांसदों को संसद रत्न अवॉर्ड 2025

- राजस्थान से 2 सांसद मदन राठौड़ (राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष) तथा पाली के सांसद पी.पी. चौधरी को 27 जुलाई 2025 को इस वर्ष संसद में उनके प्रभावशाली योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों का चयन किया गया ।
- यह चयन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली जूरी समिति द्वारा किया गया।
- ये पुरस्कार प्राइम पॉइंट फाउंडेशन द्वारा 2010 में शुरू किए गए।
- सांसदों का मूल्यांकन संसद में उपस्थिति, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने की संख्या, और महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने जैसे मापदंडों पर किया गया।

2 पर्यावरणविद को अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार

- डॉ. गौरीशंकर शर्मा और गोविंद भारद्वाज को 'अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार' से सम्मानित किया।
- डॉ. गौरीशंकर शर्मा पिछले 20 वर्षों से वन्यजीवों की देखभाल में सक्रिय हैं और अब तक 180 नीलगाय के बच्चों का पालन कर चुके हैं।
- गोविंद भारद्वाज ने 3,267 नीलगाय, 3,000 से अधिक मोर, 300 बंदर, और +800 पक्षियों की चिकित्सा कर उन्हें जीवनदान दिया है।

खनन कंपनियों को स्टार रेटिंग सम्मान

- केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में माइनिंग कंपनियों को सम्मानित किया।
- वर्ष 2023-24 के प्रदर्शन के आधार पर देश की 98 माइनिंग कंपनियों को सम्मानित किया गया।
- इनमें से 3 कंपनियों को 7-स्टार और 95 कंपनियों को 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई।
- राजस्थान की **9 खानों को मूल्यांकन में 5-स्टार रेटिंग**प्रदान की गई।

स्टार रेटिंग योजना

- यह योजना केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 में शुरू की गई।
- **उद्देश्य:** खनन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी, जिम्मेदार और टिकाऊ वातावरण तैयार करना।
- इस योजना के तहत सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता दी जाती है।
- हर वर्ष माइनिंग कंपनियों का उनके वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है।

विभिन्न समझौते/MoUs

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और NIC के बीच एमओयू

- राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के बीच 15 जुलाई 2025 को महत्वपूर्ण समझौता हुआ।
- उद्देश्य: विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एकीकृत पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराना।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री: श्री अविनाश गहलोत

लघु उद्योग भारती और CSIR में तकनीकी सहयोग हेतु MoU

- राजस्थान में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए लघु उद्योग भारती और CSIR के बीच समझौता हुआ है।
- इसके तहत विदेशी क्वालिटी के उत्पादों का ट्रायल CSIR में किया जाएगा।
- CSIR के सहयोग से सफल परीक्षणों के बाद उत्पादों का निर्माण राजस्थान में ही किया जाएगा।
- राज्य के उद्यमी लघु उद्योग भारती के माध्यम से CSIR-CEERI की सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे।

बीज गुणवत्ता के लिए राजफेड के बीच एमओयू

- राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफेड) नेभारतीय बीज सहकारी समिति और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स के साथ 9 जुलाई 2025 को समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- उद्देश्य:किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना, जैविक उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देना और कृषक समूहों की बाजार तक पहुंच बढ़ाना।
- डिजिटल स्वास्थ्य शिक्षा हेतु आरयूएचएस और कोइटा फाउंडेशन के बीच एमओयू
- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS), जयपुर और मुंबई स्थित कोइटा फाउंडेशन के बीच 24 जुलाई 2025 को डिजिटल हेल्थ फाउंडेशन कोर्स (DHFC) शुरू करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों को डिजिटल तकनीकों की जानकारी देना और उन्हें इनके प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षित करना है।
- डिजिटल हेल्थ फाउंडेशन कोर्स में निम्न विषय शामिल किए गए हैं:
  - o स्वास्थ्य सूचना प्रणाली
  - o इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (EMRs)
  - o टेलीमेडिसिन
  - o पब्लिक हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स
  - o पर्सनल हेल्थ टेक्नोलॉजी
  - o आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)

राजफेड-NCEL के बीच एमओयू

- राजस्थान राज्य कय विक्रय सहकारी संघ लिमिटेड (राजफेड) और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) के बीच 14 जुलाई 2025 को समझौता हुआ।
- इससे राज्य की सहकारी समितियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँच मिलेगी और उन्हें निर्यात क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलेगा।

पृष्ठभूमि:

- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर 3 बहु-राज्यीय सहकारी समितियाँ गठित की हैं।
- राजफेड को इन समितियों के लिए राज्य की नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- इससे पहले राजफेड का भारतीय बीज सहकारी समिति और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के साथ भी एमओयू हो चुका है।

खेल

मार्तंड रैनाः ईस्ट बंगाल से खेलने वाले राजस्थान के पहले फुटबॉलर

- मार्तंड रैना इंडियन सुपर लीग (ISL) की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़ने वाले राजस्थान के पहले फुटबॉलर बन गए हैं।
- वे पहले राजस्थान यूनाइटेड एफसी में मिडफिल्डर के रूप में खेल चुके हैं।
- ईस्ट बंगाल ने उन्हें ₹1 करोड़ की डील के तहत तीन वर्षों के लिए साइन किया है।

उमा चौधरी ने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

- राजस्थान उमा चौधरी (CISF हेड कांस्टेबल) ने विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स 2025 में जेवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 30 जून से 6 जुलाई तक बर्मिंघम में आयोजित हुई थी।
- उमा चौधरी जोधपुर एयरपोर्ट पर तैनात हैं।
- इस प्रतियोगिता में CISF की टीम ने कुल 64 पदक जीते।

श्रीकृष्ण वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग में स्वर्ण पदकजीता

- श्रीकृष्ण वर्माने इंडो-नेपाल इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में बॉक्सिंग के अंडर-16 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। इससे पहले वे दो बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स

- इसका आयोजन बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में 11-12जुलाई 2025 को किया गया।
- **आयोजकः** भारतीय पैरालंपिक कमेटी द्वारा आयोजित।
- इसके राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल 21 पदक जीते।
  - इसमें 5 स्वर्ण, 6 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल है।

स्वर्ण पदक विजेताः

1. **डॉ. जगवीर सिंहः**T53 कैटेगरी, 5000 मीटर व्हीलचेयर दौड़
   - 2 कांस्य पदक भी जीते: 800 मीटर और 100 मीटर व्हीलचेयर दौड़
2. सुंदर सिंह गुर्जर (F46 कैटेगरी, भाला फेंक)
3. खुशबू गिल (F20 कैटेगरी, गोला फेंक)
4. महेंद्र गुर्जर (F42 कैटेगरी, भाला फेंक)
5. प्रवीण (F46 कैटेगरी, गोला फेंक)

रजत पदक विजेताः

1. प्रियंका (F37 डिस्कस थ्रो)
2. सुनील कुमार साहू (T38 लंबीकूद)
3. सुमन (F44 गोला फेंक)
4. संदीप चौधरी (F44 कैटेगरी, भाला फेंक)
5. अर्जुन जांगिड़ (T46 कैटेगरी, लंबी कूद)
6. सुनील साहू (T38 कैटेगरी, 400 मीटर दौड़)

कांस्य पदक विजेताः

1. जनक सिंह हर्षाना (F11 डिस्कस थ्रो)
2. दुर्गा गहलोत (F32 क्लब थ्रो)
3. सुनेत्रा (T200 35 मीटर दौड़)
4. जीवनी (F42 गोला फेंक)
5. ठाकराराम मेघवाल (T100 42 मीटर दौड़)
6. बंटी जांगिड़ (T44 कैटेगरी, ऊंची कूद)
7. जगवीर सिंह (T53 कैटेगरी, 100 मीटर व्हीलचेयर दौड़)
8. विक्रम मीना (T46 कैटेगरी, 1500 मीटर दौड़)

- इसमें राजस्थान के महेंद्र गुर्जर ने पैरा जेवलिन थ्रो में F42 श्रेणी में अपने ही वर्ल्ड रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।
- महेंद्र, देवेन्द्र झाझड़िया और सुंदर गुर्जर के बाद राजस्थान के तीसरे एथलीट हैं, जिन्होंने इस स्पर्धा में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- वे जयपुर जिले के दूदू तहसील के सखून गांव से हैं।

एशियन जूडो कपः तानिया राठौर को स्वर्ण, बबनूर को कांस्य

- चाइनीज ताइपे में आयोजित कैडेट और जूनियर एशियन जूडो कप में राजस्थान की तानिया राठौर ने कैडेट वर्ग में 40 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने ताइपे की बू रुई यून को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।
- वहीं, 90 किग्रा से अधिक भार वर्ग में बबनूर सिंह बराड़ ने दक्षिण कोरिया के किम क्यू नाजमीन को हराकर कांस्य पदक जीता।
- दोनों खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (बिहार) में भी राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीते थे।

प्रो कबड्डी सीजन 12: जयपुर में होगा दूसरा चरण

- प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की शुरुआत 29 अगस्त 2025 से होगी।

- इसका दूसरा चरण 14 सितंबर से जयपुर में आयोजित किया जाएगा।
- राजस्थान की जयपुर पिंक पैंथर्स टीम पहले सीजन की चैम्पियन रही थी। इसके अलावा सीजन 9 में भी विजेता बनी थी।
- **प्रो कबड्डी सीजन 11 की विजेता:**हरियाणा स्टीलर्स।
- राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष: तेजस्वी सिंह गहलोत

राजस्थान से शामिल खिलाड़ी (सीजन 12)

1. सचिन तंवर – पुणेरी पलटन (राजस्थान के सबसे महंगे खिलाड़ी)
2. जयभगवान – तेलुगु टाइटंस
3. महिपाल – बेंगलुरु बुल्स
4. लोकेश घोसालिया – यू मुम्बा
5. मंजीत – बंगाल वारियर्स
6. गंगाराम – यूपी योद्धा
7. नितिन – जयपुर पिंक पैंथर्स
8. रोहित बेनीवाल – तमिल थलाइवास

राष्ट्रीय तलवारबाजी: राजस्थान की शाहनूर ने स्वर्णपदक जीता

- नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित मिनी (U-12) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में राजस्थान की शाहनूर अली ने स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने सेबर इवेंट के फाइनल मेंकेरल की सरली सागर लागू को 10-7 से हराया।
- राजस्थान तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष: गौहर एफ.के. सूरी।

एशिया कप वुशू 2025: राजस्थान की 3 खिलाडियों ने पदक जीते

- जिलिन, चीन में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित एशिया कप वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान की खिलाड़ियों ने 3 पदक जीते।
  1. महक शर्मा (75 किलो) – रजत पदक
  2. जाह्नवी मेहरा (56 किलो) – कांस्य पदक
  3. नीतिका बंसल (65 किलो) – कांस्य पदक

एशियन यूथ गेम्स 2025: राजस्थान के 5 खिलाड़ियों का चयन

- राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप, रोहतक (हरियाणा) में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान के 5 खिलाड़ियों को एशियन यूथ गेम्स (बहरीन, अक्टूबर 2025) के लिए चुना गया है।
  1. मुदित गुप्ता (जयपुर)
  2. विधी शर्मा (जयपुर)
  3. मोहिनी सामरिया (जयपुर)
  4. दिनेश (श्रीगंगानगर)
  5. हर्षिता (जालोर)

पवन कुमावत का वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में चयन

- राजस्थान के पवन कुमावत (जयपुर) का चयन थाईलैंड में 16 से 19 जुलाई तक होने वाले वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में किया गया है।
- वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 76 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- पवन ने हाल ही में हरियाणा में आयोजित सीनियर स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भी पदक जीता था।

स्क्वैश: गौरवी अजमेरा ने ईस्टर्न चैलेंजर में जीता खिताब

- राजस्थान की 9 वर्षीय स्क्वैश खिलाड़ी गौरवी अजमेरा (जयपुर) ने कोलकाता में आयोजित ईस्टर्न चैलेंजर 2025 चैंपियनशिप में गर्ल्स अंडर-11 वर्ग का खिताब जीता।
- उन्होंने फाइनल में अंशिका कुमारी को 11-6, 11-8, 12-10 से हराया।
- इस प्रतियोगिता में जयपुर के युवान वर्मा ने बॉयज अंडर-11 वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया।

गौरवी अजमेरा ने स्क्वैश टूर्नामेंट में जीता खिताब

- राजस्थान के जयपुर की युवा स्क्वैश खिलाड़ी गौरवी अजमेरा ने तेलंगाना स्क्वैश ओपन टूर्नामेंट में अंडर-9 मिक्स्ड कैटेगरी का खिताब अपने नाम किया।
- यह प्रतियोगिता हैदराबाद के सिकंदराबाद क्लब में आयोजित की गई।
- इसके फाइनल में गौरवी ने अबीर रूपेरिया को सीधे सेटों में 11-8, 11-5, 11-6 से पराजित किया।

वुशू एशिया कप के लिए राजस्थान की तीन खिलाड़ियों का चयन

- एशिया कप वुशू प्रतियोगिता चीन के जिलिन में आयोजित होगी।
- इसमें भारत की ओर से तीन राजस्थानी महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।
  1. जह्नावी मेहरा – 56 किग्रा
  2. नीतिका बंसल – 65 किग्रा
  3. महक शर्मा – 75 किग्रा
- जह्नावी और नीतिका ने वर्ष 2024 में मकाऊ में आयोजित 10वीं एशियन वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीते है।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष: हीरानंद कटारिया।

अश्विनी बिश्नोई ने एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता

- राजस्थान अश्विनी बिश्नोई (17 वर्षीय) ने वियतनाम में आयोजित सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। ।
- अश्विनी लगातार तीन बार एशियन सब जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली महिला पहलवान बन गई हैं।
- फाइनल मुकाबले में उन्होंने चीन की पहलवान को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।
- उन्हें इसी चैंपियनशिप की मिट्टी स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।
- उन्होंने 2023 में जॉर्डन, अम्मान में अंडर-15 वर्ग और 2024 में वहीं अंडर-17 वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता था।

अंडर18- यूथ नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता–राजस्थान ने रजत पदक जीता

- उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित पहली अंडर18-नेशनल चैंपियनशिप में राजस्थान की बालिका टीम ने रजत पदक जीता।
- राजस्थान को हरियाणा की टीम ने फाइनल में हराया।
- **राजस्थान बालिका टीम:** निकिता, लक्षिता, अक्षिता, पलक, कृष्णा, ज्योति, आईना, मोनिका, खुशबू, मनीषा, मोना, टीना, निर्मला और ज्योति रावत।
- राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष: तेजस्वी सिंह गहलोत।

वर्ल्ड पुलिस गेम्स: कचनार चौधरी और दिलीप कुमार ने स्वर्ण पदक जीते

- राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिलीप कुमार मालव ने अमेरिका में चल रहे वर्ल्ड पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीते।
- ये वर्ल्ड पुलिस गेम्स अलाबामा स्टेट के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 7 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे हैं।
- कचनार ने डिस्कस थ्रो में भी रजत पदक जीता है। इस तरह उन्होंने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में 2पदक जीते।
- इन गेम्स के लिए राजस्थान पुलिस से कुल 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ था।
- झालावाड़ के दिलीप कुमार मालव ने कराटे में स्वर्ण पदक जीता।

कृष्ण शर्मा ने विश्व पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीता

- बर्मिंघम (अमरीका) में आयोजित विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2025 में राजस्थान पुलिस के सब इंस्पेक्टर कृष्ण शर्मा ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीता।
- कृष्ण शर्मा ने मंगोलिया के मुक्केबाज को हराकर यह स्वर्ण पदक जीता।

छगन लाल मीणा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में स्वर्ण पदक जीता

- राजस्थान पुलिस के हेड कांस्टेबल छगन लाल मीणा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 (अमेरिका) में 77 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

श्याम सुंदर ने टीम स्पर्धा में एशियाई पैरा तीरंदाजी में रजत पदक

- बीजिंग में आयोजित एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत की कंपाउंड टीम ने रजत पदक जीता।
- इस टीम में बीकानेर (राजस्थान) के तीरंदाज श्याम सुंदर स्वामी और राकेश कुमार की जोड़ी थी।
- फाइनलमैच में मेज़बान चीन के खिलाफ एक कड़े मुकाबले में भारतीय टीम 157-156 से हारी।

राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान को तीसरा स्थान

- हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम में 1 से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता (बालक-बालिका वर्ग) में राजस्थान की टीम ने 20 पदक जीते।
- इसमें 07 स्वर्ण, 09 रजत और 04 कांस्य शामिल हैं।
- प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान ओवरऑल टीम चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहा।
- शानशु बालक वर्ग में राजस्थान ने 02 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

32वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप 2025

- दक्षिण कोरिया के जिम सिहोंग-सी में आयोजित प्रतियोगिता में भारत ने कुल 7 पदक (2 स्वर्ण, 2 रजत, 3 कांस्य) जीतकर सबसे सफल टीम का दर्जा हासिल किया।
- भारतीय टीम की कोच: सुरभि मिश्रा (जयपुर)

स्वर्ण पदक	रजत पदक	कांस्य पदक
1. आर्यवीर दीवान (अंडर-17 बॉयज़) 2. अनाहत सिंह (अंडर-19 गर्ल्स)	1. अयान धानुका (अंडर 13- बॉयज़) 2. सान्वी कलंकी (अंडर15- गर्ल्स)	1. अनिका दुबे (गर्ल्स अंडर-17) 2. आर्यमन सिंह (बॉयज़ अंडर-15) 3. अमर्य बजाज (बॉयज़ अंडर-13)

- इसमें राजस्थान के 3 खिलाडियों दिव्यांशी जैन, प्रभव बाजोरिया, और सुभाष चौधरी ने भाग लिया। हालांकि ये पदक जीतने में असफल रहे।

मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाडियों ने 8 पदक जीते

- राजस्थान के वुशू खिलाड़ी विहानराज ने मास्को में आयोजित मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता।
- इसके साथ ही राजस्थान के 4 खिलाड़ियों ने रजत और 4 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते। राजस्थान के खिलाडियों ने इस चैम्पियनशिप में कुल 8 पदक जीते।
- स्वर्ण पदक: विहानराज सक्सेना (45 किलो)।
- रजत पदक: सुनील (65 किलो), तनवी दाधीच (39 किलो), नीलम चौधरी (लॉन्ग वेपन), ऋषभ परिहार (ट्रेडिशनल इवेंट)।
- कांस्य पदक: नीलम चौधरी (ट्रेडिशनल ननक्वान), छवि चौधरी (75 किलो), अमित चौधरी (90 किलो)।
- जयपुर की नीलम चौधरी ने 2025 वुशू वर्ल्ड चैंपियनशिप (रूस) में 1 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 2 पदक जीते।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष: हीरानंद कटारिया

राजस्थान की 3 महिला खिलाड़ी भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में चयनित

- राजस्थान की मानवी श्रीवास्तव, सोनल महला और यशिका सिंह का चयन भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में हुआ है।
- ये तीनों खिलाड़ी जर्मनी में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेंगी।

वुशु एशियन कप में राजस्थान की खिलाडियों ने 3 पदक जीते

- चीन के जिलिन शहर में आयोजित वुशू सांडा एशियन कप 2025 में राजस्थान की 3 महिला खिलाडियों ने पदक जीते।

नाम	पदक
महक शर्मा (बूंदी)	रजत
निकिता बंसल (श्रीगंगानगर)	कांस्य
जान्हवी मीणा (जयपुर)	कांस्य

- नोट: महक शर्मा ने इस वर्ष नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी मीट राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते।

तनिष्क पारीक का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयन

- राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र तनिष्क पारीक का चयन भारतीय टीम में हुआ है।
- वह16 से 27 जुलाई तक जर्मनी में होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेंगे।
- तनिष्क ताइक्वांडो (पूमसे इंडिविजुअल) इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- इससे पहले उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीता था.

ऑल इंडिया IPSC चेस प्रतियोगिता

- इंदौर में आयोजित अंडर19- ऑल इंडिया IPSC चेस प्रतियोगिता में **राजस्थान की खिलाडियों ने 2 पदक जीते**।
- **स्वर्ण पदक:** आशी उपाध्याय (रेटिंग 1784)।
- **रजत पदक:** नंदिनी शर्मा (रेटिंग 1474)।

51वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता

- इसका आयोजन 3-7 अगस्त 2025 तक अहमदाबाद के नारायणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा।
- इसमें राजस्थान की 17 सदस्यीय टीम भाग लेगी।
- टीम में बॉयज़ ग्रुप-1 से 4, ग्रुप-2 से 3, गर्ल्स ग्रुप-1 से 6 और ग्रुप-2 से 4 खिलाड़ी शामिल हैं।
- राजस्थान के खिलाड़ी कुल 20 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।
- पिछले वर्ष भुवनेश्वर में आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते थे।
- राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष: अनिल व्यास।

मोहिनी सिंह–भारतीय निशानेबाजी टीम में चयनित

- राजस्थान की मोहिनी सिंह ने हाल ही में भारतीय निशानेबाजी टीम में स्थान बनाया है।
- मोहिनी अब एशियन शूटिंग चैंपियनशिप (कजाकिस्तान) और वर्ल्ड कप 2025 (नई दिल्ली) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

शूटिंग वर्ल्ड कप 2025 में राजस्थान के 5 खिलाडी चयनित

- इसका आयोजन सितंबर 2025 में चीन में होगा।
- इसमें राजस्थान के 5 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे:

खिलाड़ी	स्पर्धा
दिव्यांश सिंह पंवार	10 मीटर एयर राइफल, मिक्स्ड टीम
अमित शर्मा	10 मीटर एयर पिस्टल, मिक्स्ड टीम
भावेश	25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल
प्रदीप शेखावत	25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल
मानिनी कौशिक	50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशन (3P)

IISF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप 2025 (11वां संस्करण)

- आयोजन 24 सितंबर - 2 अक्टूबर 2025 भारत में नई दिल्ली में किया जाएगा।
- राजस्थान के 4 युवा निशानेबाज जूनियर वर्ग में भाग लेंगे:

खिलाड़ी	स्पर्धा
यशस्वी राठौड़	स्कीट, मिक्स्ड टीम
उद्धव सिंह राठौड़	ट्रैप जूनियर
मोहिनी सिंह	10 मीटर एयर पिस्टल
अभिनव चौधरी	25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025: राजस्थान के 35 निशानेबाज भारतीय टीम में चयनित

- कजाकिस्तान के सिमकेत शहर में 16 से 30 अगस्त के बीच आयोजित होने वाली एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के लिए राजस्थान के 35 खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया है।
- पहली सूची में 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जबकि दूसरी सूची में 11 और खिलाड़ियों को जोड़ा गया।

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में राजस्थान के 9 खिलाड़ी चयनित

- जर्मनी के बर्लिन और अन्य चार शहरों में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में राजस्थान के 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।
- इसके अलावा पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राम कुमार गहलावत को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।
- डॉ. रीना पूनिया भारतीय प्रतिनिधिमंडल में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में शामिल हुई।
- इस वैश्विक आयोजन में 150 से अधिक देशों के 8500 से अधिक एथलीट भाग लेंगे।

पवन कुमावत ने वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में कांस्य पदक जीता

- थाइलैंड में आयोजित 12वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग सीनियर टूर्नामेंट में राजस्थान के पवन कुमावत ने कांस्य पदक जीता।
- पवन कुमावत ने 76 किलोग्राम भार वर्ग में 125 किलोग्राम वज़न उठाया।
- वर्ल्ड सैंबो बीच चैंपियनशिप में राजस्थान के कुलदीप भारतीय टीम में चयन

वर्ल्ड सैंबो बीच चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 4 अगस्त, 2025 तक सिंगापुर में किया जाएगा।

- जयपुर के मार्शल आर्ट खिलाड़ी कुलदीप सिंह मोकावत का चयन आगामी वर्ल्ड सैंबो बीच चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।
- वे इस प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष 71 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कृष्णा नागर ने आयरिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में 2 कांस्य पदक जीते

- कृष्णा नागर ने कार्डिफ में आयोजित आयरिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में एकल और मिक्स्ड डबल्स में 2 कांस्य पदक जीते।
- कृष्णा नागर ने नित्य श्री सिवान के साथ मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक जीते।
- कृष्णा नागर पैरा ओलिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता रहे है।

विविध

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में सदस्यों की संख्या में वृद्धि

- राजस्थान लोक सेवा आयोग में 3 नए सदस्य पद स्वीकृत किए गए हैं।
- इससे आयोग में सदस्यों की संख्या 7 से बढ़कर 10 हो जाएगी।
- यह निर्णय आयोग की कार्य क्षमता को सुदृढ़ करने और समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु लिया गया।
- इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम, 1974 के विनियम-3(1) में संशोधन किया जाएगा।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के अध्यक्ष: **उत्कल रंजन (U.R.) साहू**।

देश की पहली 'बाल निगम सभा'

- देश की पहली बाल निगम सभा का आयोजन 15 अगस्त 2025 को जयपुर (राजस्थान) में होगा।
- इस पहल का आयोजन नगर निगम हेरिटेज, फ्यूचर सोसायटी और डिजिटल बाल मेला के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।
- यह पहल बच्चों को नागरिक प्रक्रियाओं से जोड़ने और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास है।

सदा आगे प्रोजेक्टः स्वदेशी गोला-बारूद का परीक्षण

- भारतीय सेना ने जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 'सदा आगे प्रोजेक्ट' के तहत स्वदेशी गोला-बारूद का सफल परीक्षण किया।
- यह परीक्षण सेना और रक्षा अनुसंधान संगठनों की संयुक्त पहल है।
- **उद्देश्यः**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में रक्षा उत्पादन को स्वदेशी बनाना और आयातित गोला-बारूद पर निर्भरता कम करना।
- इस परियोजना में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी है।

काजरी ने 46 साल बाद कृषि जलवायु जोन में किया संशोधन

- केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) ने 46 वर्षों बाद राजस्थान के कृषि जलवायु क्षेत्रों (एग्रो क्लाइमेटिक ज़ोन) का नया वर्गीकरण किया है।
- हालांकि जोन की संख्या 10 ही बनी रही, परन्तु कई जिलों की स्थिति में बदलाव किया गया है।
- यह अध्ययन पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डी.वी. सिंह द्वारा किया गया और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को रिपोर्ट सौंपी गई है।
- इस संशोधन से कृषि नीति, फसल चक्र, सिंचाई योजनाएं व एमएसपी खरीद नीति में व्यापक बदलाव की संभावना है।

पुराने बनाम नए एग्रोक्लाइमेटिक जोन

जोन	पुराने क्षेत्र / जिले	नए प्रमुख जिले
पश्चिमी शुष्क क्षेत्र	बाड़मेर, जोधपुर का कुछ हिस्सा	बाड़मेर, जालोर
सिंचित क्षेत्र	श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़	श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़
शुष्क कुछ सिंचित	बीकानेर, जैसलमेर, चूरू	बीकानेर, चूरू
आंतरिक ड्रेनेज ड्राईजोन	नागौर, सीकर, झुझुनूं	सीकर, झुझुनूं, जयपुर
लूणी बेसिक क्षेत्र	जालोर, पाली, सिरोही	अजमेर, पाली, सिरोहीशहर, रेवदर, शिवगंज
शुष्क व अर्द्ध शुष्क क्षेत्र	नया जोन	जोधपुर, नागौर, जैसलमेर
बाढ़ प्रभावित क्षेत्र	अलवर, धौलपुर, करौली, भरतपुर, स. माधोपुर	इन 5 जिलों के अलावा टोंक व अजमेर भी शामिल
उप नमी युक्त क्षेत्र	उदयपुर, सिरोही, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़	उदयपुर, भीलवाड़ा, चितौड़ राजसमंद, सिरोही का केवल आबू रोड व पिंडवाड़ा शामिल
नमी युक्त क्षेत्र	डूंगरपुर, बांसवाड़ा	डूंगरपुर, बांसवाड़ा
नमी युक्त हाड़ौती	कोटा, झालावाड़, बारां, बूंदी	कोटा, बारां, बूंदी व झालावाड़ के अलावा प्रतापगढ़ शामिल

प्रमुख निष्कर्षः

- बीकानेर, अब जैसलमेर से अधिक रेगिस्तानी माना गया।
- टोंक व दौसा अर्द्ध शुष्क क्षेत्र से निकल कर बाढ़ प्रभावित जोन में शामिल हुए।
- जयपुर को सीकर व झुझुनूं के साथ आंतरिक प्रवाह जोन में डाला।
- सिरोही दो जोन में बंटा, अब यहां मक्का क्षेत्र की अनुशंसा हो सकेगी।
- उदयपुर व चितौड़गढ़ चावल वाले क्षेत्र से निकल गए।
- नर्मदा नदी आने के कारण बाड़मेर-जालोर में एक जैसा क्लाइमेट, गोड़वाड़ से अलग किया।
- हाड़ौती क्षेत्र में प्रतापगढ़ जुड़ गया, यहां सरसों, सोयाबीन, ज्वार की खेती होगी।
- अत्यधिक सूखा प्रभावित क्षेत्र जैसलमेर को अब जोधपुर और नागौर के साथ नए क्लस्टर में जोड़ा गया है।

दो नई सरसों की किस्मों को मिला राष्ट्रीय मान्यता

- **भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर द्वारा विकसित** की गई सरसों की दो उन्नत किस्मों—**'भारत सरसों-7' और 'भारत सरसों-8'**को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी।
- ये किस्में अब देश के 12 राज्यों में खेती के लिए स्वीकृत हैं।
- इन्हें भौगोलिक व जलवायु स्थितियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

विशेषता	भारत सरसों- 7	भारत सरसों- 8
प्रकार	वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त	अधिक तापमान और नमी सहनशील
पकने की अवधि	जल्दी पकने वाली	मध्यम अवधि में तैयार होती है
अनुशंसित राज्य	बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़	पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर
जलवायु अनुकूलता	कम सिंचाई और वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए आदर्श	मौसम में उतार-चढ़ाव को सहन करने में सक्षम
लाभ / विशेषता	कम लागत, अधिक उपज, उच्च तेल प्रतिशत	उच्च तेल प्रतिशत, ब्यावसायिक खेती के लिए उपयुक्त

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 हेतु समितियों की घोषणा

- 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) का आयोजन नवंबर 2025 में राजस्थान के जयपुर में होगा।
- इसमें 28 खेलों का आयोजन संभावित है।
- इनमें पहली बार वाटर स्पोर्ट्स जैसे रोइंग, कयाकिंग-केनोइंग को भी शामिल किया गया है।

आयोजन/कोऑर्डिनेशन समिति	एग्जीक्यूटिव समिति
• इसमें कुल 19 सदस्य होंगे। • अध्यक्ष: राजस्थान के मुख्यमंत्री। • को-चेयरपर्सन: भारत सरकार के खेल मंत्री। • सदस्य: राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय ओलंपिक संघ, साई और AIU के प्रतिनिधि।	• इसमें कुल 29 सदस्य होंगे। • चेयरपर्सन: राजस्थान के मुख्य सचिव • को-चेयरपर्सन: भारत सरकार के खेल सचिव • सदस्य: विभिन्न विभागों के सचिव, डीजीपी, होस्ट और को-होस्ट यूनिवर्सिटियाँ, खेल संघों के प्रतिनिधि। • यह समिति आयोजन की निगरानी और सुपरविजन करेगी।

केकड़ी, सांचौर, नीमकाथाना और शाहपुरा फिर से नगरपालिका बने

- राजस्थान सरकार ने 4 शहरों केकड़ी, सांचौर, नीमकाथाना, शाहपुरा (भीलवाड़ा) का नगर परिषद का दर्जा हटाकर उन्हें फिर से नगरपालिका घोषित किया।
- राजस्थान के स्वायत्त शासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।
- इसका कारण वर्तमान सरकार ने इन स्थानों को जिला दर्जा नहीं देना है, जो नगर परिषद बनने के लिए एक शर्त है।
- इसके अतिरिक्त अनूपगढ़ का भी नगर परिषद दर्जा समाप्त कर नगरपालिका बना दिया गया।
- लालगढ़ जाटान को शहरी से ग्रामीण क्षेत्र में पुनः वर्गीकृत किया गया।

ऑपरेशन हेलीबॉर्न–भारतीय सेना का युद्ध अभ्यास

- जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की दक्षिणी कमांड द्वारा युद्धाभ्यास किया गया।
- यह हाई इंटेंसिटी युद्धाभ्यास था, जिसमें युद्ध के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक परीक्षण किया गया।
- इस अभ्यास में मॉडर्न हथियारों, सर्जिकल स्ट्राइक तकनीकों और आतंकी गतिविधियों के उन्मूलन की रणनीतियों को शामिल किया गया।
- यह एक बहुस्तरीय सैन्य अभ्यास था, जिसमें यथार्थवादी स्थितियों में सैनिकों की क्षमताओं को परखा गया।

SIR कार्यक्रम: राजस्थान में भी होगा लागू

- बिहार में मतदाता सूचियों से अपात्र नाम हटाने के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) को अब राजस्थान में भी लागू किया जाएगा।

- इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में सचिवालय में एक बैठक आयोजित की गई।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध करना और पारदर्शिता लाना है, ताकि प्रत्येक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सके।

राजस्थान भू-जल प्राधिकरण विधेयक: 21 सदस्यों की प्रवर समिति गठित

- राजस्थान भू-जल (संरक्षण एवं प्रबंधन) प्राधिकरण विधेयक, 2024 के लिए 21 विधायकों वाली सबसे बड़ी प्रवर समिति बनाई गई है।
- इसका अध्यक्ष कन्हैयालाल चौधरी को बनाया गया है।

यूएई का 3 लाख करोड़ का निवेश: राजस्थान में 60,000 मेगावाट ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट

- राजस्थान में अक्षय ऊर्जा में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) द्वारा किए जाने वाले 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश किया जाएगा।
- इस निवेश के तहत 60,000 मेगावाट क्षमता के सौर और पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स स्थापित किए जाएंगे।
- यह समझौता यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवाइदी और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच हुआ, और जयपुर में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- राजस्थान की विशिष्टता: प्रति वर्गमीटर 5.72 यूनिट वार्षिक सौर उत्पादन क्षमता, जो देश में सर्वाधिक है।

राजस्थान में 74,000 करोड़ रुपए के कंप्रेस्ड बायो गैस प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड

- राजस्थान में खेतों के वेस्ट और नेपीयर घास (हाथी घास या युगांडा घास) से गैस बनाई जाएगी।
- इस हेतु कंप्रेस्ड बायो गैस (CBG) के क्षेत्र में 74,000 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए हैं और इनमें रिलायंस समूह का 58,000 करोड़ का प्रोजेक्ट भी शामिल हैं।
- इन प्रोजेक्ट्स का रजिस्ट्रेशन राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम में कराया गया है।
- इससे प्रदेश में ग्रीन एनर्जी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही अन्य लोकल उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी।
- इसके तहत कंप्रेस्ड बायो गैस उत्पादन के लिए नेपीयर घास का उपयोग किया जाएगा।
- यह उत्पादन आंधप्रदेश मॉडल की तर्ज पर किया जाएगा।
- **नोट:** आंध्रप्रदेश देश में पहला राज्य है, जिसने नेपीयर घास से गैस उत्पादन हेतु जमीन रेंटल लीज पर दी है।

RCDF--PDCS ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ

- जयपुर के ग्राम दादिया में आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) की PDCS ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रणाली की शुरुआत की।
- इस पोर्टल के माध्यम से अब राज्यभर में 15 या उससे अधिक दुग्ध उत्पादक, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (PDCSS) का ऑनलाइन गठन कर सकते हैं।
- यह पहल श्वेत क्रांति 2.0, 'सहकार से समृद्धि' और 'सहकार से विस्तार' अभियानों के अंतर्गत की गई है।

यमुना जल परियोजना में राजस्थान से ₹95 करोड़ की राशि स्वीकृत

- राजस्थान सरकार ने यमुना बेसिन क्षेत्र में चल रहे बांध निर्माण कार्यों के लिए अपनी हिस्सेदारी से ₹95 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।
- यह राशि रेणुकाजी बांध (हिमाचल प्रदेश) और लखवार बांध (उत्तराखंड) के निर्माण कार्यों में सहयोग के रूप में दी जाएगी।
- राजस्थान को यमुना जल परियोजना से वर्षभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
- परियोजना का लाभ चूरू, सीकर, झुझुनूं जिलों तक पहुंचेगा।
- यमुना बेसिन क्षेत्र में तीन प्रमुख बांध निर्माणाधीन हैं – जिनमें रेणुकाजी, लखवार, और एक अन्य शामिल हैं।
- वर्तमान में रेणुकाजी और लखवार बांधों का कार्य प्रगति पर है।

सम्मेलन, बैठक, महोत्सव

सहकार एवं रोजगार उत्सव

जयपुर जिले के ग्राम दादिया में 17 जुलाई 2025 को आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि रहे।

-

मुख्य कार्यक्रम और घोषणाएं:

- **माइक्रो एटीएम वितरण:** दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2346 माइक्रो एटीएम वितरित किए गए।
- **वित्तीय सहायता:** गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1400 लाभार्थियों को लगभग ₹12 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया।
- **भंडारण और आउटलेट्स का उद्घाटन:** विश्व की वृहत अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत निर्मित 24 गोदामों और श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण किया गया।
- **डिजिटल पहल:** श्वेत क्रांति 2.0 के अंतर्गत पीडीसीएस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई।
- **पुलिस वाहनों का संचालन:** थानों, सशस्त्र बलों, ट्रूप कैरियर और प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए 100 नए पुलिस वाहनों को रवाना किया गया।
- **नोट:** वर्ष 2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया गया है।

संभाग स्तरीय सहकार मेलों का आयोजन

- वर्ष 2025 में राजस्थान में **पहली बार जोधपुर, कोटा और उदयपुर में** संभाग स्तरीय सहकार मेलों का आयोजन होगा।
- इसके अलावा राज्य में **'म्हारो बैंक, म्हारो खातो'** अभियान के अंतर्गत डेयरी समितियों के खाते सहकारी बैंकों में खोले जा रहे हैं।
- सहकारी क्षेत्र में **राजस्थान की पहली 'को-ऑप राइड' (बाइक ऑन रेंट सेवा)** का हाल ही में उदयपुर से शुभारम्भ हुआ।

- **नोट:** वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया गया है।
- राजस्थान के सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार): श्री गौतम कुमार दक
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री: श्री अमित शाह

हरित भारत एक्सपो

- राजस्थान में हरित भारत एक्सपो का पहला आयोजन 25 से 27 जुलाई 2025 को कोटा में हुआ।
- इस कार्यक्रम में रिन्युएबल एनर्जी कंपनियां, ई-वाहन तकनीक, सेवा प्रदाता, उपकरण और मशीनरी का प्रदर्शन किया गया।
- यह सोलर संगठन भारत की पहल है।
- इसके बाद राज्य के सभी संभाग मुख्यालयों पर हरित भारत एक्सपो आयोजित किया जाएगा।
- इस अभियान का उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार की हरित ऊर्जा नीतियों की जानकारी देना और व्यावसायिक अवसरों को प्रदर्शित करना है।

तीज उत्सव – 2025

- राजस्थान में 28–27 जुलाई, 2025 को त्रिपोलिया गेट, जयपुर में तीज उत्सव और तीज मेले का आयोजन पौंड्रिक पार्क, जयपुर में किया गया
- जयपुर में तीज के अवसर पर युवतियाँ और विवाहित महिलाएँ देवी "तीज माता" की शोभायात्रा निकालती हैं।
- देवी की प्रतिमा को भव्य साड़ी और अन्य आभूषणों से सजाया जाता है।
- धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह दिन देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन का प्रतीक है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर द्वारा नैनो जिंक तकनीक से 2 उत्पाद विकसित

- नैनो जिंक तकनीक पर आधारित दो नए उत्पाद रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर में विकसित किए गए है।
- इस तकनीक का विकास रक्षा प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार जैन द्वारा किया गया।
- इन्हें मरुधरा पेंट्स एंड पॉलिमर, जोधपुर के तकनीकी सहयोग से तैयार किया गया है।
- इन उत्पादों को वस्त्र मंत्रालय के तहत आने वाली वूलन रिसर्च एसोसिएशन से प्रमाणन भी प्राप्त हुआ है।

1. फैब्रिक सॉफ्टनर

- यह सॉफ्टनर कपड़े धोने के बाद उन्हें न केवल मुलायम बनाता है, बल्कि लंबे समय तक वायरस, बैक्टीरिया और फंगस जैसे संक्रमण से भी सुरक्षित रखता है।
- यह मशीन वॉश, हाथ से धोने और स्प्रे के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- अस्पतालों, रेलवे, होटलों और स्कूलों जैसे अधिक संपर्क वाले स्थानों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी है।

2. सरफेस कोटिंग (पेंट)

- यह सतह पर लगाने वाला विशेष पेंट है, जो दीवारों, दरवाज़ों, फर्नीचर और अन्य सतहों को कम से कम 5 वर्षों तक संक्रमण से बचा सकता है।
- दोनों उत्पाद नैनो जिंक तकनीक पर आधारित हैं, जिसमें जिंक को 10 से 20 नैनोमीटर तक के सूक्ष्म कणों में बदला गया।

रिपोर्ट एवं इंडेक्स

पीएम कुसुम योजना में राजस्थान अग्रणी राज्य बना

- प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते राजस्थान देशभर में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।
- राज्य में अब तक कुल 1,305 मेगावाट क्षमता के 684 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।
- इनमें से पिछले एक वर्ष में ही 592 संयंत्र, जिनकी कुल क्षमता 1,190 मेगावाट है, शुरू किए गए।

इस योजना के कंपोनेंट के आधार पर राजस्थान की उपलब्धि निम्नलिखित है:

कंपोनेंट-एः

- इसमें अधिकतम 2 मेगावाट तक के ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र लगाने की अनुमति है।
- राजस्थान ने इस घटक के तहत 457 मेगावाट क्षमता के 354 संयंत्र स्थापित किए हैं, जिससे **राज्य देश में पहले स्थान पर** है।

कंपोनेंट-सीः

- इसमें 5 मेगावाट तक की क्षमता के संयंत्र लगाए जा सकते हैं।
- इस घटक में **राजस्थान देशभर में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर** है।
- इस घटक में अब तक राजस्थान में 848 मेगावाट क्षमता के 330 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।
- केंद्र सरकार इसके लिए प्रति मेगावाट अधिकतम 1.05 करोड़ रुपये (यानी कुल लागत का 30%) तक की सहायता देती है।
- संयंत्रों को ग्रिड सब-स्टेशन से अधिकतम 5 किमी के दायरे में स्थापित करना अनिवार्य है।

डिस्कॉमवार प्रदर्शन

- कुसुम योजना में राजस्थान में जोधपुर डिस्कॉम में 997.50 मेगावाट (पहले स्थान पर), जयपुर डिस्कॉम में 169.22 मेगावाट तथा अजमेर डिस्कॉम में 137.33 मेगावाट की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।
- केंद्र सरकार ने अब तक राजस्थान को घटक-ए और सी के अंतर्गत 5,500 मेगावाट क्षमता और 4 लाख सोलर पंपों का लक्ष्य प्रदान किया है।
- **नोटः** पहले घटक-ए का क्रियान्वयन राज्य के अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा किया जाता था।
  - 23 जुलाई 2024 से केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, अब दोनों घटकों (ए और सी) का क्रियान्वयन प्राइवेट कंपनियों को सौंपा गया है।
- **नोटः** राजस्थान ने पीएम कुसुम योजना को राज्य की फ्लैगशिप योजना के रूप में शामिल किया है।

अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान पुनः पहले स्थान पर

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान देश में सर्वाधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता के साथ प्रथम स्थान पर है।

कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता (मेगावाट में):

1. राजस्थानः 37,818 मेगावाट
2. गुजरातः 37,494 मेगावाट

सौर ऊर्जा क्षमता	पवन ऊर्जा क्षमता
1.राजस्थानः 31,967 मेगावाट	1.गुजरातः 13,816 मेगावाट
2.गुजरातः 21,451 मेगावाट	2.तमिलनाडुः 11,830 मेगावाट
3.महाराष्ट्रः 12,575 मेगावाट	3.कर्नाटकः 7,714 मेगावाट
	4.महाराष्ट्रः 5,307 मेगावाट
	5. राजस्थानः 5,208 मेगावाट

'परख' सर्वेक्षण में राजस्थान का प्रदर्शन

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'परख राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण 2024' में राजस्थान ने कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थियों की पठन-पाठन और विषयगत समझ के मामले में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है।
- कक्षा 3 के भाषा ज्ञान में राजस्थान का औसतः 70% (राष्ट्रीय औसतः 64%)
- गणित में राजस्थानः 66% (राष्ट्रीय औसतः 60%)
- ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी शहरी विद्यार्थियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।
- बालिकाओं ने सभी कक्षाओं और विषयों में बालकों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो लैंगिक समानता और गुणवत्ता में सुधार का संकेत है।

जयपुर जिला 'गिव अप' अभियान में शीर्ष पर

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र लाभार्थियों को स्वेच्छा से सूची से नाम हटवाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे राजस्थान में 'गिव अप अभियान' संचालित किया जा रहा है।
- इस अभियान के अंतर्गत जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है, जहाँ अब तक 1,92,272 अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाया है।

खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वे लोग अपात्र होंगे:

- जिनके किसी सदस्य की नौकरी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी या स्वायत्तशासी संस्था में नियमित है।
- जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख रुपये से अधिक है।

- जिनके किसी सदस्य को 1 लाख से अधिक की पेंशन प्राप्त होती है।
- जो आयकरदाता हैं या निजी चौपहिया वाहन के मालिक हैं।

विश्व के शीर्ष पर्यटन स्थलों में जयपुर पांचवें स्थान पर

- राजस्थान जयपुर ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन शहरों की सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।
- यह रैंकिंग इंटरनेशनल ट्रैवल मैगजीन "ट्रैवल + लीज़र" द्वारा कराए गए 2025 के'वर्ल्ड्स बेस्ट अवॉर्ड्स' सर्वेक्षण के आधार पर दी गई है।
- जयपुर को 91.33 अंक के साथ "आइकॉनिक ग्लोबल डेस्टिनेशन" की श्रेणी में शामिल किया गया है।
- सर्वेक्षण में जयपुर को इसकी राजसी हवेलियों, भव्य होटलों, ऐतिहासिक धरोहरों, पारंपरिक हस्तशिल्प, सांस्कृतिक विविधता और रंगीन त्योहारों के कारण एक "अवश्य देखने योग्य शहर" के रूप में बताया गया है।

टॉप 5 पर्यटन शहर (2025)
1.सैन मिगेल डे अलेन्दे, मैक्सिको
2.चिआंग माई, थाईलैंड
3.टोक्यो, जापान
4.बैंकॉक, थाईलैंड
5.जयपुर, भारत

ध्वनि प्रदूषण: जयपुर देश के सबसे शोरगुल वाले शहरों में चौथे स्थान पर

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर को भारत के सबसे अधिक ध्वनि प्रदूषित शहरों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके अनुसार मुरादाबाद 114 डेसीबल के साथ पहले, कोलकाता दूसरे और आसनसोल तीसरे स्थान पर हैं, जबकि दिल्ली पांचवें स्थान पर है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 53 डेसीबल से अधिक ध्वनि स्तर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानी जाती है।
- जयपुर के क्षेत्रों में शोर का स्तर 73.8 डेसीबल तक दर्ज किया गया।

खाद्य सुरक्षा योजना संबंधी आँकडे

- राजस्थान में 51 लाख नए लाभार्थी शामिल किए गए है।
- इसमें खाद्य सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी चयन किया जाएगा।
- इस हेतु प्रक्रिया सरल और सहज की गई है तथा घर बैठे आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

'गिव अप' अभियान

- राजस्थान में 22 लाख लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा।

खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को -4in1- लाभ

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना**
  - » प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम निःशुल्क खाद्यान्न
- **मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना**
  - » परिवार के लिए ₹10 लाख तक का निःशुल्क दुर्घटना बीमा कवर
- **मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना**
  - » परिवार को ₹450 प्रति सिलेंडर की दर से वर्ष में 12 गैस सिलेंडर
- **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA-YOJANA)**
  - » परिवार का निःशुल्क पंजीकरण और ₹25 लाख तक का निःशुल्क इलाज

ग्राहक संतुष्टि सर्वे 2025

- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने जनवरी-जून 2025 के लिए देशभर के 60 एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की संतुष्टि का सर्वे किया।
- इसमें भोपाल, उदयपुर और खजुराहो संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे।
- इस सर्वे में पार्किंग, ग्राउंड ट्रांसपोर्ट, बैगेज कार्ट और कर्मचारियों का व्यवहार सहित कुल 33 मापदंडों को शामिल किया गया।
- इसमें असम का रूपसी एयरपोर्ट(स्कोर – 2.65 / 5) अंतिम स्थान पर रहा।

टॉप 5 एयरपोर्ट्स (अंक/5 में)

एयरपोर्ट	अंक
भोपाल	5.00
उदयपुर	5.00
खजुराहो	5.00
गया	4.99
जम्मू	4.98

रामाश्रय वार्डों से 20 लाख बुजुर्ग हुए लाभान्वित

- राजस्थान में मार्च 2024 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रामाश्रय वार्डों की शुरुआत की गई थी।
- इन वार्डों का उद्देश्य जिला और उप-जिला अस्पतालों में बुजुर्गों को समर्पित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

- इस अवधि में लगभग 20 लाख वृद्धजनों ने इन वार्डों का लाभ लिया है।
    - 18 लाख से अधिक बुजुर्गों ने ओपीडी सेवाओं का उपयोग किया।
    - 1.05 लाख से ज्यादा मरीजों को आईपीडी सेवाएं प्रदान की गईं।
    - लगभग 12.20 लाख लैब परीक्षण इन वार्डों के माध्यम से किए गए।
- इसमें प्रत्येक वार्ड में महिलाओं व पुरुषों के लिए 5-5 बेड आरक्षित हैं।
- नर्सिंग अलार्म सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण भी लगाए गए हैं ताकि आपात स्थिति में मरीज नर्सिंग स्टाफ से तुरंत संपर्क कर सकें।
- हर वार्ड में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो संचालन व प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाता है।
- इसके अलावा ओपीडी के लिए विशेष जीरियाट्रिक क्लिनिक भी स्थापित किए गए हैं।

राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में देश में शीर्ष पर

- राजस्थान ने मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के क्षेत्र में देश के कुल ब्लॉकों का 20 प्रतिशत से अधिक भाग के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- केन्द्रीय खनन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित वर्ष 2016 से अब तक कुल 500 मेजर मिनरल ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 103 ब्लॉक राजस्थान में आवंटित हुए हैं।
- अब तक जारी किए गए लाइसेंस में 77 माइनिंग लीज और 26 कंपोजिट लाइसेंस शामिल हैं।
    1. लाइमस्टोन ब्लॉक: 75
    2. आयरन ओरब्लॉक: 11
    3. बेस मेटल ब्लॉक: 5
    4. मैगनीज ब्लॉक: 3
    5. गोल्डब्लॉक: 2
    6. सिलियस अर्थ ब्लॉक:4
    7. पोटाश ब्लॉक: 2
    8. गारनेट ब्लॉक: 1
- जनवरी 2025 में केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आभा आईडी निर्माण में राजस्थान दूसरे स्थान पर

- राजस्थान सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप देने के प्रयासों के तहत अब तक 6 करोड़ 30 लाख से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं।
- इस सन्दर्भ में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।
- तकनीक के जरिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हेतु राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन लागू किया गया है।
- इसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं को ऑनलाइन और मिशन मोड में लाया जा रहा है।

पीएम-किसान योजना के पंजीकरण में राजस्थान तीसरे स्थान पर

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना के तहत किसानों के पंजीकरण के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।
- मार्च 2025 (पूर्व वित्तीय वर्ष) में राज्य ने पहले स्थान पर था, जबकि वर्तमान में यह तीसरे स्थान पर है।
- इसका राजस्थान में लक्ष्य 91,69,574 किसानों को पंजीकृत करना था, अभी तक 76,67,532 किसान (83.62 % लक्ष्य प्राप्ति) पंजीकृत हो चुके है
- इस योजना के तहत केंद्र सरकार हर चार महीने में ₹ 2000 DBT के माध्यम से किसान खातों में भेजती है। (वर्ष में ₹6000)
- वर्तमान में राजस्थान सरकार ने अतिरिक्त सहयोग के तहत कुल राशि बढ़ाकर ₹9000 कर दी।
- शीर्ष जिले:
- 1.डीडवाना-कुचामन
- 2.नागौर
- 3.गंगानगर
- नोट: इस सन्दर्भ में राजस्थान में बीकानेर अंतिम स्थान पर है।

नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान में करौली राजस्थान में पहले स्थान पर

- राजस्थान के आकांक्षी जिला करौली ने नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है।
- करौली को अभियान के छह प्रमुख संकेतकों में पूर्ण संतृप्ति प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।
- राज्य सरकार और नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से जुलाई से सितम्बर 2024 के बीच 5 आकांक्षी जिलों और 27 आकांक्षी ब्लॉकों में यह अभियान चलाया गया था,
- इसका उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, और आधारभूत संरचना जैसे 6 प्रमुख क्षेत्रों में पूर्ण संतृप्ति हासिल करना था।
- राज्य में 28 जुलाई को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के 5 जिलों और 23 ब्लॉकों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित जिले:

- स्वर्ण पदक (6 संकेतकों में संतृप्ति):करौली
- कांस्य पदक (4 संकेतकों में संतृप्ति):बारां, धौलपुर, जैसलमेर, सिरोही

सम्मानित ब्लॉक:

पदक	संकेतक	ब्लॉक / संख्या
स्वर्ण पदक	6 संकेतक	जायल (नागौर), रानी (पाली), खैरवाड़ा (उदयपुर)
रजत पदक	5 संकेतक	कुल 9 ब्लॉक
कांस्य पदक	4 संकेतक	कुल 8 ब्लॉक
ताम्र पदक	3 संकेतक	कुल 3 ब्लॉक

एप एवं पोर्टल

राजधरा पोर्टल पर खनन जानकारी उपलब्ध होगी

- राजस्थान के खान विभाग द्वारा खनन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी अब राजधरा पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- यह पोर्टल खनन नीलामी के लिए चिन्हित प्लॉट, उपलब्ध खनिज, और संबंधित जनहित की सूचनाएं प्रदान करेगा।
- पोर्टल को प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे अन्य विभागीय सूचनाएं भी आसानी से सुलभ होंगी।
- इस पोर्टल का विकास राजस्थान के खान विभाग और सूचना प्रोद्योगिकी विभाग (DOIT) द्वारा किया गया है।

2. राष्ट्रीय परिदृश्य

27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद बैठक

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10 जुलाई 2025 को रांची में 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद बैठक की अध्यक्षता की।
- पूर्वी परिषद में शामिल राज्यों में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।
- इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें अंतर-राज्यीय सहयोग, परिवहन, विकास व सुरक्षा शामिल रहे।
- इसमें संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, और केंद्रीय अधिकारियों ने भाग लिया।

भारत में क्षेत्रीय परिषद प्रणाली

- स्थापना की सिफारिशः पं. जवाहरलाल नेहरू (1956)
- कानूनी आधारः राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956
- **कुल परिषदें:**
  - 5 क्षेत्रीय परिषदें
  - 1 पूर्वोत्तर परिषद (1971 अधिनियम के तहत)
- **उद्देश्य:**
  - राज्यों के बीच सहयोग व समन्वय
  - राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना
  - क्षेत्रीय/भाषाई अलगाव की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण
- **नोटः** ये परिषदें सलाहकार निकाय हैं; इनकी सिफारिशें बाध्यकारी नहीं होतीं।
- सभी परिषदों के अध्यक्षः केंद्रीय गृह मंत्री

परिषद	सदस्य राज्य
उत्तर	हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, दिल्ली, लद्दाख, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर
मध्य	उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड
पूर्वी	बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल।
पश्चिमी	महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन-दीव व दादरा नगर हवेली
दक्षिणी	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी
पूर्वोत्तर परिषद	असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम

गुजरात में जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना प्रारंभ

- गुजरात, देश का पहला राज्य बन गया है जिसने "आदिवासी जीनोम अनुक्रमण परियोजना" की शुरुआत की।
- इसकी घोषणा राज्य के आदिवासी विकास मंत्री डॉ. कुबेर डिंडोर द्वारा गांधीनगर में की गई।
- इस परियोजना का क्रियान्वयन गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर (GBRC) द्वारा किया जाएगा।

उद्देश्य और विशेषताएँ:

- 17 जिलों के 2000 आदिवासी व्यक्तियों के जीनोम का अनुक्रमण।
- सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, कैंसर जैसे रोगों से जुड़े आनुवंशिक संकेतकों की पहचान।
- व्यक्तिगत दवा समाधान, प्रारंभिक हस्तक्षेप और संदर्भ जीनोम डेटाबेस का निर्माण।
- अत्याधुनिक जीनोमिक तकनीक, डेटा विश्लेषण और वैज्ञानिक समन्वय पर बल।

प्रभावः

- बीमारियों की समय पर पहचान और लक्षित उपचार संभव होगा।
- यह परियोजना नीति निर्माण, अकादमिक अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में समावेशन को बढ़ावा देगी।
- आदिवासी समुदायों की स्वास्थ्य स्थिति सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

यूपी विधानसभा बनेगी देश की पहली एआई-सक्षम निगरानी विधानसभा

- उत्तर प्रदेश विधानसभा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित निगरानी प्रणाली स्थापित की जाएगी।
- यह सिस्टम विधायकों की गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों पर नज़र रखने में सक्षम होगा।
- यह भारत की पहली विधानसभा होगी जहां ऐसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।
- इससे पूरा परिसर कवर किया जाएगा, और हर गतिविधि की रिकॉर्डिंग होगी।

महाराष्ट्रः पशुपालन और मुर्गीपालन को कृषि का दर्जा देने वाला देश का पहला राज्य

- महाराष्ट्र कैबिनेट ने 11 जुलाई 2025 को पशुपालन और मुर्गीपालन को कृषि गतिविधि के रूप में मान्यता दी।
- यह नीति परिवर्तन 3.7 करोड़ पशुपालक किसानों को सीधे लाभ पहुँचाएगा।
- परंपरागत रूप से कृषि नीतियाँ फसल उत्पादन पर केंद्रित रही हैं, जबकि पशुपालन को गौण माना गया।
- इस निर्णय से पशुपालकों को फसल उत्पादकों के बराबर अधिकार और सुविधाएँ मिल सकेंगी।

लाभ	विवरण
सस्ती बिजली	पोल्ट्री शेड, मछली तालाब और गोशाला को कृषि दर पर बिजली मिलेगी।
कर राहत	स्थानीय कर और प्रवेश शुल्क अब गैर-व्यवसायिक दर पर।
कृषि ऋण पात्रता	किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), देशमुख ब्याज राहत योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिलेगा।
सौर सब्सिडी	सौर पंप और उपकरणों पर अब सब्सिडी मिल सकेगी।

भारत का पहला मौसम डेरिवेटिव्स – NCDEX और IMD की पहल

- नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (NCDEX) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने भारत के पहले मौसम डेरिवेटिव्स शुरू करने के लिए समझौता किया है।
- यह वित्तीय नवाचार किसानों और मौसम-आधारित व्यवसायों को जलवायु जोखिमों से सुरक्षा देने के लिए शुरू किया गया है।
- **मौसम डेरिवेटिव्सः** यह वित्तीय उपकरण होते हैं जो मौसम की अनिश्चितताओं जैसे बारिश, लू या तूफानों से आर्थिक नुकसान की भरपाई में मदद करते हैं।
- NCDEX, IMD के विश्वसनीय डेटा के आधार पर वर्षा-आधारित फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट विकसित करेगा।
- ये कॉन्ट्रैक्ट स्थान-विशिष्ट और मौसम आधारित होंगे, जो खेती की वास्तविक परिस्थितियों को दर्शाएंगे।
- NCDEX (स्थापना: 2003): भारत का सबसे बड़ा कृषि कमोडिटी एक्सचेंज, जो कीमत निर्धारण और जोखिम प्रबंधन की सुविधा देता है।

भारत ने शुरू की दुनिया की पहली पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (TKDL)

- भारत ने हाल ही में Traditional Knowledge Digital Library (TKDL) को सार्वजनिक रूप से लॉन्च किया है।
- यह दुनिया का पहला डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक तकनीक (जैसे AI) के माध्यम से संरक्षित और सुलभ बनाता है।
- **उद्देश्यः**पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण और संवर्धन, बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा और भारत की चिकित्सा विरासत को वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ना।

विशेषताएँः

- AI आधारित वर्गीकरण और अनुवाद, पाँच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में (जैसे अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रेंच आदि)।
- मशीन लर्निंग, नाड़ी विश्लेषण, जीभ परीक्षण, और आयुर्जेनोमिक्स जैसे उन्नत विश्लेषण शामिल।

TKDL

- यह भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की संयुक्त परियोजना है।
- यह लाइब्रेरी भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैज्ञानिक तरीके से वर्गीकृत और दस्तावेज़ करती है।

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार सीधी भर्ती में आरक्षण लागू

- सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार अपने गैर-न्यायिक कर्मचारियों की सीधी भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण नीति लागू करने के लिए सर्कुलर जारी किया है।
- यह निर्णय मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई द्वारा अनुच्छेद 146(2) के तहत लिया गया और 1961 के सेवा नियमों में संशोधन किया गया।
- संशोधन के तहत SC, ST, OBC, दिव्यांगजन, पूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के लिए आरक्षण प्रदान किया जाएगा।
- रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट सहायक, चैंबर अटेंडेंट सहित अन्य पदों पर यह आरक्षण लागू होगा।
- सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 146 के तहत प्राप्त है, जो उसे स्वतंत्र रूप से अपने कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तें तय करने का अधिकार देता है, राष्ट्रपति की मंजूरी के अधीन।

भारत का पहला राष्ट्रीय स्तर का सहकारी विश्वविद्यालय

- गुजरात के आणंद में भारत की पहली राष्ट्रीय स्तर की सहकारी यूनिवर्सिटी "त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी (TSU)" स्थापित होगी।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 5 जुलाई 2025 को इसका भूमि पूजन और शिलान्यास किया।
- यह सहकारी क्षेत्र में क्षमता निर्माण और 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है।
- इसमेन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लचीले और बहुविषयक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे:
    - पीएचडी
    - प्रबंधकीय स्तर पर डिग्री
    - पर्यवेक्षक स्तर पर डिप्लोमा
    - संचालन स्तर पर प्रमाणपत्र
- देशभर में विषय-विशेष स्कूल और एक राष्ट्रीय नेटवर्क की स्थापना का लक्ष्य रखा है।
- इसके तहत अगले 5 वर्षों में लगभग 20 लाख सहकारी कर्मियों को प्रशिक्षित करने की योजना है।
- इसके अलावा 200 से अधिक सहकारी संस्थाओं को जोडकर राष्ट्रीय नेटवर्क विकसित किया जाएगा।
- इस यूनिवर्सिटी में अनुसंधान एवं विकास परिषद स्थापित होगी।
- यह परिषद ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी संस्थाओं हेतु नवाचार और किफायती तकनीकों पर कार्य करेगी।

गुजरात बना शेयर बाजार में एक करोड़ निवेशक वाला देश का तीसरा राज्य बना

- गुजरात भारत का तीसरा राज्य बन गया है जिसने एक करोड़ पंजीकृत शेयर बाजार निवेशकों का आंकड़ा पार कर लिया है।
- इससे पहले महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ही ऐसा कर चुके है।
- इन तीनों राज्यों का भारत के कुल निवेशक आधार में 36% योगदान है।
- मई 2025 तक भारत में कुल निवेशकों की संख्या 11.5 करोड़ के करीब पहुंच गई है।
- मई में ही 11 लाख नए निवेशक जुड़े, जो 4 महीने की गिरावट के बाद 9% की वृद्धि दर्शाता है।

एशियाई देशों की 23वीं OPCW क्षेत्रीय बैठक

- भारत ने 1 से 3 जुलाई 2025 तक नई दिल्ली में एशिया के देशों के राष्ट्रीय प्राधिकरणों की 23वीं क्षेत्रीय बैठक की मेजबानी की।
- यह बैठक रासायनिक हथियारों के निषेध संगठन (OPCW) द्वारा आयोजित की गई थी, जिसकी मेजबानी भारत के राष्ट्रीय रासायनिक हथियार सम्मेलन प्राधिकरण ने की।
- बैठक का उद्देश्य रासायनिक हथियार सम्मेलन (CWC) के प्रावधानों को लागू करने के लिए विभिन्न देशों के राष्ट्रीय प्राधिकरणों की क्षमता को मजबूत करना था।
- इस क्षेत्रीय बैठक में एशिया के 24 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

रासायनिक हथियारों के निषेध के लिए संगठन (OPCW)

- OPCW की स्थापना 1997 में हुई थी और यह 1992 के रासायनिक हथियार सम्मेलन के प्रावधानों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है।
- यह संगठन रासायनिक हथियारों के निर्माण, भंडारण, हस्तांतरण और उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाता है।
- विश्व के 193 देशों ने इस सम्मेलन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- संगठन का मुख्यालय नीदरलैंड के द हेग शहर में स्थित है।

क्रूज़ भारत मिशन के साथ औपचारिक रूप से जुड़ने वाला भारत का पहला राज्य

- गुजरात भारत का पहला राज्य बन गया है जो क्रूज़ भारत मिशन से आधिकारिक रूप से जुडा है।
- इसका उद्देश्य गुजरात में समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देना है।
- गुजरात के पास 2,340 किमी लंबा समुद्री तट है, जो भारत में सबसे बड़ा है, लेकिन अब तक वहां कोई समर्पित क्रूज़ टर्मिनल नहीं था।
- अब गुजरात भी मुंबई, कोचीन, चेन्नई और मुरमुगाओ जैसे बंदरगाहों की तरह क्रूज़ इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगा।

क्रूज़ भारत मिशन

- इसकी शुरुआत केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 30 सितंबर 2024 को की थी।
- **उद्देश्य:** भारत को 2029 तक वैश्विक क्रूज़ पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल करना।
- मिशन का लक्ष्य भारत में समुद्री क्रूज़ यातायात को दस गुना बढ़ाना है।

'TALASH' पहल

- यह 'राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सोसाइटी (NESTS)' द्वारा 10 जुलाई, 2025 को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) इंडिया के साथ साझेदारी में शुरू किया गया।

- यह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRS) में छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहयोग के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
- **TALASH:** Tribal Aptitude, Life Skills, and Self-Esteem Hub(आदिवासी योग्यता, जीवन कौशल एवं आत्म-सम्मान केंद्र)
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - छात्रों की रुचि, क्षमता और कौशल के आधार पर मार्गदर्शन प्रदान करना।
  - करियर चयन, जीवन कौशल, और आत्म-विश्वास को प्रोत्साहित करना।
  - छात्रों को NEP 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप सशक्त बनाना।
- इसके पहले चरण में 75 EMRSs के 189 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।
- दिसंबर 2025 तक इसे 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के सभी EMRSs में लागू किया जाएगा।

स्मार्ट मच्छर निगरानी प्रणाली (SMoSS)

- आंध्र प्रदेश में मानसून के दौरान मच्छरों की जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए AI-आधारित स्मार्ट मच्छर निगरानी प्रणाली (SMoSS) शुरू की गई है।
- यह प्रणाली विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, कुरनूल सहित 6 शहरों के 66 स्थानों पर पायलट रूप में लागू की गई है।
- SMoSSमें उपयोग की जा रही तकनीकों में शामिल हैं:
  - IoT आधारित निगरानी यंत्र।
  - ड्रोन के माध्यम से फॉगिंग और लार्वानाशक छिड़काव।
  - AI संचालित सेंसर द्वारा मच्छरों की प्रजाति, लिंग और संख्या का निर्धारण
- जब मच्छरों की संख्या एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाती है, तो AI आधारित अलर्ट सिस्टम स्वचालित रूप से फॉगिंग या कीटनाशक छिड़काव की प्रक्रिया शुरू करता है।
- SMoSS का उद्देश्य सटीक, डेटा-आधारित और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान प्रदान करना है ताकि डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम की जा सके।

गज मित्र योजना

- असम सरकार ने 10 जुलाई 2025 को गज मित्र योजना के कार्यान्वयन को मंज़ूरी दी।
- यह योजना राज्य के 8 मानव-हाथी संघर्ष प्रभावित जिलों में लागू होगी:
  - ग्वालपाड़ा, बक्सा, उदलगुड़ी, सोंतीपुर, नागांव, गोलाघाट, जोरहाट और विश्वनाथ
- उद्देश्य: हाथियों और स्थानीय समुदायों के बीच संघर्ष को कम करना है।
- इसमें सामुदायिक भागीदारी और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) कैमरों का उपयोग किया जाएगा।
- इसमें प्रभावित गाँवों में 8 सदस्यों की टीम बनाई जाएगी, जिन्हें हाथियों के व्यवहार को समझने और फसल की रक्षा के उपायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महाराष्ट्र: सार्वजनिक गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा

- महाराष्ट्र सरकार ने सार्वजनिक गणेशोत्सव को आधिकारिक राज्य उत्सव घोषित किया।
- इस उत्सव की शुरुआत 1893 में बाल गंगाधर तिलक ने की थी।
- **उद्देश्य:** लोगों को एकजुट करना, सांस्कृतिक गर्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना।
- इसके तहत राज्य सरकार अब सार्वजनिक आयोजनों से जुड़ा बुनियादी खर्च उठाएगी,
- पंडाल और पुलिस सुरक्षा जैसी व्यवस्था करेगी और आयोजकों को वित्तीय सहायता देगी।
- यह उत्सव महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता, स्वाभिमान और मराठी गौरव का प्रतीक माना गया है।

जैव-अर्थव्यवस्था नवाचार अभियान

- भारत ने 7 जुलाई 2025 को विश्व जैव उत्पाद दिवस पर जैव-अर्थव्यवस्था नवाचार अभियान का आयोजन किया।
- कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), BIRAC, और IBRIC+ द्वारा किया गया।
- उद्देश्य: 2030 तक 300 बिलियन डॉलर की जैव-अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में जन भागीदारी सुनिश्चित करना।

डिजी-लक्ष्मी योजना

- यह योजना **आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा**30 जून 2025 को शुरू की गई है।
- **उद्देश्य:** शहरी गरीब महिलाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता बनाना।
- यह योजना 9,034 कॉमन सर्विस सेंटर्स (CSC) की स्थापना के माध्यम से डिजिटल रोजगार और महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देगी।

- महिलाएं इन केंद्रों पर बिल भुगतान, प्रमाणपत्र, सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन जैसी 250+ सेवाएं प्रदान करेंगी।
- यह योजना "एक परिवार, एक उद्यमी (OF-OE)" पहल का हिस्सा है।
- **योग्यता:**केंद्र संचालन के लिए महिला की उम्र 21–40 वर्ष, स्थायी रूप से विवाहित, और कम से कम 3 साल से SHG सदस्य होना ज़रूरी हैतथा उन्हें स्नातक डिग्री और बुनियादी तकनीकी ज्ञान होना चाहिए।
- इसके तहत महिलाओं को MEPMA द्वारा प्रशिक्षण और ₹ 2 से ₹2.5 लाख तक का ऋण प्रदान किया जाएगा।

मशरेक: GIFT सिटी में पहला यूएई बैंक

- यूएई का मशहूर बैंक मशरेक, भारत की GIFT सिटी में शाखा खोलने वाला पहला यूएई बैंक बन गया है।
- बैंक को IFSCA (International Financial Services Centres Authority) से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त हुई है।
- मशरेक को यूएई के सेंट्रल बैंक और भारत की नियामक एजेंसियों से भी आवश्यक मंजूरियाँ मिल चुकी हैं।
- यह बैंक 2025 के अंत तक GIFT सिटी में अपना संचालन शुरू करेगा।
- GIFT सिटी गुजरात में स्थित भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र है, जहां कर राहत, आसान व्यापार और बेहतर समय क्षेत्र समन्वय जैसी सुविधाएं हैं।

हिमाचल प्रदेश: आधार-फेस ऑथ से राशन देने वाला पहला राज्य

- हिमाचल प्रदेश ने राशन वितरण के लिए फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली लागू की है, जो आधार से जुड़ी है।
- पहले यह काम OTP या बायोमेट्रिक के जरिए होता था, लेकिन तकनीकी समस्याओं की वजह से बाधाएँ थीं।
- फेस ऑथ सिस्टम से अब तेज और सटीक पहचान संभव हो गई है, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और पहुंच बेहतर होगी।

पहला आसियान-भारत क्रूज संवाद

- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 30 जून 2025 को चेन्नई बंदरगाह स्थित एमवी एम्प्रेस पर पहले आसियान-भारत क्रूज संवाद का उद्घाटन किया।
- यह संवाद भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
- कार्यक्रम में 10 आसियान देशों और तिमोर-लेस्ते के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- संवाद का उद्देश्य क्रूज कनेक्टिविटी और सतत पर्यटन पर चर्चा करना था।
- सागरमाला परियोजना के तहत वर्ष 2029 तक 10 लाख क्रूज यात्रियों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- भारत में क्रूज जहाज यात्राएं 2013–14 में 102 थीं, जो बढ़कर अब 14,000 से अधिक हो गई हैं।

NIPCCD का नाम सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान किया गया

- राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (NIPCCD) का नाम अब सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया।
- इसके अलावा 4 जुलाई 2025 को रांची, झारखंड में एक नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा।
- यह केंद्र झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए रहेगा।
- इसका उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण व सहायता प्रदान कर मंत्रालय के कार्यक्रमों को मजबूती देना है।

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान

- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- इसके क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में स्थित हैं।
- यह संस्था महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, दस्तावेज़ीकरण और क्षमता निर्माण का शीर्ष निकाय है।

'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान

- केंद्र सरकार ने युवाओं के नेतृत्व में मादक द्रव्यों के सेवन के विरुद्ध एक राष्ट्रीय आंदोलन 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' की शुरुआत की।
- यह पहल 19–20 जुलाई 2025 को वाराणसी में आयोजित युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के दौरान शुरू की गई।
- युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन में काशी घोषणापत्र अपनाया गया, जिसमें नशा उन्मूलन के लिए युवाओं की भूमिका और कार्य योजना का खाका प्रस्तुत किया गया।
- **नोट:** 2025 से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव को नया नाम "विकसित भारत युवा नेता संवाद"दिया गया। (प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित)

केरल का शिक्षा में नैतिक ए.आई. हेतु KITE मॉडल

- केरल सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में नैतिक एआई (Artificial Intelligence) के उपयोग का एक प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किया है। ऐसे करने वाला यह देश का पहला राज्य है।
- इसे KITE (Kerala Infrastructure and Technology for Education) के माध्यम से लागू किया गया।

प्रमुख पहलें:

- **शिक्षक प्रशिक्षण:** कक्षा 8–12 के80,000 शिक्षकों को नैतिक एआई, पूर्वाग्रह की पहचान और डेटा गोपनीयता पर प्रशिक्षित किया गया।
- **ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर:** 15,000 से अधिक स्कूलों में मुफ्त व ओपन-सोर्स तकनीक का उपयोग किया गया जिससे पारदर्शिता और पाठ्यक्रम अनुरूपता सुनिश्चित होती है।
- **लिटिल KITES आईटी क्लब:** ये क्लब छात्रों को एआई और रोबोटिक्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हैं। यूनिसेफ ने इसे वैश्विक श्रेष्ठ अभ्यास माना है।
- **समग्र प्लस एआई:** केरल ने अपना एआई आधारित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया है, जो स्थानीय संदर्भों और शिक्षण उद्देश्यों पर आधारित है।

मतदान केंद्र पर मतदाताओं की निश्चित संख्या वाला देश का पहला राज्य

- बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहाँ प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1,200 मतदाता ही होंगे।
- इससे पहले एक केंद्र पर 1,500 तक मतदाता मतदान कर सकते थे, जिसे अब 1,200 कर दिया गया है।
- इस निर्णय का उद्देश्य मतदान केंद्रों पर भीड़ कम करना और मतदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाना है।
- यह बदलाव मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया का हिस्सा है।

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट: 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना का गुजरात खंड (वापी से साबरमती) 2027 तक पूरा होगा और जबकि साबरमती से मुंबई तक का शेष कार्य 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रख गया है।

भारत का बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

- भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना, जिसे मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (MAHSR) कहा जाता है, देश की पहली उच्च गति रेल सेवा होगी। इस रूट की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है, जिसे यह ट्रेन सिर्फ तीन घंटे में तय करेगी।

संरचना और विशेषताएँ :-

- इस हाई-स्पीड रेल मार्ग पर अधिकतम गति 350 किमी/घंटा होगी।
- ट्रेन का लगभग 92% (468 किमी) ट्रैक एलिवेटेड (उन्नत) होगा।
- मार्ग में 70 हाईवे और 21 नदियाँ पार की जाएँगी।
- इसका 7 किमी का खंड समुद्र के नीचे से गुजरेगा — जो परियोजना की एक अनोखी विशेषता है।

तकनीक और सहयोग

- इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) द्वारा लागू किया जा रहा है।
- निर्माण में जापान की शिंकानसेन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिसे विश्व में सबसे विश्वसनीय और तेज़ ट्रेन तकनीकों में गिना जाता है।
- जापान की जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) इस परियोजना की कुल लागत का लगभग 80% वित्तपोषण कर रही है।
- भारत को 2026 तक जापान से दो शिंकानसेन ट्रेन सेट (E5 और E3 श्रृंखला) निःशुल्क प्राप्त होंगे।
- इनमें से E5 श्रृंखला की अधिकतम गति 320 किमी/घंटा है, जिसे प्रारंभिक चरण में इस रूट के लिए चुना गया है।

राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025

- यह नीति 24 जुलाई 2025 को केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च की गई।
- इसका ड्राफ्ट सुरेश प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय समिति ने तैयार किया।
- **उद्देश्य:** सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और इसे "सहकारिता के माध्यम से समृद्धि" के विचार से जोड़ना।
- यह नीति 2025–2045 तक लागू करने का लक्ष्य हैऔर देश की पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति 2002 की नीति का स्थान

मुख्य लक्ष्य

- प्रत्येक गांव में एक सहकारी संस्था की स्थापना।
- 2029 तक 2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का गठन।
- सभी राज्यों को 31 जनवरी 2026 तक अपनी राज्य सहकारी नीति बनाने का निर्देश।
- सहकारी संस्थाओं को अधिक आधुनिक, पारदर्शी, समावेशी और पेशेवर बनाना।
- प्रशिक्षण और संस्थागत व्यवस्था: त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (TSU), गुजरात: देश का पहला राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय।
- हर राज्य में कम से कम एक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान आवश्यक।

सहकारी क्षेत्र की परिभाषा: यह ऐसा संगठन है, जिसमें लोग स्वेच्छा से एकत्र होकर साझा आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जरूरतों को पूरा करते हैं।

पृष्ठभूमि	संवैधानिक प्रावधान (97वां संशोधन, 2011)
• 1904: सहकारी ऋण समितियों पर पहला कानून लागू। • 1912: गैर-ऋण समितियों को मान्यता। • 1951-2025: पंचवर्षीय योजनाओं में सहकारिता को प्रमुख भूमिका मिली। • 2021: केंद्र सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय की स्थापना।	• अनुच्छेद 19(1)(c): नागरिकों को सहकारी समितियाँ गठित करने का अधिकार। • भाग IX-B: सहकारी समितियों की प्रशासनिक और चुनावी संरचना का निर्धारण। • अनुच्छेद 43B: राज्य सरकारों को सहकारिता आधारित संगठनों की स्वायत्तता और व्यावसायिकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में निर्देश।

3. आर्थिक परिदृश्य

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PM-DDKY) को कैबिनेट की मंजूरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 16 जुलाई 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने PM-DDKY को मंजूरी दी।
- यह योजना 2025-26 से शुरू होकर छह वर्षों तक देश के 100 जिलों में लागू की जाएगी।
- यह नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम से प्रेरित है और यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित पहली विशिष्ट योजना है।

योजना के मुख्य उद्देश्य

- कृषि उत्पादकता को बढ़ाना।
- फसल विविधीकरण और संधारणीय कृषि को प्रोत्साहित करना।
- पंचायत और प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमताओं का विस्तार।
- सिंचाई सुविधाओं में सुधार।
- किसानों को दीर्घकालिक व अल्पकालिक कृषि ऋण की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- इसमें शामिल 100 जिले तीन प्रमुख संकेतकों पर आधारित होंगे:
    1. कम उत्पादकता
    2. कम फसल सघनता
    3. कम ऋण वितरण
- प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला शामिल किया जाएगा।
- जिलों का चयन शुद्ध फसल क्षेत्र और परिचालन जोत के हिस्से के आधार पर होगा।
- इस योजना का संचालन 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्य सरकारों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से किया जाएगा।
- राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर समितियाँ गठित की जाएंगी।
- जिला धन-धान्य समिति जिला योजना को अंतिम रूप देगी, जिसमें प्रगतिशील किसान भी सदस्य होंगे।
- इसमें 117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों की मासिक निगरानी डिजिटल डैशबोर्ड पर की जाएगी।
- प्रत्येक जिले में केंद्रीय नोडल अधिकारी भी नियमित समीक्षा करेंगे

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ELI) योजना

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई 2025 को **रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन**(Employment Linked Incentive -ELI) योजना को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना और विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।
- यह योजना 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित प्रधानमंत्री की 5 प्रमुख योजनाओं के पैकेज का हिस्सा है।
- इसका कुल बजट: ₹99,446 करोड़ है।
- योजना के तहत 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

योजना के दो प्रमुख भाग

भाग A: पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन	भाग B: नियोक्ताओं को प्रोत्साहन
• लाभार्थी: नए कर्मचारी जो पहली बार EPFO से जुड़ेंगे। • प्रोत्साहन: अधिकतम ₹15,000 (दो किस्तों में – पहली 6 माह की सेवा पर, दूसरी 12 माह व वित्तीय प्रशिक्षण के बाद)। • योग्यता: जिनकी वार्षिक आय ₹1 लाख तक है। • लाभार्थियों की अनुमानित संख्या: लगभग 1.92 करोड़ नए कर्मचारी। • इस राशि का एक भाग बचत खाते में जमा होगा ताकि बचत की आदत को बढ़ावा मिल सके।	• उद्देश्य: नए रोजगार सृजन के लिए कंपनियों को सहायता। **पात्रता:** • 50 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान: कम से कम 2 नए कर्मचारी नियुक्त करें। • 50 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान: कम से कम 5 नए कर्मचारी नियुक्त करें। • प्रोत्साहन अवधि: सामान्यतः 2 वर्ष, विनिर्माण क्षेत्र के लिए 4 वर्ष। **प्रोत्साहन राशि (प्रति कर्मचारी प्रति माह):** • नियोक्ता जो नए कर्मचारियों को कम से कम 6 महीने तक लगातार रोजगार देंगे, उन्हें ₹3,000 प्रति कर्मचारी प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। • ₹10,000 तक वेतन पर: अधिकतम ₹1,000 (आनुपातिक) • ₹10,001 - ₹20,000: ₹2,000 • ₹20,001 - ₹1,00,000: ₹3,000 • लाभार्थियों की अनुमानित संख्या: लगभग 2.60 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार।

- इस योजना से रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे, युवाओं को औपचारिक कार्यबल से जोड़ा जाएगा।
- इससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा।

अनुसंधान, विकास और नवाचार (RDI) योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई 2025 को ₹1 लाख करोड़ की अनुसंधान, विकास और नवाचार (RDI) योजना को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र को उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों—जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर्स और हरित ऊर्जा—में अनुसंधान एवं विकास के लिए प्रेरित करना है।
- इस योजना के अंतर्गत दीर्घकालिक वित्तीय सहायता कम या बिना ब्याज के उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस योजना को राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के तहत लागू किया जाएगा, जिसकी निगरानी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में की जाएगी।

प्रमुख विशेषताएं:

- **लक्ष्य:** उच्च तकनीकी परियोजनाओं में निजी निवेश को प्रोत्साहन, तकनीक का अधिग्रहण और व्यावसायीकरण, और रणनीतिक क्षेत्रों में नवाचार को समर्थन देना।

संरचना:

- **Tier 1:** एक विशेष प्रयोजन कोष (SPF) ANRF के तहत कार्य करेगा और निधियों को आवंटित करेगा।
- **Tier 2:** ये निधि प्रबंधक स्टार्टअप्स और कंपनियों को ऋण प्रदान करेंगे जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।
- **निगरानी:** योजना का संचालन सरकार और उद्योग के साझे मॉडल के रूप में होगा, और इसकी निगरानी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला गवर्निंग बोर्ड करेगा।

योजना का महत्व:

- स्टार्टअप्स और MSMEs के लिए जोखिम पूंजी उपलब्ध कराना।
- भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करना।
- 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को मजबूती देना।
- राष्ट्रीय Deep-Tech रणनीति और Vision 2047 के लक्ष्यों को साकार करना।
- यह योजना देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रक प्रोत्साहन योजना (PM E-DRIVE)

- भारत सरकार ने 12 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री ई-ड्राइव (PM E-DRIVE) पहल के तहत पहली इलेक्ट्रिक ट्रक प्रोत्साहन योजना शुरू की।
- इस योजना का उद्देश्य स्वच्छ, टिकाऊ और कार्बन-मुक्त माल परिवहन को बढ़ावा देना है।
- यह पहल भारत के 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण है।

प्रमुख विशेषताएं :-

- इस योजना में N2 और N3 श्रेणी के ई-ट्रक शामिल हैं।
  - N2 श्रेणी: 3.5 टन से 12 टन तक का सकल वाहन भार (GVW)
  - N3 श्रेणी: 12 टन से 55 टन तक का सकल वाहन भार
- इसमें प्रति ट्रक अधिकतम ₹9.6 लाख की सब्सिडी अग्रिम छूट (upfront discount) के रूप में दी जाएगी।
- यह योजना वायु गुणवत्ता सुधारने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और भारत के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगी।
- योजना के तहत कुल ₹100 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है।
- इसका लक्ष्य 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को प्रोत्साहित करना है।
  - इनमें से 1,100 ट्रकों की तैनाती दिल्ली में की जाएगी।
- यह योजना विशेष रूप से सीमेंट, स्टील, बंदरगाहों (पोर्ट्स) और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जहां भारी ट्रकों का उपयोग होता है।

ADEETIE योजना: MSMEs में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने की पहल

- **ADEETIE का पूरा नाम:** Assistance for Deployment of Energy Efficient Technologies in Industry Establishments.
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ₹1,000 करोड़ की लागत से शुरू की गई ADEETIE योजना का शुभारंभ किया।
- इसे विद्युत मंत्रालय द्वारा समर्थित और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के माध्यम से लागू किया जाएगा।
- यह योजना वित्तीय वर्ष 26-2025 से 28-2027 तक लागू रहेगी।
- उद्देश्य: MSMEs की ऊर्जा खपत को 30–50% तक कम करना, उत्पादन क्षमता बढ़ाना और हरित ऊर्जा गलियारों में योगदान देना।
- 14 ऊर्जा-गहन क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जैसे: रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्टील री-रोलिंग आदि।
- सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 5% तथा मध्यम उद्यमों को 3% ब्याज अनुदान के साथ ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी।

SPREE 2025 योजना

- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने 1 जुलाई 2025 को SPREE 2025 (नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना) को पुनः शुरू किया।
- इसका उद्देश्य कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।
- SPREE योजना पहली बार 2016 में शुरू की गई थी।
- SPREE 2025, 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक क्रियान्वित होगी।

प्रमुख विशेषताएँ:

- पात्र, अपंजीकृत नियोक्ता बिना निरीक्षण या पूर्व बकाया के डर के स्वेच्छा से पंजीकरण कर सकते हैं।
- ऑनलाइन पंजीकरण ESIC, श्रम सुविधा और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के पोर्टलों पर उपलब्ध है।
- इस अवधि में पंजीकरण करने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)

- स्थापना: 24 फरवरी 1952
- अधीनस्थ मंत्रालय: श्रम और रोजगार मंत्रालय
- मुख्यालय: नई दिल्ली
- कर्मचारी बीमा योजना (ESI) भारत की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना है।

जम्मू-कश्मीर में एकीकृत एक्वा पार्क प्रस्तावित

- केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के दूसरे चरण के तहत जम्मू-कश्मीर में ₹100 करोड़ की लागत से एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित करेगी।
- यह प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत स्वीकृत की गई।
- **उद्देश्य:** मत्स्य कृषि को बढ़ावा देना और ग्रामीण आजीविका और युवाओं की उद्यमशीलता को प्रोत्साहन।

- केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले के तारिन (जीरो) में भारत के पहले 'एकीकृत एक्वा पार्क' की स्थापना की गई है।
- एकीकृत एक्वा पार्क के तहत मत्स्य से जुड़ी तमाम योजनाओं को एक छत के नीचे संचालित किया जाएग। इसके तहत फिश प्रोसेसिंग यूनिट, होल सेल फिश मार्केट, फिश लैंडिंग सेंटर इत्यादि गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

विरुधुनगर (तमिलनाडु) में पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क स्वीकृत

- भारत सरकार ने विरुधुनगर, तमिलनाडु में PM MITRA योजना के तहत ₹1,900 करोड़ की लागत से मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है।
- इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण हब बनाना है।

बुनियादी ढांचा:

- 15 MLD ZLD ट्रीटमेंट प्लांट
- 10,000 बिस्तरों वाला छात्रावास
- 1.3 मिलियन वर्ग फीट तैयार औद्योगिक क्षेत्र
- परियोजना पूर्ण होने का लक्ष्य: 2026
- **उद्देश्य:** प्लग-एंड-प्ले फैक्ट्री सुविधाएं प्रदान करना, तकनीकी वस्त्रों और निर्यात-उन्मुख उत्पादन को बढ़ावा देना और टिकाऊ औद्योगिक विकास के लिए ZLD सिस्टम को अपनाना

पीएम मित्रा योजना

- **PM MITRA**:PM Mega Integrated Textile Region and Apparel.
- घोषणा: October, 2021
- समयावधि: 2021-22 से 2026-27
- नोडल मंत्रालय: वस्त्र मंत्रालय
- कुल बजट: ₹4,445 करोड़
- **उद्देश्य:** कपड़ा उत्पादन की पूरी श्रृंखला (जैसे स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, गारमेंट निर्माण आदि) को एकीकृत करना, लॉजिस्टिक्स लागत को घटाना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा योग्य कपड़ा उद्योग तैयार करना।
- यह योजना प्रधानमंत्री के '5F विज़न' — Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign — पर आधारित है, जो कृषि से लेकर वैश्विक निर्यात तक की पूरी वस्त्र मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करती है।
- देश के7 राज्यों में पार्क स्थापित किए जाएंगे:
  1.विरुधुनगर (तमिलनाडु)
  2.वारंगल (तेलंगाना)
  3.नवसारी (गुजरात)
  4.कलबुर्गी (कर्नाटक)
  5.धार (मध्य प्रदेश)
  6.लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
  7.अमरावती (महाराष्ट्र)
- इस पार्क का चयन प्रक्रिया चैलेंज मेथड पर आधारित है, जिसमें कनेक्टिविटी, मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र, नीति समर्थन और बुनियादी ढाँचा जैसे मापदंड शामिल हैं।

प्रमुख विशेषताएँ:

- ग्रीनफील्ड व ब्राउनफील्ड दोनों प्रकार की परियोजनाएं।
- ग्रीनफील्ड पार्क के लिए अधिकतम ₹500 करोड़ और ब्राउनफील्ड के लिए ₹200 करोड़ की सहायता।
- प्रत्येक पार्क के लिए ₹300 करोड़ की प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन राशि।
- SPV (विशेष प्रयोजन वाहन) का गठन केंद्र और राज्य की साझेदारी में किया जाएगा (राज्य 51%, केंद्र 49%)।

कोयला मंत्रालय द्वारा 'रिक्लेम' फ्रेमवर्क का शुभारंभ

- केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 4 जुलाई 2025 को 'RECLAIM' नामक सामुदायिक सहभागिता और विकास ढांचे की शुरुआत की।

विशेषताएंः

- विकासकर्ताः कोयला नियंत्रक संगठन और हार्टफुलनेस संस्थान
- उद्देश्यः खदानों के बंद होने के बाद प्रभावित समुदायों के लिए न्यायसंगत और सतत विकास सुनिश्चित करना
- प्रभाव का क्षेत्रः आजीविका, पर्यावरण, सामाजिक संरचना
- यह ढांचा खदान बंद होने और बंद होने के बाद के चरणों में समावेशी सामुदायिक सहभागिता और विकास के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्गापुर-कोलकाता गैस पाइपलाइन का उद्घाटन किया

- प्रधानमंत्री ने 18 जुलाई 2025 को दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन खंडों के अंतर्गत **दुर्गापुर से कोलकाता तक 132 किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन को** राष्ट्र को समर्पित किया।
- यह पाइपलाइन पूर्व बर्धमान, हुगली और नादिया जिलों के घरों, उद्योगों और परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी।

प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री ने दुर्गापुर इस्पात ताप विद्युत संयंत्र और रघुनाथपुर ताप विद्युत संयंत्र में फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित किया।
- ये संयंत्र कोयला आधारित हैं और अधिक मात्रा में सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जित करते हैं, जो वायु प्रदूषण और अम्लीय वर्षा के मुख्य कारणों में से एक है।
- FGD प्रणाली के माध्यम से इन संयंत्रों से प्रदूषक उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी।

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना (JHBDPL)

- इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2016 में भारत सरकार द्वारा की गई।
- इसे **जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन (JHBDPL)**के नाम से भी जाना जाता है।
- यह परियोजना उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम जैसे पूर्वी राज्यों को प्राकृतिक गैस आपूर्ति से जोड़ेगी।
- इसकी कुल लंबाई 3,306 किलोमीटर है और इसका कार्यान्वयन गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।
- इसका समन्वय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन किया जाता है।

पर्यटन क्षेत्र का योगदान 2047 तक GDP में 10% तक बढ़ाने का लक्ष्य

- भारत सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के GDP में योगदान को 2047 तक 10% तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है।
- यह लक्ष्य भारत की $32 ट्रिलियन की संभावित अर्थव्यवस्था का हिस्सा है।
- वर्तमान में पर्यटन का भारत की GDP में योगदान 5-6% है।
- 2023 में भारत वैश्विक पर्यटन राजस्व में 14वें स्थान पर रहा, जिसका हिस्सा 1.8% रहा।

4.अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

प्रधानमंत्री मोदी को ब्राज़ील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 8 जुलाई 2025 को ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा **⊠ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस⊠** से सम्मानित किया गया।
- यह ब्राज़ील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- प्रधानमंत्री मोदी 2 से 9 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की यात्रा पर थे।
- इस यात्रा के दौरान उन्हें घाना का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' और त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' भी प्राप्त हुआ।
- प्रधानमंत्री मोदी की यह ब्राज़ील की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी, जबकि समग्र रूप से उनकी चौथी यात्रा थी।
- इससे पहले उन्होंने 2014 और 2019 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और 2024 में G20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राज़ील का दौरा किया था।
- 57 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ब्राज़ील की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा की है, पिछली यात्रा 1968 में इंदिरा गांधी ने की थी।

भारत- छह प्रमुख समझौते और समझौता ज्ञापन (MoUs)

1. अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने में सहयोग।
2. वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान और सुरक्षा पर समझौता।
3. डिजिटल परिवर्तन के लिए समाधान साझा करने पर समझौता ज्ञापन।
4. नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग।
5. कृषि सहयोग के लिए भारत की ICAR और ब्राज़ील की EMBRAPA के बीच MoU।
6. बौद्धिक संपदा में सहयोग के लिए भारत के DPIIT और ब्राज़ील के MDIC के बीच MoU।

ब्राज़ील

- ब्राज़ील क्षेत्रफल और जनसंख्या के अनुसार दुनिया का पाँचवाँ सबसे बड़ा देश है।
- यह दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा देश है।
- **राजधानीः** ब्रासीलिया

- इसके अलावा भारत और ब्राज़ील ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य तय किया है।

प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया यात्रा

- यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली राजकीय यात्रा थी।
- वे 1990 के विश्वनाथ प्रताप सिंह और 1998 के अटल बिहारी वाजपेयी के बाद नामीबिया जाने वाले तीसरे प्रधानमंत्री बने।
- 27 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नामीबिया का दौरा किया।
- पीएम मोदी और राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने चार समझौतों/एमओयू पर हस्ताक्षर किए:
  1. स्वास्थ्य और चिकित्सा सहयोग
  2. उद्यमिता विकास
  3. द्विपक्षीय आर्थिक विकास
  4. डिजिटल भुगतान प्रणाली
- इसके अलावा भारत नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना में मदद करेगा।
- **नामीबिया विश्व का पहला देश है, जिसके साथ NPCI ने UPI जैसी डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू करने हेतु केंद्रीय बैंक से समझौता** किया है।

- NPCI और नामीबियाई केंद्रीय बैंक के बीच लाइसेंसिंग समझौता हुआ।
- मोबाइल आधारित त्वरित भुगतान के लिए UPI प्रणाली का उपयोग किया जाएगा।
- नामीबिया ने भारत-प्रस्तावित दो वैश्विक पहल में भागीदारी की घोषणा की:
  1. CDRI (Coalition for Disaster Resilient Infrastructure)–आपदा-रोधी अवसंरचना के लिए वैश्विक गठबंधन।
  2. GBA (Global Biofuel Alliance) – जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया मंच, जिसकी शुरुआत 2023 G20 शिखर सम्मेलन में हुई थी।

प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 9 जुलाई 2025 को विंडहोक, नामीबिया में **"ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस"** सम्मान से नवाजा गया।
- यह नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।
- मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय नेता हैं।
- यह उनका 27वाँ अंतरराष्ट्रीय नागरिक सम्मान है।
- यह प्रधानमंत्री मोदी को 5 देशों की यात्रा में चौथा सर्वोच्च सम्मान है।
- इससे पहले घाना, त्रिनिदाद, ब्राज़ील और नामीबिया ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया।

नामीबिया
- **स्थिति:** अफ्रीका के दक्षिण-पश्चिमी तट पर
- **स्वतंत्रता:** 1990 (दक्षिण अफ्रीका से)
- **पूर्व नाम:** दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका (औपनिवेशिक काल में)
- **राजधानी:** विंडहोक
- **राष्ट्रपति:** नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह (पहली महिला राष्ट्रपति)

- पीएम मोदी ने नामीबिया की संसद को संबोधित किया, जो द्विसदनीय है।
- यह उनकी 17वीं विदेशी संसद को संबोधन था, जो अब तक किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा सबसे अधिक है।
- इससे पहले डॉ. मनमोहन सिंह (7), इंदिरा गांधी (4), नेहरू (3), राजीव गांधी (2), पीवी नरसिंह राव (1) ने विदेशी संसदों को संबोधित किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5-4 जुलाई 2025 को अर्जेंटीना दो दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा पर रहे।
- यह यात्रा उनके 2–9 जुलाई 2025 के पांच देशों के दौरे (घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया) का हिस्सा थी।
- अर्जेंटीना की यह यात्रा 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली स्वतंत्र द्विपक्षीय यात्रा थी।
- इससे पहले इंदिरा गांधी (1968) ने ही अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा की थी।
- पीएम मोदी ने जनरल जोस डी सैन मार्टिन स्मारक पर श्रद्धांजलि दी, जिन्हें अर्जेंटीना का राष्ट्रपिता माना जाता है।
- द्विपक्षीय वार्ता में खनिज संसाधन, ऊर्जा, रक्षा, परमाणु सहयोग, कृषि आदि विषयों पर चर्चा हुई।
- अर्जेंटीना के पास विश्व के सबसे बड़े लिथियम भंडारों में से एक है, जिसका उपयोग अक्षय ऊर्जा और बैटरी में होता है।
- भारत 100% लिथियम आयात पर निर्भर है, इसलिए यह साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- **नोट:** अर्जेंटीना के पास विश्व का दूसरा सबसे बड़ा शेल गैस और चौथा सबसे बड़ा शेल तेल भंडार भी है।

'ब्यूनस आयर्स की चाबी' सम्मान

- पीएम मोदी को **ब्यूनस आयर्स शहर की प्रतीकात्मक चाबी (Key to the City) से सम्मानित** किया गया।
- यह सम्मान शहर सरकार के प्रमुख जॉर्ज मैक्री द्वारा दिया गया।
- यह पुरस्कार आमतौर पर केवल उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है जो सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक रूप से शहर से विशेष संबंध बनाते हैं।

अर्जेंटीना
- दुनिया का 8वां सबसे बड़ा देश (क्षेत्रफल के अनुसार) – आकार में उल्टे त्रिभुज के समान।
- **स्थित:** दक्षिण अमेरिका।
- समृद्ध पम्पास घास के मैदान और पेटागोनिया पठार यहां स्थित हैं।
- **राजधानी:** ब्यूनस आयर्स
- **राष्ट्रपति:** जेवियर माइली

17वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6–7 जुलाई 2025 को ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
- इस सम्मेलन की मेज़बानी ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने की।
- इस शिखर सम्मेलन के अंत में ब्राज़ील ने ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत को सौंपी, जो 2026 में 18वें शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा।
- **सम्मेलन का विषय:**“अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना” ।
- इंडोनेशिया ने पहली बार भाग लिया, क्योंकि यह जनवरी 2025 में ब्रिक्स का सदस्य बना।
- **10 साझेदार देश**: बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, वियतनाम, नाइजीरिया, मलेशिया, थाईलैंड, कजाकिस्तान, युगांडा और उज्बेकिस्तान।
- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सम्मेलन में शामिल नहीं हुए; उनके स्थान पर प्रधानमंत्री ली कियांग ने भाग लिया।
- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के वारंट के कारण वर्चुअल रूप से भाग लिया।

रियो घोषणापत्र

- घोषणापत्र में 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई।
- इस घोषणापत्र में एकतरफा प्रतिबंधों की भी आलोचना की गई, जिसमें परोक्ष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका का उल्लेख था

ब्रिक्स विकास मे प्रमुख पडाव



ब्रिक्स और ब्रिक्स+

- "BRIC" शब्द 2001 में गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्री जिम ओ'नील द्वारा दिया गया था। पहली मंत्री स्तरीय बैठक 2006 में न्यूयॉर्क में हुई।
- ब्रिक्स की स्थापना 2009 में (ब्राजील, रूस, भारत, चीन; 2010 में दक्षिण अफ्रीका जुड़ा)।
- पहला शिखर सम्मेलन 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में हुआ।
- उद्देश्य: उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग और पश्चिमी देशों की वर्चस्व वाली संस्थाओं को संतुलित करना।
- ब्रिक्स का कोई स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं है।
- 2024 में विस्तार (ब्रिक्स+): नए सदस्य – सऊदी अरब, ईरान, यूएई, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया।
- यह समूह दुनिया की:
  - 47% जनसंख्या
  - 37% वैश्विक GDP
  - 45% तेल उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत के लिए ब्रिक्स का महत्व

लाभ	चुनौतियां
• नए बाज़ार और साझेदारियां (मिस्र, इंडोनेशिया, इथियोपिया आदि) • ऊर्जा सुरक्षा: सऊदी, ईरान और यूएई जैसे तेल उत्पादक देशों से आपूर्ति • डॉलर पर निर्भरता में कमी: स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा	• चीन का वर्चस्व और भारत की पारदर्शिता की मांग • राजनीतिक विविधता: लोकतंत्र और अधिनायकवादी शासन में मतभेद • सर्वसम्मति आधारित निर्णय प्रणाली, जिससे निर्णय लेने की गति धीमी होती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार "द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो" से सम्मानित किया गया।
- वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले विदेशी नेता हैं।
- यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरणास्पद नेतृत्व, ग्लोबल साउथ की आवाज़ उठाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने में योगदान के लिए दिया गया।
- यह प्रधानमंत्री मोदी को मिला 25वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।
- इससे पहले घाना ने भी उन्हें अपना सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया था।

प्रधानमंत्री मोदी की 5 देशों की विदेश यात्रा

- प्रधानमंत्री मोदी ने 2 से 9 जुलाई 2025 के बीच अपनी पांच देशों की यात्रा (घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया) के तहत 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो का दौरा किया।
- यह उनकी इस देश की पहली राजकीय यात्रा थी। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा रही।
- मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने 4 जुलाई 2025 को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया।

समझौते और सहयोग

- भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच 6 समझौतों/ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए, जिनमें शामिल हैं:
  1. भारतीय फार्माकोपिया पर सहमति
  2. खेल सहयोग पर समझौता
  3. राजनायिक प्रशिक्षण पर सहमति
  4. वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में हिंदी और भारतीय अध्ययन के लिए ICCR पीठों की पुनःस्थापना
  5. त्वरित प्रभाव परियोजनाओं के लिए भारत द्वारा अनुदान
  6. 2025-2028 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम
- त्रिनिदाद और टोबैगो ने भारत द्वारा प्रारंभ किए गए आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने की भी घोषणा की।

त्रिनिदाद और टोबैगो

- स्थान: कैरेबियन सागर में द्वीप देश
- स्वतंत्रता: 1962 में ब्रिटेन से
- राजधानी: पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद द्वीप पर)
- मुद्रा: त्रिनिदाद और टोबैगो डॉलर
- प्रधानमंत्री: कमला प्रसाद-बिसेसर

प्रधानमंत्री मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2 जुलाई 2025 को घाना की राजधानी अकरा में **'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान उन्हें उनके वैश्विक नेतृत्व और विशिष्ट राजनीतिक योगदान के लिए घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा द्वारा प्रदान किया गया।
- पीएम मोदी 2 से 9 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की यात्रा पर हैं।
- यह प्रधानमंत्री मोदी की घाना की पहली यात्रा थी और वह 30 वर्षों में घाना जाने वाले दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री बने।
- **द्विपक्षीय सहयोग:**
  - भारत और घाना के बीच चार समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए:
    1.सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम
    2.मानकीकरण और प्रमाणन सहयोग
    3.पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग
    4.एक संयुक्त आयोग की स्थापना के लिए समझौता

घाना

- स्थान: पश्चिमी अफ्रीका, गिनी की खाड़ी के किनारे स्थित।
- पुराना नाम: गोल्ड कोस्ट
- राजधानी: अकरा
- राष्ट्रपति: जॉन महामा

'3 बाय 35' पहल

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने "3 बाय 35" नामक एक वैश्विक पहल की शुरुआत की है।

- इसका उद्देश्य तंबाकू, शराब और शर्करा युक्त पेय पदार्थों पर कर बढ़ाकर गैर-संचारी रोगों (NCDs) को नियंत्रित करना है।
- यह पहल 2035 तक इन उत्पादों की वास्तविक कीमतों में 50% वृद्धि सुनिश्चित करना चाहती है।
- इसके तहत अस्वास्थ्यकर आदतों को हतोत्साहित करना, मृत्यु दर को कम करना और राजस्व बढ़ाया जाएगा।
- स्वास्थ्य करों का उपयोग ऐसे उत्पादों के उपभोग को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

कोलंबिया और उज्बेकिस्तान बने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के नए सदस्य

- कोलंबिया और उज्बेकिस्तान, 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले NDB में शामिल हुए।
- इसके साथ ही NDB के सदस्य देशों की संख्या 11 हो गई।
- यह घोषणा NDB की 10वीं निदेशक मंडल बैठक के बाद की गई।
- इसका मुख्य उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विकास और बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देना है।

न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)

- स्थापना: 2014, ब्रिक्स देशों द्वारा।
- मुख्यालय: शंघाई, चीन
- **अध्यक्ष:** डिल्मा रूसेफ
- उद्देश्य: सदस्य देशों में बुनियादी ढाँचा और सतत विकास परियोजनाओं को वित्त देना।

प्रारंभिक सदस्य देश	2021 के बाद शामिल हुए नए सदस्य
1.ब्राज़ील	1.बांग्लादेश
2.रूस	2.मिस्र
3.भारत	3.संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
4.चीन	4.उरुग्वे
5.दक्षिण अफ्रीका	5.कोलंबिया
	6.उज्बेकिस्तान

ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (GERD) का निर्माण पूरा हुआ

- इथियोपिया ने आधिकारिक रूप से ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (GERD) का निर्माण कार्य जुलाई 2025 में पूरा कर लिया है।
- यह बांध अफ्रीका की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है और इसे लेकर वर्षों से इथियोपिया, मिस्र और सूडान के बीच कूटनीतिक विवाद चलता रहा है।
- यह परियोजना ब्लू नील नदी पर स्थित है और इसका निर्माण बेनिशांगुल-गुमुज क्षेत्र में किया गया है।
- इस बांध की ऊंचाई लगभग 145 मीटर और लंबाई लगभग 1,800 मीटर है।
- यह परियोजना 6,500 मेगावाट बिजली उत्पन्न करने की क्षमता रखती है, जिससे इथियोपिया और आस-पास के क्षेत्रों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

यूरोप का सबसे पुराना मानव निवास अल्बानिया में झील के नीचे मिला

- ओहिड झील के किनारे, अल्बानिया में वैज्ञानिकों को एक प्राचीन झील बस्ती के अवशेष मिले हैं।
- यह संभवतः यूरोप की सबसे पुरानी मानव बस्ती है।
- यह बस्ती 6,000 से 8,000 वर्ष पुरानी (अनुमानित) हो सकती है, जहाँ लोग शिकार, खेती और पशुपालन से जीवन यापन करते थे।
- स्विट्ज़रलैंड और अल्बानिया के पुरातत्वविदों की टीम ने झील के केवल 3 मीटर गहरे पानी में लकड़ी के खंभे, मानव हड्डियाँ और तांबे की वस्तुएं खोजी हैं।

त्रिनिदाद और टोबैगो में UPI सेवा की शुरुआत

- त्रिनिदाद और टोबैगो यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) सेवा अपनाने वाला दुनिया का 8वां देश बन गया।
- यह कैरेबियाई क्षेत्र का पहला देश है जहाँ भारतीय यात्री UPI के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)

- यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) भारत में विकसित एक रीयल-टाइम, तेज़ और सुरक्षित डिजिटल भुगतान प्रणाली है।
- यह प्रणाली उपयोगकर्ताओं को बिना बैंक विवरण डाले, केवल मोबाइल नंबर या UPI ID के माध्यम से भुगतान करने की सुविधा देती है।
- UPI के अंतरराष्ट्रीय विस्तार से भारतीय पर्यटकों को विदेशों में भुगतान के लिए कैश या फॉरेक्स कार्ड की आवश्यकता नहीं रहेगी।

1. संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
2. सिंगापुर 3. फ्रांस 4. भूटान
5. नेपाल 6. श्रीलंका 7. मॉरीशस
8.त्रिनिदाद और टोबैगो

10वीं क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक

- यह बैठक 2 जुलाई 2025 को वाशिंगटन डी.सी. में आयोजित हुई।
- इसमें क्वाड विदेश मंत्री बैठक में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई।
- यह बैठक वर्ष की दूसरी क्वाड बैठक थी। पहली बैठक 21 जनवरी 2025 को हुई थी।

घोषित पहलें और सहयोग क्षेत्र

महत्वपूर्ण खनिज पहल (Critical Minerals Initiative)

- चारों देश खनिज आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित और विविध बनाएंगे।
- चीन की 80% से अधिक वैश्विक हिस्सेदारी और उसकी रणनीतिक दखल को संतुलित करने पर जोर।
- रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा में इन खनिजों का प्रमुख उपयोग होता है।

समुद्री सुरक्षा सहयोग

- "पोर्ट्स ऑफ द फ्यूचर पार्टनरशिप" की शुरुआत की घोषणा।
- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पहली समुद्री कार्यशाला (MAITIR) अक्टूबर 2025 में मुंबई में आयोजित होगी।

स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत

- क्षेत्रीय समृद्धि के लिए मुक्त और स्वतंत्र इंडो-पैसिफिक के प्रति सभी देशों ने प्रतिबद्धता दोहराई।

क्वाड

- शुरुआत का विचार: जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने 2004 की सुनामी के बाद सहयोग मंच के रूप में प्रस्तावित किया था।
- स्थापना: 2007
- शामिल देश: भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया
- पहली शिखर बैठक: मार्च 2021
- छठी बैठक: 21 सितंबर 2024, डेलावेयर, USA (मेजबान: जो बाइडेन)
- सातवीं शिखर बैठक: 2025 में भारत द्वारा आयोजित की जाएगी।

QUAD देशों का पहला समुद्री पर्यवेक्षक मिशन (Quad At Sea Observer Mission)

- इस मिशन को पहली बार विलमिंगटन घोषणा के तहत शुरू किया गया।
- यह मिशन भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के तटरक्षक बलों के बीच ऐतिहासिक क्रॉस-डेक संचालन और सहयोग की शुरुआत है। यह मिशन 2024 की क्वाड लीडर्स समिट में लिए गए रणनीतिक निर्णयों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।
- इसका उद्देश्य चारों देशों के तटरक्षक बलों के बीच समन्वय और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत बनाना है।
- यह मिशन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री डोमेन जागरूकता और क्षेत्रीय प्रतिक्रिया क्षमता को बेहतर बनाने के लिए कार्य करेगा।
- इसका एक प्रमुख लक्ष्य नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देना है।
- यह मिशन अवैध मछली पकड़ने, समुद्री डकैती और अन्य गैर-पारंपरिक समुद्री खतरों से निपटने के लिए सहयोग को सक्षम बनाएगा।
- इसमें भाग लेने वाले बलों में भारतीय तटरक्षक बल (ICG), जापान तट रक्षक (JCG), अमेरिकी तट रक्षक (USCG) और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (ABF) शामिल हैं।

UAE का नामांकन-आधारित गोल्डन वीजा प्रोग्राम

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने भारत और बांग्लादेश के नागरिकों के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांकन-आधारित गोल्डन वीजा योजना शुरू की है।
इस योजना का उद्देश्य योग्य व्यक्तियों को बिना निवेश के आजीवन निवास सुविधा प्रदान करना है।

नामांकन-आधारित गोल्डन वीजा की प्रमुख विशेषताएँ

- आजीवन वैधता: इस वीजा की अवधि आजीवन होगी, जबकि पारंपरिक वीजा 5-10 वर्षों के लिए होता है।
- निवेश की अनिवार्यता नहीं: केवल ₹23.3 लाख का शुल्क देकर आवेदन किया जा सकता है, किसी रियल एस्टेट या व्यापार में निवेश की आवश्यकता नहीं है।
- One VASCO सेंटर्स के माध्यम से भारत या बांग्लादेश में ही प्री-अप्रूवल लिया जा सकता है, दुबई जाने की जरूरत नहीं है।
- Rayad Group नामक एजेंसी आवेदकों की पृष्ठभूमि की जांच करेगी, जिसमें आपराधिक रिकॉर्ड, मनी लॉन्ड्रिंग और सोशल मीडिया गतिविधियों का मूल्यांकन शामिल है।
- UAE सरकार अंतिम निर्णय लेगी कि आवेदक UAE के लिए किस प्रकार उपयोगी हो सकता है।
- गोल्डन वीजा प्राप्त होने पर आवेदक अपने परिवार के सदस्यों, निजी कर्मचारियों (जैसे ड्राइवर या घरेलू सहायक) को भी UAE में साथ ला सकता है।
- **गोल्डन वीजा:** यह एक विशेष दीर्घकालिक निवास वीजा है जो किसी व्यक्ति को 5 से 10 वर्ष या आजीवन UAE में रहने, काम करने और पढ़ाई करने की अनुमति देता है।
- यह आमतौर पर उच्च निवेश, विशेष प्रतिभा या शैक्षिक योग्यता वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।

UAE का पारंपरिक गोल्डन वीजा मॉडल

1. निवेशक और उद्यमी
- 20 लाख दिरहम (लगभग ₹4.67 करोड़) का बिजनेस या रियल एस्टेट निवेश था।
- 5 लाख दिरहम (लगभग ₹1.17 करोड़) से अधिक मूल्य का प्रोजेक्ट शुरू करना।

2. विशेष प्रतिभा वाले लोग
- डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, कलाकार, एथलीट, उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट छात्र आदि।
- इन श्रेणियों में पात्रता के लिए प्रमाणित उपलब्धियाँ या UAE की प्राथमिकताओं से जुड़ा योगदान आवश्यक होता है।

बुल्गारिया 2026 से यूरोजोन का सदस्य बनेगा

- यूरोपीय संघ परिषद ने बुल्गारिया को 1 जनवरी 2026 से यूरो मुद्रा अपनाने की अनुमति दी है।
- बुल्गारिया यूरो अपनाने वाला 21वां यूरोजोन सदस्य देश बनेगा।
- यूरोजोन यूरोपीय संघ के उन देशों का समूह है, जिन्होंने यूरो को आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपनाया है; वर्तमान में इनमें 20 देश शामिल हैं।
- बुल्गारिया ने यूरो अपनाने के लिए आवश्यक मास्ट्रिक मानदंडों को पूरा कर लिया है।
- बुल्गारिया दक्षिण-पूर्वी यूरोप में स्थित है, इसकी राजधानी सोफिया है और यह EU व NATO दोनों का सदस्य है।
- यूरोपीय संघ (EU) की स्थापना 1993 में मास्ट्रिक्ट संधि के तहत हुई थी और इसका मुख्यालय ब्रसेल्स, बेल्जियम में स्थित है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का 3 देशों का आधिकारिक दौरा

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन देशों – स्पेन, पुर्तगाल और ब्राज़ील के दौरे पर है।

संयुक्त राष्ट्र के विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (FFD4)

- यह 30 जून से 3 जुलाई 2025 तक सेविले, स्पेन में आयोजित हो रहा है।
- इसमें भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए वैश्विक विकास और संसाधन जुटाने के लिए विचार-विमर्श करना है।
- **विकास के लिए वित्तपोषण पर पूर्व सम्मेलन:**
    - पहला सम्मेलन – 2002, मॉन्टेरी, मैक्सिको
    - दूसरा सम्मेलन – 2008, दोहा, कतर
    - तीसरा सम्मेलन – 2015, अदीस अबाबा, इथियोपिया

न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की 10वीं वार्षिक बैठक

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 4-5 जुलाई 2025 को रियो डी जेनेरियो में आयोजित न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की 10वीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी।
- वे भारत की ओर से NDB बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में प्रतिनिधित्व करेंगी। यह बैंक का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है।
- NDB की स्थापना 2015 में ब्रिक्स देशों द्वारा की गई थी। इसके 9 सदस्य देश हैं:
    - भारत, ब्राज़ील, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, यूएई, मिस्र और अल्जीरिया।

ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक (FMCBG):

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ब्राज़ील की अध्यक्षता में होने वाली पहली BRICS FMCBG बैठक में भी हिस्सा लेंगी।
- 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6 जुलाई 2025 को रियो डी जेनेरियो में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे।

'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' विधेयक

- हाल ही में बहुचर्चित **'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' विधेयक** अमेरिका की सीनेट से पारित हुआ।
- यह विधेयक कर कटौती, आव्रजन नियंत्रण, सीमा सुरक्षा और सैन्य खर्च पर केंद्रित है।
- अमेरिकी सीनेट में डोनाल्ड ट्रम्प का प्रमुख विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हुआ।
- 2017 के कर कटौती कानून को विस्तार देने का प्रयास किया गया है।
- इसमें सीमा अवसंरचना, आव्रजन प्रवर्तन और रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक धन आवंटित किया जाएगा।
- अब यह प्रतिनिधि सभा में पेश किया जाएगा।

अमेरिकी कांग्रेस

अमेरिकी कांग्रेस में दो सदन होते हैं: -1 सीनेट (Upper House) 2- प्रतिनिधि सभा (House of Representatives – Lower House) ये दोनों मिलकर अमेरिका की द्विसदनीय विधायिका बनाते हैं।

अमेरिका का स्टेबलकॉइन कानून: 'जीनियस एक्ट (GENIUS Act)

GENIUS Act: Guiding and Establishing National Innovation for U.S. Stablecoins Act

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने क्रिप्टोकरेंसी को नियंत्रित करने के लिए 'जीनियस एक्ट' (GENIUS Act) पर 18 जुलाई 2025 को हस्ताक्षर किए।

GENIUS Act अमेरिका का पहला संघीय कानून है जो स्टेबलकॉइन (Stablecoin) जैसी क्रिप्टोकरेंसी को नियंत्रित और विनियमित करने के लिए बनाया गया है।

प्रमुख प्रावधान

- स्टेबलकॉइन जारी करने वालों को अपने डिजिटल करेंसी के समतुल्य डॉलर या अल्पकालिक ट्रेजरी ब्रांड में रिज़र्व रखना होगा।
- प्रत्येक माह रिज़र्व संरचना की सार्वजनिक जानकारी देना अनिवार्य होगा।
- जिनका प्रचलन 50 अरब डॉलर से अधिक है, उन्हें वार्षिक ऑडिट कराना होगा।
- उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले ब्याज या रिटर्न के वादों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रभाव:

- यह अधिनियम डिजिटल वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा देगा।
- यह अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्थिति को और मजबूत करेगा।
- **स्टेबलकॉइन:** यह एक ऐसी क्रिप्टोकरेंसी है जिसकी कीमत को बाहरी परिसंपत्तियों (जैसे डॉलर या सोना) से जोड़ा जाता है, जिससे इसकी स्थिरता सुनिश्चित होती है।

रूस ने तालिबान को आधिकारिक मान्यता दी

- अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाला रूस विश्व का पहला देश बन गया है।
- तालिबान अफगानिस्तान को "इस्लामिक अमीरात" कहता है।
- मान्यता देने का आधार मोंटेवीडियो संधि (1933) है, जिसमें चार शर्तें होती हैं – स्थायी आबादी, सीमा, सरकार, और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता।
- भारत और अमेरिका सहित अधिकांश देशों ने अभी तक तालिबान को मान्यता नहीं दी है।
- तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था।

पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष बना

- पाकिस्तान ने 1 जुलाई 2025 से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता ग्रहण की।
- यह अध्यक्षता पाकिस्तान के अस्थायी सदस्य कार्यकाल (जनवरी 2025–दिसंबर 2026) का हिस्सा है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता हर महीने वर्णानुक्रम के आधार पर बदलती है।
- राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद जुलाई 2025 में परिषद की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।
- पाकिस्तान कुल 8 बार (वर्तमान सहित) सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका है।

अबूधाबी में ड्राइवरलेस एयर टैक्सी का सफल परीक्षण

- यूएई की राजधानी अबूधाबी में दुनिया की पहली चालक रहित एयर टैक्सी का सफल परीक्षण हुआ।
- यह परीक्षण अमेरिकी कंपनी आर्चर एविएशन ने किया, जिसने अपनी मिडनाइट eVTOL टैक्सी को दुबई के अल बातेन एयरपोर्ट से उड़ाया।

टैक्सी की विशेषताएं:

- यह बिना पायलट के स्वचालित रूप से उड़ान और लैंडिंग कर सकती है।
- पूरी तरह इलेक्ट्रिक, शून्य कार्बन उत्सर्जन और शहरी परिवहन के लिए उपयुक्त।
- अत्यधिक गर्मी और आर्द्रता जैसी परिस्थितियों में भी इसका परीक्षण सफल रहा।
- यह टेक्नोलॉजी ट्रैफिक जाम से राहत, कम यात्रा समय, और आपातकालीन सेवाओं में मददगार होगी।
- यह दुर्गम क्षेत्रों में उड़ान भरने की क्षमता इसे पारंपरिक हेलीकॉप्टर से बेहतर विकल्प बनाती है।

शंघाई में खुला दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड पार्क

- चीन के शंघाई में स्थित निशान क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा लेगोलैंड पार्क खोला गया।
- यह पार्क 3.18 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। इसमें 75 से अधिक इंटरएक्टिव राइड्स, शो और आकर्षण हैं।
- लेगोलैंड पार्क विशेष रूप से लेगो खिलौनों और मॉडल्स पर आधारित मनोरंजन स्थल होता है।
- यह चीन का पहला लेगोलैंड पार्क है।

फ्रांस और न्यू कैलेडोनिया के बीच ऐतिहासिक समझौता

- फ्रांस और उसके प्रशांत क्षेत्र न्यू कैलेडोनिया के बीच एक नया समझौता हुआ है।
- इसके तहत न्यू कैलेडोनिया को अधिक अधिकार दिए जाएंगे लेकिन वह अब भी फ्रांस का हिस्सा बना रहेगा।

प्रमुख बिंदु:

- न्यू कैलेडोनिया को "राज्य" का दर्जा मिलेगा, जो फ्रांसीसी संविधान में शामिल किया जाएगा।
- न्यू कैलेडोनिया के लोगों को नई राष्ट्रीयता दी जाएगी, जो फ्रांसीसी राष्ट्रीयता के साथ-साथ मान्य होगी।
- 10 वर्ष या अधिक समय से रहने वाले फ्रांसीसी नागरिकों को न्यू कैलेडोनियन राष्ट्रीयता मिलेगी।
- समझौते को लागू करने हेतु फ्रांसीसी संसद और न्यू कैलेडोनिया की जनता को जनमत संग्रह के माध्यम से इसकी स्वीकृति देनी होगी।

अमेरिका ने TRF को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया

- यह घोषणा 18 जुलाई 2025 को वाशिंगटन डी.सी. में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा की गई।
- **नोट:** TRF (द रेजिस्टेंस फ्रंट) ने 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी।
- इस हमले में 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली पर्यटक मारे गए थे।

प्रतिबंधों के प्रभाव

- अमेरिका में टीआरएफ की संपत्तियाँ जब्त कर ली जाएँगी।
- टीआरएफ के सदस्यों को अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलेगा, और वे निर्वासित किए जा सकेंगे।
- किसी अमेरिकी व्यक्ति या संस्था द्वारा इस समूह को सहायता देना अवैध होगा।
- इससे धन की आपूर्ति और वित्तीय सहायता पर रोक लगेगी।
- **नोट:** भारत सरकार ने 5 जनवरी 2023 को यूएपीए अधिनियम, 1967 के तहत इसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित किया था।

चौथा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास (DMEx)

- भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने चौथे बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास (DMEx) की वर्चुअल मेजबानी की।
- यह एक टेबलटॉप अभ्यास था जिसमें बिम्सटेक देशों – भारत, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और श्रीलंका – के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों ने भाग लिया।
- इसमें बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में चक्रवात और बाढ़ जैसी आपदाओं की तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र का परिक्षण किया गया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)

- स्थापना: 23 दिसंबर 2005, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत
- अधीन मंत्रालय: केंद्रीय गृह मंत्रालय
- अध्यक्ष: भारत के प्रधानमंत्री
- कार्य: यह आपदा प्रबंधन के लिए नीति, दिशानिर्देश, और योजना तैयार करने वाला देश का सर्वोच्च निकाय है।

सेनेगल को WHO ने ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने सेनेगल को ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया है।
- सेनेगल अब दुनिया का 25वाँ और अफ्रीका का 9वाँ देश बन गया है जिसने ट्रेकोमा को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त किया है।

ट्रेकोमा

- कारक जीवाणु: Chlamydia trachomatis
- प्रभावित अंग: मुख्यतः आंखें
- प्रभाव: संक्रामक, गंभीर मामलों में दृष्टिहानि या अंधापन
- वैश्विक आंकड़े:
- 1.9 मिलियन लोग दृष्टिहानि/अंधेपन से प्रभावित
- वैश्विक अंधेपन के 1.4% मामलों के लिए जिम्मेदार।

EU ने भारतीय नायरा रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया

- यूरोपीय संघ (EU) ने रूस पर अपने 18वें प्रतिबंध पैकेज के तहत पहली बार **भारत की नायरा एनर्जी लिमिटेड** पर प्रतिबंध लगाया है।
- यह रिफाइनरी गुजरात के वाडिनार में स्थित है और रूसी कंपनी रोसनेफ्ट के स्वामित्व में है।
- इन प्रतिबंधों का उद्देश्य रूसी अर्थव्यवस्था और यूक्रेन युद्ध के समर्थन को कमजोर करना है।
- नायरा एनर्जी अब EU और UK को पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात नहीं कर सकेगी।
- EU ने रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर तीसरे देशों के लिए भी प्रतिबंध लगाया है। (कुछ देशों को छूट: स्विट्जरलैंड, कनाडा, नॉर्वे, UK, USA)।

अमेरिका पुन:UNESCO से अलग होगा

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक एजेंसी UNESCO से बाहर निकलने का निर्णय लिया है।
- यह फैसला डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत लिया गया, जो 2017 में लिए गए पूर्व निर्णय की पुनरावृत्ति है।
- USA ने वैचारिक असहमति का हवाला देते हुए कहा कि यूनेस्को “वोक” और “विभाजनकारी” एजेंडे को बढ़ावा देता है।

मुख्य कारण:

- 2011 में फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता देना
- यूनेस्को प्रस्तावों में इज़राइल-विरोधी पूर्वाग्रह
- अमेरिका-विरोधी नीतियों और वैश्विक एजेंडे का समर्थन
- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत बहुपक्षीय संगठनों से दूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा

- प्रधानमंत्री मोदी 26-25 जुलाई 2025 को मालदीव की 2 दिवसीय यात्रा पर रहे।
- प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह (26 जुलाई) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- यह उनका मालदीव का तीसरा आधिकारिक दौरा था (पहले दौरे: नवंबर 2018, जून 2019)।

महत्वपूर्ण समझौते और सहयोग:

- भारत और मालदीव ने 8 समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए:

1. मत्स्य पालन और जलीय कृषि में सहयोग
2. मौसम विज्ञान में सहयोग
3. डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में सहयोग
4. भारतीय औषधकोश की मालदीव में मान्यता
5. यूपीआई भुगतान प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु समझौता
6. मालदीव को 4850 करोड़ रुपये की ऋण सहायता, जो पहली बार भारतीय रुपये में दी जाएगी।
7. भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के विचारार्थ विषय
8. भारत और मालदीव के बीच एक अलग समझौते के तहत, मालदीव की ऋण चुकौती की राशि को 51 मिलियन डॉलर से घटाकर 29 मिलियन डॉलर प्रति वर्ष किया गया।

विकास परियोजनाओं का उद्घाटन:

- हुलहुमाले में निर्मित 3,300 सामाजिक आवास इकाइयाँ मालदीव को सौंपी गईं।
- मालदीव के रक्षा बलों को 72 वाहन, और आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब्स की 2 यूनिटें भेंट की गईं।
- अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी परियोजना तथा अन्य 6 सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन।
- माले में रक्षा मंत्रालय के नए भवन का लोकार्पण (भारतीय सहायता से निर्मित)।

मालदीव

स्थान: उत्तर-मध्य हिंद महासागर का द्वीपसमूह, दक्षिण एशिया का हिस्सा

राजधानी: माले

राष्ट्रपति: डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू

भारत–यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) 2025

» भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधिकारिक यूके यात्रा के दौरान 24 जुलाई 2025 को CETA पर हस्ताक्षर किए गए।
» इस पर पीयूष गोयल (भारत) और जोनाथन रेनॉल्ड्स (यूके) ने हस्ताक्षर किए।
» व्यापारिक लक्ष्य: दोनों देशों के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 56 अरब डॉलर है वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।
» उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र: चमड़ा, वस्त्र, जूते, खिलौने, रत्न–आभूषण, खेल सामग्री, ऑटो पार्ट्स, इंजीनियरिंग उत्पाद और रसायन – यूके में इन क्षेत्रों की बाजार पहुँच बढ़ेगी।
» कृषि क्षेत्र में लाभ: 99% भारतीय कृषि उत्पादों पर यूके में शून्य आयात शुल्क लागू होगा।जैसे: बासमती चावल, मसाले, मेवे, ताजे अंगूर, चाय, बाजरा आदि।

दोहरा अंशदान अभिसमय (Social Security Coordination)

- समझौते के तहत, भारतीय कर्मचारी और नियोक्ता यूके में सामाजिक सुरक्षा योगदान से 3 वर्षों तक मुक्त रहेंगे। उन्हें सिर्फ भारत में ही योगदान देना होगा।
- इसी प्रकार यूके के नागरिकों को भी भारत में कार्य करते समय यह सुविधा मिलेगी।
- इससे दोहरा योगदान समाप्त होगा और आय में वृद्धि होगी।

पृष्ठभूमि

- CETA वार्ता की शुरुआत 2020 में यूके के ब्रेक्ज़िट के बाद हुई थी।
- कुल 13 दौर की वार्ता हुई, जिसे 2024 के आम चुनावों के कारण कुछ समय के लिए रोका गया।
- 2024 में नई सरकारों के गठन के बाद वार्ता दोबारा शुरू हुई और 6 मई 2025 को वार्ता पूरी हुई।
- भारत सरकार पहले ही मंत्रिमंडल से मंजूरी प्राप्त कर चुकी है।
- अब यह यूके की संसद की स्वीकृति मिलेगी।इसके बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी का यूनाइटेड किंगडम दौरा

» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23-24 जुलाई 2025 को यूनाइटेड किंगडम की चौथी यात्रा पर रहे।
» दोनों देशों ने भारत–यूके विज़न 2035 दस्तावेज़ को अपनाया, जिसमें अगले 10 वर्षों के लिए रणनीतिक साझेदारी का रोडमैप तैयार किया गया है।
» इसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा, नवाचार, जलवायु, शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्राथमिकता दी गई है।
» दोनों देशों ने दस वर्ष का रक्षा औद्योगिक रोडमैप भी तैयार किया है, जिसमें जेट इंजन तकनीक और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम जैसे उन्नत हथियार प्रणालियों के संयुक्त विकास की योजना है।
» आर्थिक अपराध और गंभीर धोखाधड़ी से निपटने के लिए सीबीआई और यूनाइटेड किंगडम की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (NCA) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

यूनाइटेड किंगडम

- o आधिकारिक नाम: ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड का यूनाइटेड किंगडम
- o शामिल: इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड
- o राजधानी: लंदन
- o राज्याध्यक्ष: राजा चार्ल्स तृतीय
- o प्रधानमंत्री: कीर स्टारमर

यारलुंग त्सांगपो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी) पर विश्व का सबसे बडा जलविद्युत बाँध

- चीन के प्रधानमंत्री ली क्रियांग ने तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में यारलुंग त्सांगपो नदी पर मोटो जलविद्युत परियोजना (Motuo Hydropower Station) की शुरुआत की।
- यह परियोजना आकार और ऊर्जा उत्पादन क्षमता के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध है।
- यारलुंग त्सांगपो नदी तिब्बत से निकलती है और भारत में सियांग/ब्रह्मपुत्र नाम से बहती हुई बांग्लादेश में जमुना के रूप में प्रवेश करती है।
- यह बांध विश्व की सबसे गहरी स्थल खाई (deepest land canyon) में बनाया जाएगा।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत 1.2 ट्रिलियन युआन (लगभग 167 अरब अमेरिकी डॉलर) है।
- यह चीन की "पश्चिम से पूर्व बिजली आपूर्ति" (xidiandongsong) योजना का हिस्सा है, जिसमें तिब्बत से चीन के पूर्वी हिस्सों को ऊर्जा भेजी जाएगी।

प्रमुख विशेषताएँ

- ऊर्जा उत्पादन: 20 किलोमीटर लंबी सुरंगों के जरिए जल को मोड़कर 5 क्रमिक जलविद्युत स्टेशन बनाए जाएंगे।
- इसमें नदी के बहाव को "सीधा" किया जाएगा ताकि ऊर्जा क्षमता अधिकतम की जा सके।
- यह चीन के थ्री गोरजेस डैम से तीन गुना अधिक स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम होगी।

भारत और फ्रांस के बीच कौशल विकास समझौता

- भारत और फ्रांस के बीच 22 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में भारत स्किल नेक्स्ट 2025 कार्यक्रम में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसका उद्देश्य ऐसा कार्यबल तैयार करना है जो दोनों देशों की आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्राप्त कर सके।
- इसमें सहयोग के प्रमुख क्षेत्र वैमानिकी, आतिथ्य, ऊर्जा, मीडिया, फैशन और कला एवं शिल्प हैं।
- इसमें एक फ्रांसीसी–भारतीय व्यावसायिक परिसर की स्थापना का प्रस्ताव है, जिससे भारतीय प्रशिक्षण केंद्रों को फ्रांसीसी प्रणाली से जोड़ा जा सकेगा।

थाईलैंड–कंबोडिया सीमा विवाद

हाल ही में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर सैन्य तनाव जारी है।

विवाद की पृष्ठभूमि

- विवाद का कारण: 19वीं सदी में फ्रांसीसी शासन के दौरान सीमाओं के निर्धारण की प्रक्रिया है।
- दोनों देशों के बीच विवाद का मुख्या कारण 11वीं सदी के खमेर-हिंदू मंदिर है।
- वर्ष 2008 में कंबोडिया ने 11वीं सदी के खमेर-हिंदू मंदिर को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में दर्ज कराने की कोशिश की थी।
- थाईलैंड ने इसका विरोध किया, जिसके बाद से कई बार सीमा पर हिंसक झड़पें हो चुकी हैं, जिनमें सैनिक और नागरिक मारे गए।
- कंबोडिया का दावा है कि थाई सैनिकों ने मंदिर क्षेत्र के पास समझौते का उल्लंघन किया।

5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ISS से लौटे

- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और Axiom-4 मिशन के अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने अपना 18-दिवसीय अंतरिक्ष अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया।
- वे 15 जुलाई 2025 को स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल के ज़रिए प्रशांत महासागर में सैन डिएगो के पास सुरक्षित उतरे।
- शुभांशु शुक्ल राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले (अन्तरराष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले) पहले भारतीय हैं।
- शुभांशु अंतरिक्ष में 20 दिन 3 घंटे बिताने वाले पहले भारतीय बने है।
- यह अभियान 25 जून 2025 को फ्लोरिडा से फाल्कन-9 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया।
- शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पहुँचने वाले पहले भारतीय और दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं (1984 में राकेश शर्मा के बाद)।
- उन्होंने ISS में भारत-केंद्रित सात वैज्ञानिक प्रयोग किए जो भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए उपयोगी होंगे।
- Axiom-4 मिशन की वापसी के बाद वैज्ञानिक ISS पर भेजे गए कृषि बीजों का अध्ययन करेंगे।
- इसका उद्देश्य माइक्रोग्रैविटी, विकिरण और तापमान जैसी अंतरिक्षीय स्थितियों में बीजों पर होने वाले प्रभावों का विश्लेषण करना है।

GOSAT-GW उपग्रह मिशन

- **जापान ने** 29 जून 2025 को GOSAT-GW नामक **एक जलवायु परिवर्तन निगरानी उपग्रह** का सफल प्रक्षेपण किया।
- GOSAT-GW का पूर्ण नाम Global Observing Satellite for Greenhouse gases and Water cycle है।
- इस उपग्रह का मुख्य उद्देश्य वायुमंडलीय ग्रीनहाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) औरमीथेन (CH_4) की सटीक निगरानी करनाहै।
- यह उपग्रह वर्षा, जलवाष्प, बादलों की संरचना और समुद्र सतह के तापमान जैसे जलवायु संकेतकों का उच्च-रिज़ॉल्यूशन पर अवलोकन करेगा।
- यह उपग्रह जलवायु परिवर्तन के कारणों और प्रभावों को समझने के लिए वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और जल चक्र के बीच संबंधों का विश्लेषण करेगा।
- GOSAT-GW एक वर्ष के भीतर अमेरिकी NOAA सहित वैश्विक संगठनों को उच्च गुणवत्ता वाला जलवायु डेटा उपलब्ध कराएगा।
- यह प्रक्षेपण जापान के H2-A रॉकेट से किया गया।
- H2-A रॉकेट JAXA (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ने मिलकर विकसित किया।

2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक मानव चंद्र मिशन का लक्ष्य

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 2035 तक स्वतंत्र भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक मानव चंद्र मिशन को पूरा करने की योजना घोषित की है।

2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन

- भारत 2035 तक स्वदेशी तकनीक से अपना राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा।
- यह स्टेशन वैज्ञानिक प्रयोगों, लंबी अवधि के अंतरिक्ष अभियानों और मानव अंतरिक्ष यानों की तैयारी के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा।

2040 तक मानव चंद्र मिशन

- भारत 2040 तक एक अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने और उसे सुरक्षित रूप से वापस लाने की योजना बना रहा है।
- यह मिशन पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित होगा और भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल करेगा जो मानव चंद्र यात्रा की क्षमता रखते हैं।

नासा का ट्रेसर्स मिशन (TRACERS) – 2025

- नासा ने ट्रेसर्स (Tandem Reconnection and Cusp Electrodynamics Reconnaissance Satellites) मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- इसका उद्देश्य पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र द्वारा सौर तूफानों और अंतरिक्ष मौसम से ग्रह की रक्षा करने के तरीके को समझना है।
- मिशन में दो उपग्रह शामिल हैं, जो केवल 10 सेकंड के अंतराल पर उड़ान भरते हुए 3,000 से अधिक वैज्ञानिक मापन एकत्र करेंगे।
- इन उपग्रहों को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा कैलिफ़ोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से लॉन्च किया गया।
- यह मिशन चुंबकीय पुनर्संयोजन की प्रक्रिया का अध्ययन करेगा, जो सूर्य और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्रों के टकराव से ऊर्जा उत्सर्जन उत्पन्न करता है।
- मिशन वास्तविक समय का डेटा प्रदान करेगा, जिससे संचार प्रणाली, उपग्रह, पावर ग्रिड और अंतरिक्ष मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।
- ट्रेसर्स के साथ 3 अन्य पेलोड भी लॉन्च किए गए:
  1. एथेना EPIC: उन्नत उपग्रह डिज़ाइन और विकिरण मापन पर केंद्रित
  2. PExT: डुअल नेटवर्क उपग्रह संचार प्रणाली का परीक्षण
  3. REAL: वैन एलन बेल्ट से हानिकारक इलेक्ट्रॉनों का अध्ययन

रक्षा प्रौद्योगिकी

‘INS निस्तार’ – भारतीय नौसेना का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत

- यह नौसेना का पहला पूरी तरह से स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV) है।
- ‘INS निस्तार’ को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL) द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया।
- इसे 18 जुलाई 2025 को विशाखापत्तनम में एक समारोह के दौरान भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- ‘निस्तार’ से तात्पर्य पार करना/बच निकलना है।

क्षमता

अधिकतम गहराई

650 मीटर

एक बार में 16 लोगों को बचाने की क्षमता

10 घंटे तक पानी में कार्य कर सकता है।

निस्तार की विशेषताएँ :-

- लंबाई: 118 मीटर
- वजन: लगभग 10,000 टन
- स्वदेशी सामग्री: लगभग 75%
- **गहराई क्षमता:**
  - डाइविंग ऑपरेशंस: 300 मीटर (ROV के साथ)
  - साइड डाइविंग स्टेज: 75 मीटर
- **उद्देश्य**: पनडुब्बी दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव और गोताखोरी सहायता।
  - **तकनीक :** रिमोट से संचालित वाहन (ROVs) और गहन जलमग्न बचाव वाहन (DSRV) संचालन क्षमता।
- **गहन जलमग्न बचाव वाहन (DSRV)**
  - कार्य: डूबी हुई पनडुब्बियों से चालक दल को सुरक्षित निकालना

INS अजय (Yard 3034) का शुभारंभ

- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) ने 21 जुलाई 2025 को कोलकाता में 'INS अजय' का शुभारंभ किया।
- यह अर्नाला श्रेणी के 8वें और अंतिम पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले पानी के जहाज (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft - ASW SWC) है।
- यह जहाज भारतीय नौसेना की तटीय जल में पनडुब्बी रोधी क्षमताओं को मजबूत करेगा।
- INS अजय का निर्माण 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री से किया गया है।

तकनीकी विशेषताएं और क्षमताएं

- जहाज की लंबाई 77.6 मीटर, चौड़ाई 10.5 मीटर और विस्थापन लगभग 1,500 टन है।
- यह डीजल इंजन और जलजेट प्रणोदन प्रणाली से संचालित होता है।
- यह जहाज उथले पानी में पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह के नीचे निगरानी, खोज और बचाव अभियानों में सक्षम है।
- यह पोत बारूदी सुरंगें बिछाने, तटीय जल में हल्के समुद्री अभियानों और P8I विमानों के साथ समन्वय के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह जहाज छोटी पनडुब्बियों और मानवरहित (पानी के नीचे) वाहनों का पता लगाने और हमला करने में सक्षम है।
- यह पोत RBU-6000 पनडुब्बी रोधी रॉकेट लांचर और टारपीडो लांचर से सुसज्जित है।
- इसमें स्वदेशी रूप से निर्मित 30 मिमी नौसैनिक सतह गन और दो 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन भी लगे हुए हैं।

ASW SWC कार्यक्रम

- भारत सरकार ने 2014 में भारतीय नौसेना के लिए 16 पनडुब्बी रोधी उथले जलयानों के निर्माण को मंजूरी दी थी।
- इन जहाजों का निर्माण सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत किया जा रहा है।
- GRSE को 8 अर्नाला श्रेणी के जहाजों और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) को 8 माहे श्रेणी के जहाजों के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है।
- GRSE ने इन जहाजों के निर्माण में निजी क्षेत्र के एलएंडटी कट्टुपल्ली शिपयार्ड के साथ सहयोग किया है।
- ये 16 जहाज पुराने अभय-श्रेणी के कोरवेट्स की जगह लेंगे, जो 1989 से 1991 के बीच भारतीय नौसेना में शामिल किए गए थे।

INS अर्नाला श्रेणी के 8 जहाज

- INS अर्नाला, INS अंजादीप, INS अमिनी, INS अग्रे, INS एंड्रोथ, INS अक्षय, INS अझिक्कल और INS अजय।
- इस श्रेणी का नाम महाराष्ट्र के ऐतिहासिक अर्नाला किले के नाम पर रखा गया है।

INS तमाल भारतीय नौसेना में शामिल

- भारत ने 1 जुलाई 2025 को रूस के यान्तर शिपयार्ड, कलिनिनग्राद में INS तमाल (F71) को भारतीय नौसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन किया।
- INS तमाल, रूस में बना स्टील्थ मल्टी-रोल युद्धपोत है। यह तुशील श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है।
- INS तमाल परियोजना 1135.6 की श्रृंखला में आठवां बहु-भूमिका वाला स्टील्थ फ्रिगेट है।
- अब तक शामिल किए गए सभी 7 जहाज पश्चिमी नौसेना कमान के तहत भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े - 'द स्वॉर्ड आर्म' का हिस्सा हैं।
- तुशील श्रेणी का पहला जहाज (INS तुशील) 09 दिसंबर 2024 को शामिल किया गया।
- यह विदेश में निर्मित अंतिम प्रमुख युद्धपोत है जिसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
- INS तमाल में उन्नत NBC (न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल, केमिकल) रक्षा प्रणाली स्थापित है।
- INS तमाल एक स्टील्थ मल्टी-रोल फ्रिगेट है, जो चार-आयामी युद्ध क्षमताओं (वायु युद्ध, सतह युद्ध, पनडुब्बी रोधी युद्ध और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध) से लैस है।

विशेषताएं

- लंबाई: 125 मीटर | वजन: 3,900 टन
- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल (दोहरी भूमिका)
- वर्टिकल लॉन्च सतह-से-हवा मिसाइलें (VL-SAM)
- 100 मिमी की मुख्य नौसैनिक तोप
- 30 मिमी की क्लोज-इन वेपन सिस्टम (CIWS)
- एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर और भारी टॉरपीडो

INS उदयगिरि (यार्ड 12652)

- 01 जुलाई 2025 को उदयगिरि नामक यार्ड 12652 को भारतीय नौसेना को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया।
- यह प्रोजेक्ट 17A के तहत निर्मित दूसरा स्टील्थ फ्रिगेट है।
- प्रोजेक्ट 17A भारतीय नौसेना के शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट (प्रोजेक्ट 17) का उन्नत संस्करण है।
- उदयगिरि को मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) और कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) द्वारा निर्मित सात फ्रिगेट में से दूसरे के रूप में विकसित किया गया है।
- इनका डिज़ाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा किया गया है।
- यह युद्धपोत ब्लू वॉटर (गहरे समुद्र) अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों तरह के समुद्री खतरों से निपटने में सक्षम है।
- प्रोजेक्ट 17A के जहाज उन्नत स्टील्थ डिज़ाइन पर आधारित हैं, जिससे इनकी पहचान रडार से कठिन होती है।
- इसमें मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें (MR-SAM) भी तैनात की गई हैं।

'समुद्र प्रचेत': स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत का जलावतरण

- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने 23 जुलाई 2025 को भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक स्वदेशी रूप से विकसित दूसरे प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' को लॉन्च किया।
- यह 114.5 मीटर लंबा और 4,170 टन वजनी पोत है।
- इस पोत में दो विशेष भुजाएं और एक उन्नत रडार प्रणाली है, जो चलते समय समुद्र में फैलते तेल को एकत्र कर सकने और समुद्री सतह पर प्रदूषण के धब्बों का पता लगाने में सक्षम है।

INS कवरत्ती से ERASR रॉकेट का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने भारतीय नौसेना पोत INS कावरत्ती से विस्तारित रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट (ERASR) का परीक्षण सफलतापूर्वक किया है।
- ERASR एक दो-स्टेज मोटरयुक्त एंटी-सबमरीन रॉकेट प्रणाली है, जिसे समुद्र में दुश्मन की पनडुब्बियों पर प्रभावी हमला करने के लिए तैयार किया गया है।

ERASR प्रणाली की विशेषताएँ

- ERASR प्रणाली को दुश्मन की पनडुब्बियों को पानी के भीतर नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह प्रणाली 500 मीटर से लेकर 8.9 किलोमीटर तक की दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।
- यह रॉकेट डेप्थ चार्ज से लैस होता है, जो पानी के भीतर पनडुब्बी की गहराई पर जाकर विस्फोट करता है।
- इसमें दोहरी मोटर प्रणोदन प्रणाली है, जिससे इसे कम और लंबी दूरी दोनों पर दागा जा सकता है।
- यह प्रणाली एकल या कई रॉकेटों की श्रृंखला को दाग सकती है।

- ERASR को DRDO की पुणे स्थित दो प्रयोगशालाओं ने मिलकर डिजाइन किया है:
  1.आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (ARDE)
  2.उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (HEMRL)
- नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैबोरेटरी (NSTL) ने भी इसमें योगदान दिया है।
- इस रॉकेट और लॉन्चर का निर्माण दो कंपनियाँ कर रही हैं:
  1. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL), हैदराबाद – सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी
  2. सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड, नागपुर – निजी क्षेत्र की कंपनी

ET LDHCM हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल

- **ET LDHCM:** Extended Trajectory – Long Duration Hypersonic Cruise Missile.
- इसे 'Project Vishnu' के अंतर्गत विकसित किया गया है।
- यह भारत की सबसे उन्नत हाइपरसोनिक मिसाइल परियोजनाओं में से है।
- इस मिसाइल की अधिकतम उड़ान गति लगभग Mach 8 (यानी ध्वनि की गति से आठ गुना तेज) आंकी गई है।
- यह मिसाइल लगभग 1,500 किलोमीटर तक लक्ष्य भेदने की क्षमता रखती है।
- इसमें स्क्रामजेट इंजन का उपयोग किया गया है, जो वायुमंडलीय ऑक्सीजन को ईंधन के रूप में उपयोग करके उच्च गति बनाए रखने में सहायक होता है।

रणनीतिक विशेषताएँ:

- यह मिसाइल मौजूदा ब्रह्मोस क्रूज़ मिसाइल से लगभग तीन गुना तेज है।
- इसकी उड़ान क्षमता और रडार-चकमा तकनीक इसे उन्नत वायु रक्षा प्रणालियों के लिए चुनौतीपूर्ण बनाती है।
- लंबी दूरी, उच्च गति और घुमावदार पथ इसे अधिक प्रभावी और घातक बनाते हैं।
- अभी तक इस मिसाइल का प्रोटोटाइप हाल ही में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

भारत में अगली पीढ़ी का फाइटर जेट इंजन निर्माण होगा

- भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस के साथ साझेदारी में अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान इंजन के निर्माण की योजना बनाई है।
- इस परियोजना में फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान सहयोगी होगी, जिसे तकनीकी समिति ने सबसे उपयुक्त प्रस्तावक माना।
- इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 61,000 करोड़ रुपये होगी।
- इसके तहत 120 किलो न्यूटन (kN) शक्ति वाला इंजन विकसित किया जाएगा।
- इस इंजन का इस्तेमाल भविष्य में विकसित किए जाने वाले एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) में किया जाएगा।
- इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भारत की विदेशी इंजनों पर निर्भरता को कम करना है।
- भारत में कावेरी परियोजना के तहत स्वदेशी फाइटर जेट इंजन विकसित करने की कोशिश की गई थी, लेकिन अभी तक इसमें DRDO को सफलता नहीं मिली है।

'शेर': भारत की स्वदेशी क्लाश्निकोव राइफल

- 'शेर' भारत में निर्मित एक अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल है, जो रूस की प्रसिद्ध AK-203 कलाश्निकोव श्रृंखला पर आधारित है।
- भारतीय सेना में AK-203 राइफल को 'शेर' के नाम से जाना जाता है।
- यह पारंपरिक INSAS राइफलों की जगह भारतीय सेना में शामिल की जा रही है।
- इसका उत्पादन उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा आयुध फैक्टरी में हो रहा है, जिसमें भारत और रूस की संयुक्त भागीदारी है।

- इसमें भारत की हिस्सेदारी 50.5% और रूस की 49.5% है।
- **तकनीकी विशेषताएँ:**
    - AK-203 एक उन्नत ऑटोमैटिक राइफल है, जो 7.62×39 मिमी की गोलियां चलाती है।
    - यह लगभग 700 राउंड प्रति मिनट की फायरिंग क्षमता रखती है।
    - यह अत्यधिक गर्म, ठंडे और नमी भरे इलाकों में भी काम करने के लिए उपयुक्त है।
    - राइफल को भारत के सियाचिन ग्लेशियर से लेकर कच्छ के रेगिस्तान तक की कठोर जलवायु में प्रयोग करने के लिए तैयार किया गया है।
- राइफल का डिज़ाइन मूलतः रूस का है। इसका निर्माण भारत में लाइसेंस आधारित तकनीक हस्तांतरण के तहत किया जा रहा है।

भारत की UAV क्षमताओं को सशक्त करने हेतु विमानानु-सीवाईजीआर साझेदारी

- विमानों लिमिटेड (RRP डिफेंस की शाखा) और फ्रेंको-अमेरिकी कंपनी CYGR के बीच ड्रोन निर्माण के लिए साझेदारी की गई है।
- **नवी मुंबई में** एक अत्याधुनिक UAV निर्माण केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- विमानानु लिमिटेड उन्नत एयरोस्पेस एवं रक्षा तकनीक में कार्यरत है।
- CYGR एक उच्च प्रदर्शन UAV निर्माता कंपनी है, जो तकनीकी साझेदारी और एक्सपोर्ट में अग्रणी है।
- **साझेदारी के उद्देश्य:** घरेलू UAV निर्माण की सुविधा विकसित करना और तकनीकी हस्तांतरण और ड्रोन निर्यात को बढ़ावा देना।
- इसके तहत नवी मुंबई सुविधा में हैंड-लॉन्च फिक्स्ड-विंग ड्रोन, नैनो ड्रोन, और ISR (Intelligence, Surveillance, Reconnaissance) ड्रोन बनाए जाएँगे।

DRDO द्वारा ड्रोन से मिसाइल लॉन्च का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित राष्ट्रीय मुक्त क्षेत्र रेंज (NOAR) में मानवरहित हवाई वाहन (UAV) से प्रक्षेपित ULPGM-V3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- यह मिसाइल UGPGM-V2 का उन्नत संस्करण है और फायर-एंड-फॉरगेट मोड में काम करती है।
- इस मिसाइल का विकास DRDO की विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- प्रक्षेपण में उपयोग किया गया UAV बेंगलुरु स्थित न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित किया गया है।

मुख्य विशेषताएँ:

- स्वदेशी ड्रोन से लॉन्च करने योग्य।
- इमेजिंग इंफ्रारेड सीकर की मदद से हर मौसम में लक्ष्य भेदन की क्षमता।
- पैसिव होमिंग सिस्टम से रडार को चकमा देने में सक्षम।
- वजन केवल 12.5 किलोग्राम, जिससे छोटे ड्रोन से भी लॉन्च संभव।
- दिन में 4 किमी और रात में 2.5 किमी तक प्रभावी हमला कर सकती है।

NIT कालीकट द्वारा पोर्टेबल नैनो सेंसर विकसित

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) कालीकट के वैज्ञानिकों ने एक कम लागत वाला पोर्टेबल नैनो सेंसर विकसित किया है।
- यह जो सेप्सिस जैसे जानलेवा संक्रमण का कुछ ही मिनटों में पता लगा सकता है।
- सेप्सिस एक गंभीर संक्रमण है जिससे कई अंग प्रभावित हो सकते हैं और समय पर इलाज न मिलने पर मृत्यु भी हो सकती है।
- इस सेंसर का विकास प्रोफेसर एन. संध्यारानी के नेतृत्व में किया गया है।
- इसका उपयोग इंसुलिन सोल्यूशन, फलों के रस, और मानव रक्त में एंडोटॉक्सिन की जांच के लिए किया गया है।

लद्दाख में आकाश प्राइम का सफल परीक्षण

भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाई द्वारा आकाश प्राइम मिसाइल का 15,000 फीट ऊँचाई पर लद्दाख में सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने दो उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों को सटीकता से भेदकर नष्ट किया।

यह मिसाइल उच्च ऊँचाई वाले युद्ध क्षेत्रों (जैसे चीन व पाकिस्तान सीमाएं) के लिए डिज़ाइन की गई है और स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है।

आकाश मिसाइल प्रणाली

- आकाश एक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जो विमानों, ड्रोन, क्रूज़ मिसाइलों और हेलीकॉप्टरों को निशाना बना सकती है।
- एक आकाश बैटरी में शामिल हैं:
  - राजेंद्र 3D रडार
  - 4 लॉन्चर
  - 3 मिसाइलें
- यह 64 लक्ष्यों को ट्रैक और 12 को एक साथ निशाना बना सकती है।
- यह प्रणाली मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च की जा सकती है और ECCM ईसीसीएम (Electronic Counter-Counter Measures) से लैस है।

आकाश मिसाइलों के प्रकार

प्रकार	विशेषता	मारक दूरी	स्थिति
आकाश Mark-1	मूल संस्करण	4.5–25 किमी	सेवा में
आकाश1-S	अपग्रेडेड, स्वदेशी सीकर	~30 किमी	सेवा में
आकाश प्राइम	ऊँचाई वाले क्षेत्रों के लिए	~30 किमी	परीक्षण में
आकाश-NG	नई पीढ़ी, मध्यम दूरी	~80 किमी	विकास में

आकाश मिसाइलों का निर्माण भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL), हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है।

DRDO और वायुसेना द्वारा 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

- DRDO और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा के तट पर 'अस्त्र' बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM) का सफल परीक्षण किया।
- परीक्षण में अस्त्र मिसाइल को सुखोई-30 MK-I लड़ाकू विमान से लॉन्च किया गया।
- इस मिसाइल ने दो अलग-अलग दूरी पर स्थित उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया।
- इसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर का प्रयोग किया गया, जो स्वदेशी रूप से विकसित है।

रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर की विशेषताएं

- यह एक रडार आधारित प्रणाली है जो लक्ष्य से परावर्तित या उत्सर्जित रेडियो तरंगों द्वारा उसे ट्रैक करती है।
- यह प्रणाली मिसाइल को लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम बनाती है।
- इसका सफलता दर 90% से अधिक होती है।

अस्त्र मिसाइल प्रणाली

- यह स्वदेशी रूप से विकसित हवा-से-हवा में मार करने वाली सामरिक मिसाइल है।
- यह सभी मौसमों में, दिन और रात में संचालन करने में सक्षम है।
- इसकी मारक क्षमता 80 से 110 किलोमीटर के बीच है।
- यह अधिकतम 4.5 मैक की गति से उड़ सकती है।
- यह सुपरसोनिक गति वाले लड़ाकू विमानों को निशाना बना सकती है।
- इस मिसाइल का निर्माण भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (हैदराबाद) द्वारा किया गया है।

K6- हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल

भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा K6- मिसाइल विकसित की गई है।
इसका उद्देश्य पनडुब्बियों से प्रक्षेपण के माध्यम से रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करना है।

मुख्य तकनीकी विशेषताएं:

- प्रकार: पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM)।
- रेंज: लगभग 8,000 किमी
- गति: मैक 7.5 (~9,200 किमी/घंटा), यानी ध्वनि की गति से 7.5 गुना तेज
- पेलोड क्षमता: 2-3 टन, परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के हथियार।
- ईंधन: ठोस-ईंधन आधारित, तीन-चरणीय प्रणाली
- MIRV तकनीक: एक मिसाइल से कई लक्ष्यों पर स्वतंत्र रूप से हमला संभव।
- स्टील्थ: उन्नत चकमा तकनीक से लैस, रडार और डिफेंस सिस्टम से बचने में सक्षम
- विकास: DRDO की एडवांस्ड नेवल सिस्टम्स लैब, हैदराबाद

तुलनात्मक विश्लेषण:

मिसाइल	रेंज	गति	प्रकार
K15-	750 किमी	सुपरसोनिक	SLBM
K4-	3,500 किमी	सुपरसोनिक	SLBM
K5-	6,000-5,000 किमी	सुपरसोनिक	SLBM
K6-	8,000 किमी	हाइपरसोनिक (Mach 7.5)	SLBM + MIRV
ब्रह्मोस	800-290 किमी	Mach 3.5–2.8	क्रूज मिसाइल

भारत स्वदेशी अवाक्स (AWACS) विकसित करेगा

- भारत अब 'एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम' (AWACS) का स्वदेशी संस्करण विकसित करेगा।
- केंद्र सरकार ने 'नेत्र एमके-2' (Netra Mk-II) नामक इस परियोजना को 20,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ स्वीकृति दी है।
- इसके तहत भारतीय वायुसेना को 6 स्वदेशी अवाक्स विमान मिलेंगे, जो निगरानी और चेतावनी क्षमताओं से लैस होंगे।
- इस प्रोजेक्ट को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) को सौंपा गया है। DRDO इस कार्य में भारतीय निजी कंपनियों और एयरबस के सहयोग से एयरबस A321 विमानों पर विशेष एंटीना और सिस्टम लगाएगा।
- पहली बार अवाक्स (AWACS) के लिए एयरबस प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया जाएगा। (पहले ऐसे कार्यों में आमतौर पर बोइंग विमान इस्तेमाल होते थे।) ये विमान 360° कवरेज वाले डॉर्सल फिन-mounted AESA रडार से लैस होंगे, जो हजारों किलोमीटर तक की निगरानी क्षमता प्रदान करेगा। **यह परियोजना 3 वर्ष में पूर्ण होगी, और 2029 तक परीक्षण शुरू हो सकता है।**

भारत ने पृथ्वी-II और अग्नि-I मिसाइलों का सफल परीक्षण किया

- भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से पृथ्वी-II और अग्नि-I मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।

पृथ्वी-II मिसाइल	अग्नि-I मिसाइल
रेंज: 350–250 किमी प्रणोदन प्रणाली: तरल ईंधन आधारित नेविगेशन: उन्नत इनर्शियल प्रणाली वॉरहेड क्षमता: 500 किलोग्राम परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के वॉरहेड ले जाने में सक्षम।	रेंज: 900–700 किमी प्रणोदन प्रणाली: ठोस ईंधन आधारित पेलोड क्षमता: 1,000 किलोग्राम मध्यम दूरी की प्रमुख प्रतिरोधक मिसाइल।

- **नोट:** पृथ्वी-II और अग्नि-I दोनों भारत की त्रिस्तरीय परमाणु रणनीति (Nuclear Triad) का अहम हिस्सा हैं।

तकनीक

चीन ने मधुमक्खियों के लिए सबसे हल्का मस्तिष्क-नियंत्रित उपकरण बनाया

- बीजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने ऐसा ब्रेन कंट्रोलर विकसित किया है जो मधुमक्खियों की उड़ान को नियंत्रित कर सकता है।
- यह डिवाइस केवल 74 मिलीग्राम वजनी है, जो अब तक का दुनिया का सबसे हल्का मस्तिष्क-नियंत्रक उपकरण है।
- यह प्रणाली मधुमक्खियों को एक तरह के 'साइबोर्ग' में बदल देती है, जिनका उपयोग सैन्य और आपातकालीन मिशनों में किया जा सकता है।
- यह तकनीक ड्रोन या रोबोट की तुलना में अधिक फुर्तीली, टिकाऊ और छिपने में सक्षम है।
- इसका उपयोग गुप्त सैन्य मिशनों, आतंकवाद रोधी अभियानों, नशीले पदार्थों की खोज और आपदा राहत में किया जा सकता है।
- यह डिवाइस मधुमक्खी की पीठ पर लगाया जाता है और तीन बारीक सुइयों द्वारा उसके मस्तिष्क को इलेक्ट्रॉनिक संकेत भेजता है।
- यह संकेत मधुमक्खी को दाएं, बाएं, आगे या पीछे उड़ने के आदेश देते हैं, जिससे उसकी उड़ान दिशा नियंत्रित की जा सकती है।

माइक्रोसॉफ्टद्वारा बायोएमु1- (BioMu1-)लॉन्च

- माइक्रोसॉफ्ट ने बायोएमु-1 (BioMolecular Emulator-1) नामक नया AI सिस्टम लॉन्च किया है।
- यह सिस्टम प्रोटीन की गति का अध्ययन करने और दवा खोज की प्रक्रिया को तेज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- बायोएमु-1 एक गहन शिक्षण (Deep Learning) मॉडल है जो एक ही GPU का उपयोग करके हर घंटे हजारों प्रोटीन संरचनाएँ उत्पन्न कर सकता है।
- प्रोटीन मांसपेशी विकास, प्रतिरक्षा और अन्य जैविक क्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- वैज्ञानिकों ने प्रोटीन की संरचनाओं को समझने में प्रगति की है, लेकिन अमीनो एसिड अनुक्रम से उसका आकार अनुमानित करना अब भी चुनौतीपूर्ण है।
- बायोएमु-1 इस चुनौती को दूर कर शोधकर्ताओं को प्रोटीन के व्यवहार का गहराई से अध्ययन करने में मदद करता है।
- बायोएमु-1 गुप्त बंधन पॉकेट्स (Hidden Binding Pockets) जैसी विशेषताओं की पहचान कर सकता है, जो दवा-निर्माण के लिए अहम हैं।

'शेरपा मेचा': भारत में ह्यूमनॉयड रोबोट विकसित

- भारतीय स्टार्टअप अति मोटर्स ने मानव-आकार से प्रेरित एक उन्नत रोबोट 'शेरपा मेचा' विकसित किया है।
- यह रोबोट इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन जैसे असेंबली लाइन, सामग्री प्रबंधन और गुणवत्ता जांच जैसे कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। फिलहाल यह परीक्षण चरण में है।
- इसके अलावा **इन्वेन्टो रोबोटिक्स** द्वारा तैयार **'मित्रा' नामक सेमी-ह्यूमनॉयड रोबोट** को हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में इस्तेमाल किया जा रहा है।
- **नोटः**इसरो 2025में ही गगनयान मिशन के लिए **'व्योममित्र' नामक ह्यूमनॉयड अंतरिक्ष यात्री** भेजने की तैयारी कर रहा है।
- इसके अलावा DRDO सैन्य और खतरनाक वातावरण में कार्य के लिए मानव-सदृश रोबोट का प्रोटोटाइप विकसित कर रहा है।

अनंत टेक 2028 तक शुरू करेगी भारत की पहली निजी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा

- अनंत टेक्नोलॉजीज हैदराबाद स्थित कंपनी है, जिसे IN-SPACeसे सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए मंजूरी मिली है।
- यह सेवा 2028 तक शुरू होगी और इसमें ₹3,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा।
- इंटरनेट सेवा जियो स्टेशनरी ऑर्बिट में स्थित 4 टन वजनी सैटेलाइट के ज़रिए दी जाएगी, जो 100 Gbps की स्पीड प्रदान करेगा।

- जियो स्टेशनरी सैटेलाइट 35,000 किमी ऊपर स्थिर रहता है और पूरे उपमहाद्वीप को कवर कर सकता है।
- LEO (Low Earth Orbit) सैटेलाइट्स की तुलना में लेटेंसी ज़्यादा होती है, लेकिन कवरेज बड़ा होता है।
- स्टारलिंक, वनवेब, और अमेजन क्यूपर जैसी कंपनियां LEO तकनीक का उपयोग करती हैं।

AI की 'STAR' तकनीक से गर्भावस्था संभव

- संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी फर्टिलिटी सेंटर में 'STAR (Sperm Tracking and Recovery)' तकनीक से जांच की गई।
- इस मामले में पति को एजोस्पर्मिया नामक दुर्लभ रोग था, जिसमें शुक्राणुओं की संख्या कम थी।
- इसमें AI की मदद से तीन जीवित शुक्राणु खोजे गए जो सामान्य माइक्रोस्कोप से संभव नहीं था।इन्हीं शुक्राणुओं से IVF के ज़रिए महिला गर्भवती हुई।

'STAR' तकनीक

- यह तकनीक सीमन को एक विशेष चिप पर रखती है, जिसे हाई-पावर्ड इमेजिंग से स्कैन किया जाता है।
- AI इसमें से 80 लाख से अधिक इमेज बनाकर शुक्राणुओं की पहचान करता है।
- तकनीक को **डॉ. जेव विलियम्स और टीम** ने विकसित किया है।
- यह दुनिया में पहला मामला है जहां AI से खोजे शुक्राणु से गर्भावस्था संभव हुई है।

गूगल द्वारा AMED API लॉन्च

- गूगल ने 10 जुलाई 2025 को भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए AMED API लॉन्च किया।
- इसका पूरा नाम Agricultural Monitoring and Event Detection API है।
- यह एक AI-संचालित ओपन-सोर्स टूल है, जो भारत भर में खेतों और फसलों की वास्तविक समय निगरानी करता है।
- इसे गूगल डीपमाइंड और गूगल पार्टनरशिप्स इनोवेशन टीम ने मिलकर विकसित किया है।

प्रमुख उद्देश्य

- पारंपरिक कृषि को डाटा-संचालित प्रणाली में बदलना।
- फसल प्रबंधन और निगरानी के जरिए किसानों की उत्पादकता व आय बढ़ाना।

मुख्य विशेषताएँ

- उपग्रह चित्रण और मशीन लर्निंग के माध्यम से निगरानी।
- हर दो सप्ताह में रियल-टाइम अपडेट।

मलेरिया की नई दवा को नवजात शिशुओं के लिए मंज़ूरी मिली

- कॉर्टेम नामक मलेरिया की दवा को नोवार्टिस द्वारा शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए विकसित किया गया है।
- यह नवजात बच्चों विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए दुनिया का पहला मलेरिया उपचार है।
- इससे पहले, शिशुओं का इलाज बड़े बच्चों की खुराक से किया जाता था, जिससे ओवरडोज़ और अन्य जोखिम होते थे।
- यह दवा अफ्रीका में निर्मित और वितरित की जाएगी, जहाँ मलेरिया से सबसे अधिक मौतें होती हैं।

एडफाल्सीवैक्स (EdFalciVax) – स्वदेशी मलेरिया वैक्सीन

- भारत 'एडफाल्सीवैक्स' नामक एक स्वदेशी मलेरिया वैक्सीन विकसित कर रहा है, जो Plasmodium falciparum परजीवी के खिलाफ प्रभावी होगी।
- यह वैक्सीन अभी पूर्व-नैदानिक चरण में है और इसमें संक्रमण को रोकने और सामुदायिक प्रसार को कम करने की क्षमता पाई गई है।
- यह वैक्सीन ICMR (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) और NII (राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की जा रही है।

एडफाल्सीवैक्स की विशेषताएं:

- यह एक बहु-चरणीय, पुनः संयोजक, काइमेरिक मलेरिया वैक्सीन है।
- वैक्सीन दो चरणों को लक्षित करती है:
  1. जब परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है।
  2. जब वह मच्छर के माध्यम से समुदाय में फैलता है।

मलेरिया

- मलेरिया एक परजीवीजनित रोग है जो Plasmodium परजीवी से होता है।
- यह रोग मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है।
- भारत में इसके मुख्य दो प्रकार हैं – Plasmodium vivax और Plasmodium falciparum।

भारत का पहला 'कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस'

- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और एम्स बीबीनगर, तेलंगाना ने मिलकर देश का पहला 'कार्बन फाइबर नकली पैर' विकसित किया है।

- यह प्रोस्थेसिस 125 किलो तक भार उठा सकता है और इसकी गुणवत्ता विदेशी मॉडलों के बराबर है।
- इसकी बायोमैकेनिकल टेस्टिंग हो चुकी है और यह तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा, जिससे विभिन्न भार वाले उपयोगकर्ता इसका लाभ उठा सकें।
- यह पहले से प्रचलित 'जयपुर फुट' से अलग है, जो रबर आधारित है।
- नया पैर हल्का, टिकाऊ और लचीला है और भारतीय जीवनशैली को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।
- दिव्यांग व्यक्ति इसे पहनकर चलने, दौड़ने और चढ़ाई करने जैसे कार्य आसानी से कर सकेंगे।

भारत का पहला स्वदेशी मलेरिया रोधी टीका

- भारतीय वैज्ञानिकों ने मलेरिया से बचाव के लिए देश का पहला स्वदेशी टीका विकसित किया है।
- इसे फिलहाल एडफाल्सीवैक्स (EdvaxFalciVac) नाम दिया गया है।
- यह टीका मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ प्रभावी है और 10 वर्षों से अधिक सुरक्षा प्रदान कर सकता है।
- इसका विकास ICMR और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (RMRC) के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है।
- इस टीके में Pfs-230 और Pfs48/45 प्रोटीन शामिल हैं, जो मजबूत एंटीबॉडी उत्पन्न कर संक्रमण को रोकते हैं।
- यह टीका कमरे के तापमान पर 9 महीने से अधिक समय तक स्थिर रहता है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में इसका भंडारण और वितरण सरल हो जाता है।

उन्नत ग्रीन मटेरियल विकसित

- बेंगलुरु स्थित नैनो और मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र (CeNS) के वैज्ञानिकों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सहयोग से एक नवीन ऊर्जा भंडारण सामग्री विकसित की है।
- यह सुपर कैपेसिटर की कार्यक्षमता को काफी हद तक बढ़ा सकती है।
- शोधकर्ताओं की टीम ने सिल्वर नियोबेट ($AgNbO_3$) पर कार्य किया, जो पर्यावरण-अनुकूल और सीसा-रहित पदार्थ है।
- इसमें लैंथेनम (La) तत्व को नैनोकणों में शामिल करने सेचार्ज-डिस्चार्ज गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।



- यह सुपरकैपेसिटर प्रौद्योगिकी में दुर्लभ पृथ्वी डोपिंग (जैसे La) की क्षमता को दर्शाता है।

भारतीय रेलवे का हाइड्रोजन ट्रेन परीक्षण

- भारतीय रेलवे ने 25 जुलाई 2025 को चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल परीक्षण किया।
- यह ट्रेन कोच स्वदेशी रूप से निर्मित है और इसका परीक्षण हरित ऊर्जा और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- इस तकनीक का उपयोग विशेष रूप से उन रेलमार्गों पर किया जाएगा जो अभी तक विद्युतीकृत नहीं हैं।
- हाइड्रोजन ट्रेनें केवल जलवाष्प छोड़ती हैं और शून्य टेलपाइप उत्सर्जन करती हैं, जिससे ये पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं।
- 'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' कार्यक्रम के तहत भारत 35 हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन करेगा।
- प्रत्येक ट्रेन की अनुमानित लागत ₹80 करोड़ है और प्रति मार्ग आधारभूत संरचना की लागत ₹70 करोड़ के आसपास है।
- एक पायलट परियोजना के तहत जिंद–सोनीपत मार्ग पर एक डीज़ल ट्रेन को हाइड्रोजन ईंधन से परिवर्तित किया जाएगा।

अभ्यास

PASSEX अभ्यास

- भारतीय नौसेना और हेलेनिक (ग्रीक) नौसेना ने 10 जुलाई 2025 को अरब सागर में मुंबई तट के पास संयुक्त पीएएसएसईएक्स (Passing Exercise) अभ्यास किया।
- PASSEX अभ्यास के तहत मित्र देशों के नौसैनिक जहाज एक-दूसरे के नजदीक होते हैं, जिससे संचालन क्षमता और अंतर-संचालन को बढ़ावा मिलता है।
- आईएनएस तरकश (INS Tarkash) ने भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व किया, जबकि ग्रीक पक्ष से एचएस पसरा (HS Psara) तैनात था।

सिम्बेक्स 2025 (SIMBEX 2025)

- यह भारत–सिंगापुर द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (32वाँ) है।
- इस अभ्यास में आईएनएस दिल्ली, आईएनएस सतपुड़ा, आईएनएस किल्टन और आईएनएस शक्ति जैसे प्रमुख युद्धपोतों ने भाग लिया।
- यह भारत तथा सिंगापुर की नौसेनाओं के बीच वार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना और आपसी सैन्य अंतरसंचालन को सुदृढ़ करना है।

टैलिस्मन सेबर 2025 सैन्य अभ्यास

- भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े सैन्य अभ्यास “टैलिस्मन सेबर 2025” में भाग लिया, जो 13 जुलाई 2025 से शुरू हुआ।
- इस अभ्यास में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका सहित 19 देशों की सेनाएँ शामिल हैं, जिसमें कुल 35,000 से अधिक सैनिक भाग ले रहे हैं।
- भारत की भागीदारी को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी सुरक्षा भूमिका से सम्बंधित है।

‘जा माता’ तटरक्षक अभ्यास

- यह भारतीय और जापानी तटरक्षक बल के बीच एक संयुक्त अभ्यास है।
- यह 12–7 जुलाई 2025 तक चेन्नई बंदरगाह (तमिलनाडु) में आयोजित किया गया।
- यह अभ्यास समुद्री रणनीति, खोज और बचाव (SAR), सुरक्षा जांच, आदि में तालमेल से संबंधित है।
- ‘जा माता’ है, जिसका अर्थ है “बाद में मिलते हैं”।

‘बोल्ड कुरुक्षेत्र 2025’

- भारत-सिंगापुर संयुक्त सैन्य अभ्यास “एक्सरसाइज बोल्ड कुरुक्षेत्र 2025” का 14वां संस्करण 28 जुलाई से 4 अगस्त 2025तक जोधपुर में आयोजित हुआ।
- इसमें भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट और सिंगापुर की 42 सिंगापुर आर्मर्ड रेजिमेंट ने हिस्सा लिया।
- अभ्यास का स्वरूप टेबल-टॉप और कंप्यूटर आधारित युद्ध रणनीति पर आधारित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य मशीनीकृत युद्ध संचालन की प्रक्रियाओं को परखना और दोनों देशों की सेनाओं के बीच इंटर ऑपरेबिलिटी को बढ़ाना है।

६. खेल परिदृश्य

राष्ट्रीय खेल नीति (NSP) 2025

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (NSP 2025) को 1 जुलाई 2025 को मंजूरी प्रदान की।
- यह नीति भारत के खेल क्षेत्र में व्यापक सुधार और राष्ट्रीय विकास हेतु महत्वपूर्ण है.
- NSP 2025 का उद्देश्य खेलों के माध्यम से समग्र राष्ट्रीय विकास को प्रोत्साहित करना है।
- यह नीति 2001 की राष्ट्रीय खेल नीति का स्थान लेगी।
- NSP 2025 भारत को खेलों में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर करना चाहती है।
- नीति का उद्देश्य भारत को वैश्विक खेल आयोजनों में एक सशक्त दावेदार बनाना है।
- यह नीति विशेष रूप से 2036 ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर केंद्रित है।

NSP 2025 के पाँच मुख्य स्तंभ :- नीति को पाँच स्तंभों पर आधारित किया गया है, जो खेल विकास के विविध पहलुओं को मजबूती प्रदान करते हैं:

1	**वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता** – अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उपाय
2	**आर्थिक विकास के लिए खेल** – खेल उद्योग, रोजगार और निवेश के अवसरों का विस्तार।
3	**सामाजिक विकास के लिए खेल** – समावेशन, लैंगिक समानता, और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना।
4	**एक जन आंदोलन के रूप में खेल** – जनसामान्य में खेलों की भागीदारी बढ़ाना।
5	**शिक्षा के साथ एकीकरण** – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत खेलों को शिक्षा प्रणाली में एकीकृत करना।

आयुष शेट्टी यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने

- कर्नाटक के आयुष शेट्टी ने 2025 BWF यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीता।
- यह उनके करियर का पहला सीनियर टाइटल है और 2025 BWF वर्ल्ड टूर में किसी **भारतीय खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत** है।
- उन्होंने फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया।
- भारत की तन्वी शर्मा (16 वर्षीय) महिला एकल में उपविजेता रहीं और इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बनीं।
- तन्वी को फाइनल में संयुक्त राज्य अमेरिका की बेइवेन झांग से 21-11, 16-21, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा।
- यूएस ओपन 2025 का आयोजन 24 से 29 जून तक मिड-अमेरिका सेंटर, आयोवा, अमेरिका में हुआ।
- यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 श्रेणी में शामिल था।

Badminton World Federation (BWF)

- स्थापना: 1934 (पूर्व नाम: इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन)।
- नाम परिवर्तन: 2006 में बीडब्ल्यूएफ (Badminton World Federation)।
- यह पुरुषों और महिलाओं के बैडमिंटन खेल का अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय है।
- मुख्यालय: कुआलालंपुर, मलेशिया।

तीरंदाजी विश्व कप 2025 (मैड्रिड)

- स्पेन के मैड्रिड में 8 से 13 जुलाई 2025 तक आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत ने कुल तीन पदक (दो रजत और एक कांस्य) जीते।
- दक्षिण कोरिया 3 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य सहित कुल 9पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा।
- भारत पदक तालिका में 8वें स्थान पर रहा।
- भारत ने सभी पदक कंपाउंड स्पर्धा में जीते।

रजत पदक (2):

- ज्योति सुरेखा वेन्नम: महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में।
- महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पृथिका प्रदीप के साथ

कांस्य पदक (1):

- कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव के साथ।

फीफा क्लब विश्व कप 2025: चेल्सी चैंपियन बनी

- इसका फाइनल 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी (अमेरिका) के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला गया।
- चेल्सी ने पीएसजी को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्व कप 2025 का खिताब जीता।
- कोल पामर ने दो गोल किए और तीसरे गोल में मदद की।
- चेल्सी का यह दूसरा खिताब है; पहला 2021 में जीता था।
- यह टूर्नामेंट 14 जून से 13 जुलाई 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित हुआ।
- इसमें 32 क्लबों ने भाग लिया (पहली बार)।
- **नोट:** यह खिताब रियल मैड्रिड ने सबसे अधिक 5 बार जीता है।

विंबलडन 2025

- इटली के जानिक सिनर ने पहली बार विंबलडन ट्रॉफी जीती।
- उन्होंने स्पेन के कार्लोस अल्कराज को फाइनल में 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।
- सिनर विंबलडन खिताब जीतने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बने है।
- यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है।

विंबलडन 2025 के विजेता सूची

श्रेणी	विजेता	देश
पुरुष एकल	जैनिक सिनर	इटली
महिला एकल	इगा स्वियाटेक	पोलैंड
पुरुष युगल	जूलियन कैश, लॉयड ग्लासपूल	ब्रिटेन
महिला युगल	वेरोनिका कुदेर्मेतोवा, एलिस मेर्टेंस	रूस, बेल्जियम
मिश्रित युगल	सैम वर्बीक, कतेरीना सिनियाकोवा	नीदरलैंड, चेकिया

हरिकृष्णन ए. रा. बने भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर

- चेन्नई के 23 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन ए. रा. भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर (GM) बने है।
- उन्होंने यह उपलब्धि 11 जुलाई 2025 को फ्रांस में आयोजित ला प्लेग्ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के दौरान हासिल की।
- इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल चौथा स्थान प्राप्त किया।
- ग्रैंडमास्टर शतरंज में सबसे उच्च और प्रतिष्ठित उपाधि है, जिसे FIDE (अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ) द्वारा प्रदान किया जाता है।

अंडर20- फ्रीस्टाइल कुश्ती चैंपियनशिप 2025

- भारत की अंडर-20 फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने बिश्केक (कजखस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में उपविजेता रहा।
- भारतीय पहलवानों ने फ्रीस्टाइल कुश्ती में कुल 8 पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य शामिल हैं।
- इसमें ईरान ने चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती।

स्वर्ण पदक विजेता

- अंकुश (57 किग्रा वर्ग)
- अमित (79 किग्रा वर्ग)

रजत पदक विजेता

- अश्विनी (65 किग्रा वर्ग)

कांस्य पदक विजेता

- सौरभ (70 किग्रा)
- सचिन – (86 किग्रा और 92 किग्रा दोनों वर्ग)
- विशाल (97 किग्रा)
- जसपूरन सिंह (125 किग्रा)

भारत को ISSF शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेज़बानी

- भारत 2027 में ISSF शूटिंग विश्व कप और 2028 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा।
- इसकी घोषणा 10 जुलाई 2025 को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) द्वारा की गई।
- यह निर्णय इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (ISSF) द्वारा लिया गया।

भारत को सौंपी गई प्रमुख प्रतियोगिताएँ:

- जूनियर वर्ल्ड कप – सितंबर 2025
- एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप – फरवरी 2026
- ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप – 2027
- वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप – 2028

शूटिंग लीग ऑफ इंडिया:

- भारत नवंबर 2025 में दिल्ली में पहली बार शूटिंग लीग ऑफ इंडिया की शुरुआत करेगा।
- इस अनोखी लीग में दुनिया के शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे और यह एक नवीन व रोमांचक प्रारूप में आयोजित होगी।
- इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी के बीच शूटिंग को लोकप्रिय बनाना, नए दर्शकों को जोड़ना और देशभर की प्रतिभाओं को मंच देना है।

हरविंदर सिंह ने रिकर्व ओपन श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता

- हरविंदर सिंह ने बीजिंग में आयोजित एशियाई पैरा-तीरंदाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की रिकर्व ओपन श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने थाईलैंड के हनरेउचाई नेत्सिरी को 7-1 के मजबूत स्कोर से हराया।
- इस प्रतियोगिता में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।
- हरविंदर ने भावना के साथ मिश्रित रिकर्व स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया।
- इसके अलावा, उन्होंने विवेक चिकारा के साथ पुरुष टीम रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक भी जीता।

विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में भारत ने 11 पदक जीते

- भारत ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में कुल 11 पदक जीते।इनमें 3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं।

स्वर्ण पदक	रजत पदक	कांस्य पदक
1.साक्षी (54 किग्रा वर्ग) 2.जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा वर्ग) 3.नूपुर (+80 किग्रा वर्ग)	1.पूजा रानी (80 किग्रा, महिला) 2.मीनाक्षी (48 किग्रा, महिला) 3.अविनाश जामवाल (65 किग्रा, पुरुष) 4.जुगनू (85 किग्रा, पुरुष) 5.हितेश गुलिया (70 किग्रा, पुरुष)	1.संजू (60 किग्रा, महिला) 2.नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा, पुरुष) 3.निखिल दुबे (75 किग्रा, पुरुष)

मेक्सिको ने अमेरिका को हराकर 10वां गोल्ड कप जीता

- मेक्सिको ने CONCACAF गोल्ड कप 2025 के फाइनल में अमेरिका को 2-1 से हराया।
- इसका फाइनल मुकाबला ह्यूस्टन, टेक्सास के NRG स्टेडियम में खेला गया।
- यह मेक्सिको की लगातार दूसरी गोल्ड कप जीत है और कुल मिलाकर यह उसकी 10वीं ट्रॉफी है।
- मेक्सिको ने CONCACAF नेशंस चैंपियनशिप भी हाल ही में जीती है।

अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025

- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने 8 जुलाई 2025 को उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता लीग 2025 के सीज़न का उद्घाटन किया।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 खेलों में852 अस्मिता लीग आयोजित करने की योजना है, जिससे 70,000+ महिला एथलीटों को जोड़ा जाएगा।
- अस्मिता पहल की शुरुआत 2021 में की गई थी, जिसका उद्देश्य खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है।
- यह पहल खेलो इंडिया मिशन का हिस्सा है और इसमें भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की मदद से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।

लक्ष्मी जडाला ने 2027 विशेष ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

- भारतीय पैरा लॉन टेनिस खिलाड़ी लक्ष्मी जडाला ने 2027 के विशेष ओलंपिक विश्व खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो काहिरा, मिस्र में आयोजित होगा।
- बौद्धिक विकलांगता के बावजूद, वह एशिया की शीर्ष रैंक वाली पैरा लॉन टेनिस खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने ग्वालियर, मध्य प्रदेश में आयोजित 2025 की राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-17 जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर यह योग्यता हासिल की।

ओलिविया स्मिथ अब तक की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर बनीं

- कनाडा की युवा स्टार फुटबॉलर ओलिविया स्मिथ ने महिला फुटबॉल के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
- उन्होंने इंग्लिश क्लब आर्सेनल के साथ चार साल के लिए 1 मिलियन पाउंड (लगभग ₹11.53 करोड़) का अनुबंध किया है।
- यह किसी महिला खिलाड़ी द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा करार है।
- इस डील के साथ, ओलिविया 1 मिलियन पाउंड क्लब में शामिल होने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।
- उनका सालाना वेतन करीब ₹3 करोड़ होगा।

इटली और नीदरलैंड्स ने T20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

- इटली और नीदरलैंड्स ने यूरोप क्वालिफायर्स के अंतिम दिन ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 हेतु क्वालीफाई किया है।
- ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 भारत और श्रीलंका द्वारा सह-आयोजित किया जाएगा।
- इटली ने पहली बार T20 वर्ल्ड कप में जगह बनाई है।
- अब तक 15 टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं।
- इस तरह 20 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा।

जून 2025 के ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

- **पुरुष वर्ग – ऐडन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका)**
- ऐडन मार्कराम को जून 2025 के लिए ICC प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया।
- उन्होंने लॉर्ड्स में WTC फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 207 गेंदों में 136 रन की विजयी पारी खेली।
- **महिला वर्ग – हेले मैथ्यूज़ (वेस्टइंडीज)**
- हेले मैथ्यूज़ को जून 2025 की ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया।
- उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 104 रन और 4 विकेट लिए।

इंडोनेशिया आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 की मेज़बानी करेगा

- आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 से 25 अक्टूबर 2 तक इंडोनेशिया में जकार्ता के सेनायन में होगा।
- यह पहली बार होगा जब कोई दक्षिण पूर्व एशियाई देश इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेज़बानी करेगा।
- इस चैंपियनशिप में 86 देशों और क्षेत्रों ने पंजीकरण कराया है, जो एक रिकॉर्ड है।
- इस बार 600 से अधिक एथलीट विभिन्न पुरुष और महिला कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने आईपीएल की सबसे मूल्यवान टीम बनी

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) चेन्नई सुपर किंग्स को पीछे छोडकर आईपीएल की सबसे मूल्यवान टीम बन गई है।
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की ब्रांड वैल्यू $269 मिलियन तक पहुंच गई है।
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने हाल ही में आईपीएल 2025 का खिताब जीता था।
- आईपीएल की कुल एंटरप्राइज वैल्यू 12.9% बढ़कर $18.5 अरब हो गई है।
- मुंबई इंडियंस (MI) $242 मिलियन वैल्यू के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) $235 मिलियन के साथ तीसरे स्थान पर है।
- पंजाब किंग्स (PBKS) ने 40% वार्षिक वृद्धि के साथ सबसे तेज़ ग्रोथ दर्ज की।

डी. गुकेश ने जाग्रेब सुपरयूनाइटेड रैपिड चेस खिताब जीता

- भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने क्रोएशिया के जाग्रेब में आयोजित सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड प्रारूप में खिताब अपने नाम किया।
- यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा है।
- गुकेश ने 18 में से 14 अंक अर्जित किए।

- अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो को 36 चालों में हराया।
- उन्होंने 9 में से 6 मुकाबले जीते, 2 ड्रॉ रहे और एक हार मिली।
- उन्होंने इस टूर्नामेंट कार्लसन को एक महीने में दूसरी बार मात दी।
- टूर्नामेंट का ब्लिट्ज चरण 5 से 6 जुलाई तक होगा। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों के संयुक्त अंकों से ओवरऑल विजेता तय किया जाएगा।

नीरज चोपड़ा क्लासिक

- नीरज चोपड़ा ने बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित पहली नीरज चोपड़ा क्लासिक चैम्पियनशिप जीती।
- उन्होंने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर दूर भाला फेंक कर पहला स्थान हासिल किया।
- केन्या के जूलियस गो ने 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान और श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे तीसरे स्थान पर रहे (84.34 मीटर)।
- नीरज ने यह टूर्नामेंट JSW स्पोर्ट्स और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर आयोजित किया।
- इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा 'A' श्रेणी का दर्जा मिला है।
- नीरज इससे पहले पेरिस डायमंड लीग (20 जून), ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक (24 जून) में भी शीर्ष पर रहे थे।

वैभव सूर्यवंशी ने बनाया U19- वनडे में सबसे तेज शतक

- भारत के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने 52 गेंदों में शतक लगाकर अंडर-19 वनडे में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने यह उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ वॉर्सेस्टर में वनडे मैच में हासिल की।
- इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था (53 गेंदें)।
- वैभव ने आईपीएल में 14 साल 32 दिन की उम्र में भी 35 गेंदों में शतक बनाया था – यह लीग का दूसरा सबसे तेज शतक है और वह सबसे युवा शतकवीर भी हैं।

यूरोपीय एथलेटिक्स मीट में भारत को दो स्वर्ण पदक

- भारत के मोहम्मद अफसल पुलिक्कलाकाथ ने 800 मीटर दौड़ में और प्रवीण चित्रावेल ने ट्रिपल जंप में खिताब जीते।
- अफसल ने चेक गणराज्य में आयोजित स्विएटेल्स्की ग्रां प्री टैबोर 2025 में 1:47.01 मिनट में रेस पूरी की।
- **नोट:** मोहम्मद अफसल ने एशियाई खेल 2023 में 800 मीटर में 1:48.43 के समय के साथ रजत पदक जीता था।
- स्पेन में प्रवीण चित्रावेल ने **पैम्प्लोना में एक्स मीटिंग मेमोरियल जोस लुइस हर्नांडेज 2025 एथलेटिक्स मीट** में ट्रिपल जंप इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।
- प्रवीण चित्रावेल ने 16.80 मीटर की छलांग लगाई।

सभी तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, T20) में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी

- भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, T20) में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं है।
- यह उपलब्धि उन्होंने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले T20I में हासिल की, जहाँ उन्होंने 112 रन बनाए।
- वे वैश्विक स्तर पर उन 5 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने तीनों प्रारूपों में शतक बनाए हैं।

दिव्यांशी भौमिक ने एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर - 15 गर्ल्स सिंगल्स का खिताब

- दिव्यांशी भौमिक ने 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता है।
- फाइनल में उन्होंने चीन की झू किही को 4-2 से हराया।
- यह चैंपियनशिप उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित की गई।
- दिव्यांशी, इस आयु वर्ग में 36 वर्षों में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं है।
- इससे पहले सुब्रमण्यम भुवनेश्वरी ने 1989 में यह खिताब नई दिल्ली में जीता था।

जूनियर राष्ट्रीय रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025

- बिहार ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जूनियर राष्ट्रीय रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।
- बिहार के लड़कों और लड़कियों की टीमों ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 10वीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025 में खिताबी जीत दर्ज की।
- वर्ष 2022 के बाद दूसरी बार बिहार की टीम ने दोनों वर्गों में साथ खिताब जीता है।
- बिहार की लड़कियों की टीम ने फाइनल में ओडिशा को 14-5 से हराया।

- बिहार की लड़कों की टीम ने फाइनल में ओडिशा को 17-15 से हराकर खिताब जीता।
- W यह प्रतियोगिता भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ, उत्तराखंड सरकार और उत्तराखंड रग्बी एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की गई थी।
- इसमें 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग लेते हैं।

बिहार में पहली भारतीय ओपन एथलेटिक्स मीट 2025 का आयोजन

- बिहार की राजधानी पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 जुलाई 2025 को पहली बार भारतीय ओपन एथलेटिक्स मीट आयोजित की गई।
- यह एक दिवसीय आयोजन था, जिसमें 400 से अधिक एथलीट ने भाग लिया।
- यह बिहार में आयोजित होने वाला पहला बड़ा राष्ट्रीय एथलेटिक्स इवेंट था।
- इसका उद्देश्य बिहार में एथलेटिक्स के प्रति रुचि और खेल विकास को प्रोत्साहित करना है।

134वाँ डूरंड कप 2025

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 4 जुलाई 2025 को 3 ट्रॉफियों – डूरंड कप, शिमला ट्रॉफी और प्रेसिडेंट्स कप का अनावरण करकिया गया।
- यह टूर्नामेंट दुनिया की तीसरी सबसे पुरानी और एशिया की सबसे पुरानी क्लब आधारित फुटबॉल प्रतियोगिता है।
- इसका आयोजन 23 जुलाई से 23 अगस्त 2025 को भारत के 5 राज्य – पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय, मणिपुर में किया जाएगा।
- इसका पहली बार पांच राज्यों में आयोजन होगा।
- इसमें कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जो छह समूहों में बांटी गई हैं।
    - नोट: पहली बार इंडोनेशियाई सेना की टीम भाग ले रही है
- **गत विजेता:**नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने 2024 में मोहन बागान सुपर जायंट को हराकर खिताब जीता था।

सुजीत ने पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज़ 2025 में स्वर्ण जीता

- भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज़ 2025 में 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- सुजीत ने फाइनल में अज़रबैजान के अली रहीमज़ादे को 5-1 से हराया।
- यह 2025 की यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की रैंकिंग सीरीज़ में भारत का पहला स्वर्ण पदक है।
- इसके आलावा भारत के राहुल ने 57 किग्रा वर्ग में जर्मनी के निकलास स्टेचेले को 0-4से हराकर कांस्य पदक जीता।

भारत करेगा FIDE शतरंज वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी

- भारत में FIDE चेस वर्ल्ड कप 2025 -30 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक आयोजित होगा।
- यह प्रतियोगिता नॉकआउट फॉर्मेट में होगी, जिसमें 206 खिलाड़ी भाग लेंगे।
- शीर्ष तीन खिलाड़ी सीधे 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगे, जो विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का निर्धारण करेगा।

भारत में आयोजित प्रमुख शतरंज टूर्नामेंट

- 2022 – FIDE शतरंज ओलंपियाड
- 2024 – टाटा स्टील चेस, FIDE वर्ल्ड जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप
- 2025 – FIDE महिला ग्रैंड प्रिक्स (LEG- 5) अप्रैल में आयोजित

दिव्या देशमुख वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला

- भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे महिला चेस वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है।
- वे इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं।
- जॉर्जिया के बातुमी में आयोजित सेमीफाइनल में दिव्या ने पूर्व विश्व चैम्पियन चीन की तान झोंगयी को 1.5-0.5 के अंतर से हराया।
- इस जीत के साथ 19 वर्षीय दिव्या ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है और उन्हें ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी प्राप्त हुआ है।

FIDE विमेन वर्ल्ड कप 2025: कोनेरू हंपी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला

- कोनेरू हंपी ने जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित FIDE विमेन वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराया।
- इस टूर्नामेंट में पहली बार चार भारतीय महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं:

1. कोनेरू हंपी
2. हरिका द्रोणावल्ली
3. आर. वैशाली (हारीं)
4. दिव्या देशमुख

पोल्याक इमरे और वर्गा जानोस कुश्ती प्रतियोगिता 2025

- बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित पोल्याक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में भारतीय पहलवानों ने कुल 10 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य) जीते।
- यह यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (UWW) की वर्ष की अंतिम रैंकिंग प्रतियोगिता थी।

भारत के पदक विजेता

स्वर्ण पदक	रजत पदक	कांस्य पदक
1. सुजीत कलकल – पुरुष फ्रीस्टाइल, 65 किग्रा 2. अंतिम पंघाल – महिला फ्रीस्टाइल, 53 किग्रा 3. हर्षिता – महिला फ्रीस्टाइल, 72 किग्रा	1. नेहा सांगवान – महिला फ्रीस्टाइल, 57 किग्रा 2. प्रिया मलिक – महिला फ्रीस्टाइल, 76 किग्रा 3. सुमित – पुरुष ग्रीको-रोमन, 60 किग्रा	1. नीलम–महिला फ्रीस्टाइल, 50 किग्रा 2. मनीषा–महिला फ्रीस्टाइल, 62 किग्रा 3. राहुल – पुरुष फ्रीस्टाइल, 57 किग्रा 4. अनिल मोर – पुरुष ग्रीको-रोमन, 55 किग्रा

मुरली श्रीशंकर ने माइया स्पोर्ट्स मीट में स्वर्ण पदक जीता

- भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल में आयोजित माइया स्पोर्ट्स मीट में 7.75 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।
- यह इवेंट विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) का हिस्सा था।
- श्रीशंकर की दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग 7.69 मीटर रही, जिससे उन्हें टाई-ब्रेक नियम के आधार पर विजेता घोषित किया गया।
- पोलैंड के पियोत्र तारकोव्स्की को रजत, और ऑस्ट्रेलिया के क्रिस मित्रेव्स्की को कांस्य पदक मिला।

श्रीशंकर की अन्य उपलब्धियाँ:

- 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक
- 2023 पेरिस डायमंड लीग में लंबी कूद में तीसरा स्थान
- वे नीरज चोपड़ा और विकास गौड़ा के बाद डायमंड लीग में शीर्ष-3 में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हैं।

एंसी सोजन को लिगानो एथलेटिक्स मीट में कांस्य पदक

- भारतीय नौसेना की एंसी सोजन ने इटली में आयोजित लिगानो एथलेटिक्स मीट (कॉण्टिनेंटल टूर – कांस्य स्तर) में 6.36 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता।
- स्वर्ण पदक ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडज़ोव्स्की (6.47 मीटर) और रजत दक्षिण अफ्रीका की डेनिएल नोल्टे (6.44 मीटर) को मिला।
- एंसी सोजन 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीत चुकी हैं।

जाह्नवी जिंदल के स्केटिंग में पांच गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

- चंडीगढ़ की 17 वर्षीय जाह्नवी जिंदल ने फ्री-स्टाइल इनलाइन स्केटिंग में एक साथ 5 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए है।
- वह 18 वर्ष से कम आयु की पहली भारतीय महिला स्केटर हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।
- वह 2019 में राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप (विशाखापत्तनम) में स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

लॉस एंजिल्स 2028 में टी20 प्रारूप शामिल

- क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किया गया है, और यह टी20 प्रारूप में लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में खेला जाएगा।
- 6-6 पुरुष और महिला टीमें हिस्सा लेंगी, और सभी मुकाबले कैलिफ़ोर्निया के पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे।
- इससे पहले क्रिकेट सिर्फ 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जिसमें ब्रिटेन और फ्रांस के बीच एक ही मैच हुआ था।
- क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को भी 2028 ओलंपिक में शामिल किया गया है।

सुधांशु मित्तल पुनः भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष बने

- सुधांशु मित्तल को 2025 से 2029 तक के लिए भारतीय खो-खो महासंघ (KKFI) का अध्यक्ष निर्विरोध रूप से चुना गया है।
- नई कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य:

- **महासचिव:** उपकार सिंह विर्क (पंजाब खो-खो संघ)
- उपाध्यक्ष: 8 सदस्य

भारतीय खो-खो महासंघ:

- स्थापना: 1955
- यह भारत में खो-खो खेल को बढ़ावा देने वाली प्रमुख संस्था है।
- खो-खो विश्व कप 2025 का आयोजन (13–19 जनवरी, नई दिल्ली) हुआ था।
    - इसमें भारत की पुरुष व महिला टीम दोनों ने खिताब जीता था।

डल झील में पहली बार खेलो इंडिया जल खेल महोत्सव 2025

- डल झील, श्रीनगर में 24-21 अगस्त 2025 को पहली बार खेलो इंडिया जल खेल महोत्सव का आयोजन होगा।
- इसकी घोषणा केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने की।
- प्रतियोगिता स्वरूप: ओपन-एज (Open Age)
- भागीदारी: 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 400+ एथलीट

शामिल जल खेल:

1. कयाकिंग और कैनोइंग
2. रोइंग (Rowing)
3. वॉटर स्कीइंग
4. शिकारा रेस
5. ड्रैगन बोट रेस

- उद्देश्य:नवोदित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना, स्थानीय पर्यटन, युवा जुड़ाव और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना।

ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2027, 2029 और 2031 की मेजबानी इंग्लैंड करेगा

- आईसीसी ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को आगामी तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल—2027, 2029 और 2031—की मेजबानी सौंपी है।
- इसके अलावा तिमोर-लेस्ते और जाम्बिया को आईसीसी के नए एसोसिएट सदस्य के रूप में शामिल किया गया, जिससे कुल सदस्य देशों की संख्या 110 हो गई।

ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल के परिणाम

वर्ष	स्थान	टीमें	विजेता
2021	साउथेम्प्टन	भारत बनाम न्यूज़ीलैंड	न्यूज़ीलैंड
2023	ओवल, लंदन	भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया	ऑस्ट्रेलिया

अनाहत सिंह ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता

- भारत की शीर्ष महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने काहिरा (मिस्र) में आयोजित विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता।
- अनाहत ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाडी है, इससे पहले दीपिका पल्लीकल ने 2010 में कांस्य पदक जीता था।

अनाहत सिंह

- ब्रिटिश ओपन अंडर-11 में स्वर्ण पदक जीता था
- 2021 यूएस ओपन अंडर-15 की विजेता पहली भारतीय
- 2023 ब्रिटिश जूनियर ओपन अंडर-15 एकल खिताब विजेता
- हांग्जो एशियाई खेल 2023 में दो कांस्य पदक (महिला टीम और मिश्रित स्पर्धा में)
- 2024 में 9 PSA चैलेंजर खिताब जीते
- 2024–25 PSA अवॉर्ड्स में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला चैलेंजर खिलाड़ी और वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला युवा खिलाड़ी (मिस्र की अमीना ओर्फी के साथ साझा सम्मान) (2 सम्मान)

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

- इनका आयोजन 16 - 27 जुलाई 2025 तक जर्मनी के राइन-रूहर में किया जा रहा है
- ये जर्मन शहर बोचुम, डुइसबर्ग, एसेन, मुलहेम एन डेर रूहर, हेगन और बर्लिन में आयोजित किए गए।
- इसमें 18 खेल शामिल किए गए
- परनीत कौर और कुशल दलाल की जोड़ी ने मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी में दक्षिण कोरिया को 157-154 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

- यह भारत का डब्ल्यूयूजी 2025 में पहला स्वर्ण पदक है।

FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भारत के मेडल

- परनीत कौर/कुशल दलाल आर्चरी (कंपाउड मिक्स्ड टीम)– स्वर्ण पदक
- भारतीय टीम, आर्चरी (मेंस कंपाउड टीम)– रजत पदक
- भारतीय टीम, बैडमिंटन (मिश्रित स्पर्धा) - कांस्य पदक
- वैष्णवी अदकर, टेनिस (महिला एकल) - कांस्य पदक
- भारतीय टीम, आर्चरी (वूमेंस कंपाउड टीम) - कांस्य पदक

रिले पॉवेल IBSF वर्ल्ड -6रेड स्नूकर चैंपियनशिप 2025 जीते

- वेल्स के 16 वर्षीय खिलाड़ी रिले पॉवेल ने IBSF वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भारत के पंकज आडवाणी को 5-4 से हराकर खिताब जीता।
- यह चैंपियनशिप बहरीन के मनामा में आयोजित हुई थी।
- आडवाणी ने शुरुआती फ्रेमों में बढ़त बनाई, लेकिन पॉवेल ने वापसी करते हुए अंतिम पांच में से चार फ्रेम जीतकर फाइनल अपने नाम किया।

बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप 2025

- यह चैंपियनशिप इंडोनेशिया के सोलो में आयोजित की गई।
- भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के एक ही संस्करण में पहली बार महिला एकल वर्ग में दो पदक जीते।
- तन्वी शर्मा और वेन्नला कलागोटला दोनों ने अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते।
- तन्वी शर्मा को टूर्नामेंट की चीनी खिलाडी यिन यी चिंग ने 35 मिनट में 13-21, 14-21 से पराजित किया।
- तन्वी हाल ही में यूएस ओपन 2025 की सबसे कम उम्र की भारतीय फाइनलिस्ट रही।
- इसके अलावा वेन्नला कालागोटला ने चीन की लियू सी या से 37 मिनट में 15-21, 18-21 से हार गई और कांस्य पदक जीता।

7. पुरस्कार एवं सम्मान

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पुरस्कार वितरित किए।
- केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए।
- स्वच्छ सर्वेक्षण के पुरस्कारों में महाकुंभ को विशेष मान्यता सहित 43 राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- इसमें 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य विजेता शहर

श्रेणी	विजेता
प्रीमियर सुपर स्वच्छ लीग	इंदौर, सूरत, नवी मुंबई
भारत के नए शीर्ष स्वच्छ शहर	अहमदाबाद, भोपाल, लखनऊ
सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर	प्रयागराज
सर्वश्रेष्ठ छावनी बोर्ड	सिकंदराबाद
सफाई मित्र सुरक्षित शहर	विशाखापत्तनम, जबलपुर, गोरखपुर

- प्रयागराज मेला अधिकारी व नगर निगम को महाकुंभ 2024 के लिए विशेष पुरस्कार (बेहतरीन कचरा प्रबंधन हेतु) से सम्मानित किया गया।
- इसके तहत राष्ट्रपति द्वारा 78 शहरों को 4 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए।

- इसके तहत 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के शहरों को “भविष्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन की संभावना” पुरस्कार दिए गए।
- इसमें ‘एक शहर, एक पुरस्कार’ सिद्धांत के आधार पर छोटे-बड़े सभी शहरों को समान अवसर दिए गए है।

स्वच्छ शहर साझेदारी” पहल

- इस पहल का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 17 जुलाई 2025 को किया।
- इसके तहत पूर्ण स्वच्छता वाले शहर अन्य शहरों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।
- इस पहल के तहत, सभी 78 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर (सभी जनसंख्या श्रेणियों में) संबंधित राज्यों के एक-एक निम्न प्रदर्शन करने वाले शहर को अपनाएंगे।
- ये शहर अपने अनुभवों के माध्यम से कम प्रदर्शन करने वाले शहरों को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे।
- मंत्र: "हर एक, स्वच्छ एक शहर"।

डंपसाइट उपचार विशेष अभियान

- 15 अगस्त 2025 से एक वर्षीय कूड़ाघर सफाई कार्यक्रम की शुरुआत होगी।
- उद्देश्य: पुराने ठोस अपशिष्ट का त्वरित निपटान और कचरा मुक्त शहरी क्षेत्र।
- वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा।

लीला अबुलेला को 2024 का पेन पिंटर पुरस्कार

- सूडानी-ब्रिटिश लेखिका लीला अबुलेला को 2024 का पेन पिंटर पुरस्कार(PEN Pinter Award)से सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार आस्था, प्रवासन और महिलाओं के जीवन पर उनके प्रभावशाली लेखन के लिए मिला।
- उनके प्रमुख कार्यों में The Translator, Elsewhere, Home, और 2023 में प्रकाशित River Spirit शामिल हैं।
- आधिकारिक पुरस्कार समारोह 10 अक्टूबर को ब्रिटिश लाइब्रेरी, लंदन में आयोजित होगा।
- यह पुरस्कार UK, आयरलैंड या राष्ट्रमंडल देशों के लेखकों को प्रदान किया जाता है।

दीपिका को मिला 2024-25 पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड

- भारतीय हॉकी खिलाड़ी दीपिका और बेल्जियम के विक्टर वेगनेज़ ने क्रमशः महिला और पुरुष **FIH पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड 2024-25** जीते।
- वह इस पुरस्कार को जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं है।
- यह पुरस्कार FIH प्रो लीग में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत रचनात्मक खेल के क्षणों को मान्यता देता है।
- दीपिका को यह सम्मान नीदरलैंड के खिलाफ शानदार एकल गोल के लिए मिला, जो कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में हुआ था।

वर्षा देशपांडे को मिला 2025 का संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार

- महाराष्ट्र की वर्षा देशपांडे को 2025 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार से व्यक्तिगत श्रेणी में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान लिंग समानता को बढ़ावा देने और लिंग-चयनात्मक गर्भपात के खिलाफ आजीवन संघर्ष के लिए मिला।
- यह पुरस्कार 11 जुलाई 2025 (विश्व जनसंख्या दिवस) को न्यूयॉर्क में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
- उन्होंने PCPNDTकानून के प्रभावी क्रियान्वयन और अवैध लिंग परीक्षण रोकने के लिए स्टिंग ऑपरेशन भी किए।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार

- इस पुरस्कार की स्थापना 1981 में हुई और यह पहली बार 1983 में प्रदान किया गया। इसमें स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र और नकद राशि दी जाती है।
- इसका उद्देश्य जनसंख्या व प्रजनन स्वास्थ्य में कार्यरत व्यक्तियों और संगठनों को वैश्विक मान्यता देना है।

धर्मेंद्र प्रधान को कलिंग रत्न पुरस्कार 2024

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कटक (ओडिशा) में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कलिंग रत्न पुरस्कार 2024 प्रदान किया।
- यह पुरस्कार धर्मेंद्र प्रधान को उनके शैक्षणिक सुधारों और नीतिगत नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया।
- यह सम्मान सरला साहित्य संसद द्वारा दिया जाता है।
- सरला दास को ओड़िया साहित्य के आदिकवि माना जाता है; उन्होंने ओड़िया महाभारत की रचना की थी।
- कलिंग रत्न पुरस्कार हर वर्ष उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा, साहित्य, संस्कृति या सार्वजनिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।

शरण कुमार लिम्बाले को चिंथा रविंद्रन पुरस्कार 2025

- मराठी लेखक व आलोचक शरणकुमार लिम्बाले को चिंथा रविंद्रन पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार उन्हें साहित्य और सामाजिक चिंतन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा।
- इस पुरस्कार में ₹50,000 की नकद राशि, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है।
- यह सम्मान 26 जुलाई 2025 को कोझिकोड के के. पी. केशवमेनन हॉल में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।
- चिंथा रविंद्रन पुरस्कार प्रतिवर्ष ऐसे लेखक को दिया जाता है जिसने दलित विमर्श, समानता और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर प्रभाव डाला हो।
- यह पुरस्कार वामपंथी विचारक चिंथा रविंद्रन की स्मृति में दिया जाता है।

दीपिका पादुकोण हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

- दीपिका पादुकोण हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार पाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं।
- यह घोषणा 3 जुलाई 2025 को की गई, और वह 2026 की सूची (Class of 2026) में शामिल हुईं।
- **अन्य चयनित हस्तियां:** माइली साइरस, टिमोथी चालमेट, एमिली ब्लंट, गॉर्डन राम्से, रेचल मैकऐडम्स, मैरियन कोटिलार्ड।

दीपिका की वैश्विक उपलब्धियाँ:

- उन्होंने 2017 में हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'XXX: Return of Xander Cage' से किया था।
- वह Met Gala और Cannes Film Festival में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्हें Time Magazine की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में भी शामिल किया जा चुका है।

भद्राद्री कोठागुडेम (तेलंगाना) को ओपन-सोर्स GIS पुरस्कार दिया गया

- तेलंगाना के **भद्राद्री कोठागुडेम जिले को** जन-कल्याण के लिए जीआईएस तकनीक के प्रभावी उपयोग हेतु ओपन-सोर्स जीआईएस कोहोर्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार जिला कलेक्टर जितेश वी. पाटिल को दिया गया।
- यह पुरस्कार गोदावरी नदी की बाढ़ की भविष्यवाणी और उससे संबंधित जनसमस्याओं के समाधान में जीआईएस के नवाचारी उपयोग के लिए मिला।
- जिले ने कौशल विकास कार्यक्रमों और विभिन्न विभागों के डेटा के एकीकरण में भी जीआईएस का प्रभावी उपयोग किया।

'मेरी पंचायत' ऐप को WSIS 2025 चैंपियन पुरस्कार प्राप्त

- केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की "मेरी पंचायत" ऐप ने WSIS 2025 चैंपियन पुरस्कार जीता है।
- यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र विश्व सूचना समाज शिखर सम्मेलन (WSIS) +20 फोरम के उच्च-स्तरीय कार्यक्रम के दौरान घोषित किया गया।
    - यह7 से 11 जुलाई 2025 के बीच जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित हुआ।
- इस ऐप को "सांस्कृतिक विविधता और पहचान, भाषाई विविधता और स्थानीय विषयवस्तु" की श्रेणी में चैंपियन घोषित किया गया।

'मेरी पंचायत' ऐप	• यह ऐप एक मोबाइल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है, जिसे पंचायती राज मंत्रालय ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के सहयोग से विकसित किया है। • यह ऐप 2.65 लाख ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से जोड़ता है और 25 लाख निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा लगभग 95 करोड़ ग्रामीण नागरिकों को सशक्त बनाता है। • ऐप ग्रामीण नागरिकों को शासन और विकास से जुड़ी जानकारी वास्तविक समय में मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराता है।
WSIS+20 फोरम	• WSIS+20 फोरम एक उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन है जो 2004 से हर वर्ष जिनेवा में आयोजित होता रहा है। • यह डिजिटल नवाचार और समावेशी सूचना समाज के विकास को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है।

गीतांजलि श्री को PEN ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025

- प्रसिद्ध हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री को उनकी पुस्तक 'वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर(Once Elephants Lived Here)' (मूल भाषा: हिंदी) के अंग्रेज़ी अनुवाद के लिए PEN ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह अनुवाद डेज़ी रॉकवेल द्वारा किया गया।
- PEN अवॉर्ड उन साहित्यिक कृतियों को दिया जाता है, जिनका अंग्रेज़ी में अनुवाद हुआ हो और जो वैश्विक साहित्य में विशेष योगदान देती हों।
- यह पुरस्कार English PEN संस्था द्वारा SALT प्रकाशन के सहयोग से प्रदान किया जाता है।

PEN ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025 के अन्य प्रमुख विजेता

1. सारा शगुफ्ता (पाकिस्तान)
2. मोहम्मद अल-असद (फिलीस्तीन)
3. डैनियला कैट्रीलियो (चिली)
4. कॉन्सेइसाओ एवरिस्टो (ब्राज़ील)
5. मारिया स्टेपानोवा (रूस)
6. एना पाउला माइया (ब्राज़ील)

गीतांजलि श्री

- मैनपुरी, उत्तर प्रदेश से है
- प्रसिद्ध कृति: रेत समाधि (अनुवाद: Tomb of Sand)
- प्रमुख पुरस्कार:इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार 2022, PEN ट्रांसलेट अवॉर्ड 2025
- यह हिंदी की पहली लेखिका है जिन्हें बुकर पुरस्कार प्राप्त हुआ

ISRO प्रमुख डॉ. वी. नारायणन को जी.पी. बिड़ला मेमोरियल पुरस्कार 2025

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन को वर्ष 2025 का जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- यह सम्मान उन्हें भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट योगदान और अत्याधुनिक तकनीकों के नेतृत्व के लिए दिया गया है।
- यह पुरस्कार विज्ञान, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रभावशाली योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।
- यह सम्मान घनश्यामदास (जी.पी.) बिड़ला की स्मृति में स्थापित किया गया है और इसका संचालन निर्मला बिड़ला की अध्यक्षता में होता है।
- डॉ. नारायणन ने ISRO में क्रायोजेनिक प्रणोदन तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है और वे LPSC (लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर) के निदेशक भी रह चुके हैं।
- उनके नेतृत्व में गगनयान, चंद्रयान3- और आदित्य-एल1 जैसे मिशनों का सफल परीक्षण और एकीकरण हुआ है।

8. चर्चित व्यक्तित्व

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा

- भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य कारणों के कारण इस्तीफा दे दिया।
- उपराष्ट्रपति पद छोड़ने के लिए उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67 (क) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को त्यागपत्र सौंपा।
- **नोटः** भारतीय संविधान में कार्यवाहक उपराष्ट्रपति का कोई प्रावधान नहीं है।
- पद रिक्त रहने पर राज्यसभा के उपसभापति सदन के पीठासीन अधिकारी बनते हैं।
- अनुच्छेद 68 (ख) के अनुसार, इस्तीफा, मृत्यु या अन्य कारण से पद खाली होने पर नया चुनाव "यथाशीघ्र" कराया जाता है।

जगदीप धनखड़

- जन्मः 18 मई 1951, किठाना गाँव, झुझुनू, राजस्थान
- पेशाः वकील; 1987 में जयपुर बार एसोसिएशन के सबसे युवा अध्यक्ष
- 1989: झुझुनू से लोकसभा सदस्य
- 1993: किशनगढ़ से विधायक
- 1990: केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री
- 2019–2022: पश्चिम बंगाल के राज्यपाल
- 2022–2025: भारत के उपराष्ट्रपति

कार्यकाल पूर्ण होने से पहले इस्तीफा देने वाले उपराष्ट्रपति

- वी.वी. गिरि (1967–1969): राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया।
- भैरों सिंह शेखावत (2002–2007) : राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद इस्तीफा दिया।
- जगदीप धनखड़ (2022–2025): स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा।
- **नोटः** आर. वेंकटरमन, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन ने राष्ट्रपति बनने के बाद उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था।
- के. कृष्णकांत भारत के एकमात्र उपराष्ट्रपति थे जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ (1997–2002)

राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों का मनोनयन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उज्ज्वल निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।
- इनकी नियुक्ति की अधिसूचना गृह मंत्रालय द्वारा 12 जुलाई 2025 को जारी की गई।
- इन सभी को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने की तिथि से 6 वर्ष की अवधि के लिए नामित किया गया है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत, राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 हो सकती है।
- इनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नामित किए जाते हैं, जो साहित्य, कला, विज्ञान या समाज सेवा में विशेष अनुभव रखते हैं।
- वर्तमान में राज्यसभा में कुल 245 सदस्य हैं, जिनमें 233 निर्वाचित और 12 मनोनीत सदस्य होते हैं।

नाम	परिचय	प्रमुख उपलब्धियाँ
उज्ज्वल निकम	प्रसिद्ध सरकारी वकील	11/26 मामले में अजमल कसाब को सजा दिलवाई
सी. सदानंदन मास्टर	केरल के भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता	1994 में CPI(M) हमले में पैर गंवाए, समाज सेवा में सक्रिय
हर्षवर्धन श्रृंगला	पूर्व विदेश सचिव, IFS अधिकारी	विदेश सचिव (22–2020), G20- समन्वयक (2023), 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में भूमिका
डॉ. मीनाक्षी जैन	इतिहासकार और लेखिका	भारतीय संस्कृति पर पुस्तकें, 2020 में पद्म श्री से सम्मानित

नए राज्यपाल और उपराज्यपाल की नियुक्तियाँ

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 14 जुलाई 2025 को 3 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपालों की नियुक्ति की।

नाम	नियुक्ति	पूर्ववर्ती	प्रमुख पृष्ठभूमि / अनुभव
पुसापति अशोक गजपति राजू	गोवा के 20वें राज्यपाल	पी.एस. श्रीधरन पिल्लई	तेलुगु देशम पार्टी के नेता, 2018–2014 तक नागरिक उड्डयन मंत्री
अशीम कुमार घोष	हरियाणा के 19वें राज्यपाल	बंडारू दत्तात्रेय	राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर (मनिंद्र चंद्र कॉलेज, कोलकाता); 2002–1999 में भाजपा बंगाल अध्यक्ष
कविंद्र गुप्ता	लद्दाख के तीसरे उपराज्यपाल	ब्रि. (सेवानिवृत्त) बी. डी. मिश्रा	भाजपा के वरिष्ठ नेता (जम्मू-कश्मीर); महबूबा मुफ्ती सरकार में उपमुख्यमंत्री

राज्यपाल

- संविधान का भाग 6 और अनुच्छेद 153 से161 तक राज्यपाल से सम्बंधित प्रावधानों का उल्लेख है।
- राज्यपालों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- राज्यपाल का कार्यकाल पाँच वर्ष होता है, लेकिन यह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत कार्य करता है।
- एक व्यक्ति एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल भी हो सकता है।

डॉ. अभिजात शेठ बने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के नए अध्यक्ष

- भारत सरकार की कैबिनेट नियुक्ति समिति ने डॉ. अभिजात शेठ को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- उन्होंने डॉ. सुरेश गंगाधर का स्थान लिया।
- डॉ. अभिजात शेठ को पदभार ग्रहण की तारीख से चार वर्ष या 70 वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक के लिए नियुक्त किया गया है।
- डॉ. अभिजात शेठ एक प्रसिद्ध कार्डियोथोरेसिक सर्जन हैं।
- वर्तमान में वेराष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (NBEMS) के अध्यक्ष हैं।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC)

- स्थापना: 25 सितंबर 2020
- मंत्रालय: केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
- मुख्यालय: नई दिल्ली

आस्था पूनिया बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

- सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट बन गई हैं।
- उन्होंने बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।
- उन्हें 3 जुलाई 2025 को आईएनएस डेगा में आयोजित समारोह में 'विंग्स ऑफ गोल्ड' से सम्मानित किया गया।
- भारतीय नौसेना में महिलाएं हेलीकॉप्टर पायलट और डोर्नियर समुद्री टोही विमान उड़ाती थीं।

भारत में सशस्त्र बलों में महिलाएं

- नौसेना पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट अनामिका बी. राजीव (2024)।
- अवनी चतुर्वेदी, मोहना सिंह, और भावना कान्त – 2018 में वायुसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं।
- अवनी चतुर्वेदी ने मिग-21 में पहली एकल उड़ान भरी।
- नम्रता चंडी पहली महिला पायलट बनीं जिन्होंने सियाचिन में उड़ान भरी (2001)।

सोनाली मिश्रा बनीं रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की पहली महिला महानिदेशक

- सोनाली मिश्रा को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की पहली महिला महानिदेशक (DG) नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति को केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति ने 13 जुलाई 2025 को मंजूरी दी।
- वह मनोज यादव का स्थान लेंगी, जो 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।
- सोनाली मिश्रा का कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 तक रहेगा।
- सोनाली मिश्रा 1993 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं और मध्य प्रदेश कैडर से हैं।
- उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक और मेधावी सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

5 उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुवाहाटी, पटना और झारखंड उच्च न्यायालयों में पाँच नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की है।
- इसके साथ ही 4 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का स्थानांतरण भी किया गया है।
- यह नियुक्तियाँ सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर की गईं।

नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीशः

1. न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा – मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय (29वें मुख्य न्यायाधीश)
2. न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली – पटना उच्च न्यायालय (45वें मुख्य न्यायाधीश)
3. न्यायमूर्ति विभु बाखरू – कर्नाटक उच्च न्यायालय (35वें मुख्य न्यायाधीश)
4. न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार – गुवाहाटी उच्च न्यायालय (43वें मुख्य न्यायाधीश)
5. न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान – झारखंड उच्च न्यायालय (17वें मुख्य न्यायाधीश)

स्थानांतरित न्यायाधीश

न्यायाधीश	पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीश	वर्तमान मुख्य न्यायाधीश
मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव	राजस्थान	मद्रास
अपरेश कुमार सिंह	त्रिपुरा	तेलंगाना
एम.एस. रामचंद्र राव	झारखंड	त्रिपुरा
के.आर. श्रीराम	मद्रास	राजस्थान

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया

- संविधान के अनुच्छेद 217(1) के तहत भारत के राष्ट्रपति उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।
- नियुक्ति से पहले राष्ट्रपति को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श करना होता है।

केंद्र सरकार ने 18 उच्च न्यायालय न्यायाधीशों के स्थानांतरण को अधिसूचित किया

- केंद्र सरकार ने हाल ही में 18 न्यायाधीशों के स्थानांतरण/प्रत्यावर्तन से जुड़े आदेश अधिसूचित किए हैं।
- संविधान के अनुच्छेद 222 राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अन्य उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अधिकार है।
- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर यह प्रक्रिया पूरी होती है।

प्रमुख स्थानांतरण

- न्यायमूर्ति अरुण मोंगा – राजस्थान से दिल्ली हाईकोर्ट
- न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर – राजस्थान से बॉम्बे हाईकोर्ट
- न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा – पंजाब एवं हरियाणा से राजस्थान हाईकोर्ट

प्राजक्ता कोली बनीं TIME 100 क्रिएटर्स लिस्ट में शामिल होने वाली पहली भारतीय

- डिजिटल क्रिएटर और अभिनेत्री प्राजक्ता कोली को TIME100 क्रिएटर्स लिस्ट 2025 में स्थान मिला है।
- टाइम मैगज़ीन द्वारा जुलाई 2025 में घोषित इस सूची में वे एकमात्र भारतीय हैं।
- यह सम्मान उनकी वैश्विक पहचान, रचनात्मकता और सामाजिक प्रभाव को मान्यता देता है।
- प्राजक्ता ने 2015 में यूट्यूब चैनल ‘MostlySane’ से करियर की शुरुआत की थी।
- 2025 में उन्होंने अपनी पहली किताब 'Too Good To Be True' प्रकाशित की।
- वे UN, गेट्स फाउंडेशन, वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम और COP समिट जैसी संस्थाओं के साथ काम कर चुकी हैं।
- उन्हें Forbes India 30 Under 30 और GQ India की प्रभावशाली युवा सूची (2025) में भी स्थान मिला है।

केशवन रामचंद्रन

- केशवन रामचंद्रन को 1 जुलाई 2025 से **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) में कार्यकारी निदेशक** (Executive Director) के रूप में नियुक्त किया है।
- वह जोखिम निगरानी विभाग में प्रधान मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं।
- उन्होंने मुद्रा प्रबंधन, बैंकिंग व एनबीएफसी पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण और प्रशासन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्य किया है।

गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल बढ़ाया

- केंद्र सरकार ने गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल 22 अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया है।
- इससे पहले वे 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले थे।
- यह विस्तार एफआर 56(D) और अखिल भारतीय सेवा नियम, 1958 की धारा 16(1A) के अंतर्गत दिया गया है।
- गोविंद मोहन ने 22 अगस्त 2024 को गृह सचिव का पदभार ग्रहण किया था।
- गृह सचिव केंद्र सरकार में कैबिनेट सचिव के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद होता है।

गोविंद मोहन

- मूल निवासी: उत्तर प्रदेश
- कैडर: सिक्किम, 1989 बैच के IAS अधिकारी

भारत सरकार के प्रमुख सचिव (जुलाई 2025)

पद	अधिकारी का नाम
कैबिनेट सचिव	टी. वी. सोमनाथन
विदेश सचिव	विक्रम मिस्री
रक्षा सचिव	राजेश कुमार सिंह
वित्त सचिव	अजय सेठ
वाणिज्य सचिव	सुनील बर्थवाल

संजोग गुप्ता बने ICC के नए CEO

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 7 जुलाई 2025 को संजोग गुप्ता को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया।
- उन्होंने ज्योफ एलार्डिस का स्थान लिया।
- संजोग गुप्ता ने 8 जुलाई 2025 से कार्यभार संभाला और ICC के सातवें CEO होंगे।
- वर्तमान में वे जियो स्टार के CEO (स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस) हैं।
- 2020 में वे डिज़्नी स्टार के स्पोर्ट्स हेड बने थे।
- ICC चेयरमैन वर्तमान में जय शाह हैं।

प्रिया नायर हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) की पहली महिला CEOबनीं

- हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) ने घोषणा की है कि प्रिया नायर 1 अगस्त 2025 से कंपनी की CEO और मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) बनेंगी।
- वे रोहित जावा का स्थान लेंगी।
- वर्ष 2023 में उन्हें यूनिलीवर की ग्लोबल ब्यूटी एंड वेलबीइंग यूनिट की प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया।

अजय कुमार श्रीवास्तवः HAL के नए निदेशक (इंजीनियरिंग एवं R&D)

- अजय कुमार श्रीवास्तव को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) में निदेशक (इंजीनियरिंग एवं अनुसंधान एवं विकास) नियुक्त किया गया है।
- श्रीवास्तव का विमान डिज़ाइन और विकास में 37 वर्षों का अनुभव है।
- ARDC (एयरक्राफ्ट रिसर्च एंड डिजाइन सेंटर) और TARDC में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।
- निदेशक बनने से पूर्व ARDC के कार्यकारी निदेशक थे।

सुकन्या सोनोवाल बनीं राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत

- असम के लखीमपुर जिले की निवासी सुकन्या सोनोवाल को राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPN) की कार्यकारी समिति में संचार और जनसंपर्क प्रमुख के रूप में चुना गया है।
- उनका कार्यकाल 2025 से 2027 तक दो वर्षों के लिए होगा।
- सुकन्या सोनोवाल वर्तमान में आईआईटी गुवाहाटी में बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग में बी.टेक की चौथे वर्ष की छात्रा हैं।

राष्ट्रमंडल युवा शांति राजदूत नेटवर्क (CYPN)

- CYPN, युवा राष्ट्रमंडल (Young Commonwealth) की एक पहल है, जो राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा समर्थित है।
- इसका उद्देश्य शांति, सम्मान और आपसी समझ को बढ़ावा देना और हिंसक उग्रवाद को रोकना है।

राष्ट्रमंडल (Commonwealth)

- राष्ट्रमंडल, 56 स्वतंत्र देशों का एक समूह है, जिनमें से कई कभी ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा थे।
- भारत वर्ष 1949 में गणराज्य बनते हुए भी राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।
- वर्तमान में, चार ऐसे देश (मोज़ाम्बिक, रवांडा, गैबॉन और टोगो) भी सदस्य हैं जो कभी ब्रिटिश उपनिवेश नहीं रहे।

सुनील कदम बने SEBI के कार्यकारी निदेशक

- सुनील कदम को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) में कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया गया है।
- वे भारतीय वित्तीय बाजारों में नियमन, पारदर्शिता और सुरक्षा में विशेषज्ञ है।
- SEBI, भारत में शेयर बाजार और वित्तीय लेनदेन का प्रमुख नियामक संगठन है।

आर. दोराईस्वामी – LIC के नए एमडी और सीईओ नियुक्त

- भारत सरकार ने आर. दोराईस्वामी को भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।
- उनकी नियुक्ति 15 जुलाई 2025 से 28 अगस्त 2028 तक के लिए प्रभावी होगी।
- एलआईसी भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है और देश के वित्तीय क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।
- उन्हें LIC में 38 वर्षों से अधिक का कार्य अनुभव है।
- एलआईसी का नेतृत्व एक CEO और चार प्रबंध निदेशकों (MDs) की टीम करती है।
- यह कंपनी वित्त मंत्रालय के अधीन एक सूचीबद्ध संस्था है।

नितिन गुप्ता NFRA के अध्यक्ष नियुक्त

- भारत सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नितिन गुप्ता को राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- उन्होंने रवनीत कौर का स्थान लिया।
- वे अजय भूषण पांडे के बाद एनएफआरए के पहले पूर्णकालिक अध्यक्ष बने है।
- नितिन गुप्ता का कार्यकाल तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक (जो पहले हो) तक होगा।
- वह 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी हैं।
- वह केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष भी रह चुके है।
- एनएफआरए के नए सदस्य
- NFRA के3 पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति भी की गई:
  1. स्मिता झिंगरन (आईआरएस अधिकारी)
  2. पी. डेनियल्स
  3. सुशील कुमार जायसवाल

NFRA

- NFRA एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132 के तहत 1 अक्टूबर 2018 को की गई थी।
- यह संस्था केंद्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन कार्य करती है।

सबीह खान Apple के नए मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) बने

- सबीह खान को 8 जुलाई 2025 को एप्पल कंपनी का नया मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) नियुक्त किया गया।
- वे जेफ विलियम्स का स्थान लेंगे, जो वर्ष के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।
- सबीह खान ने उन्होंने टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डुअल डिग्री प्राप्त की है।
- उन्होंने रेनसेलर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट (RPI) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है।
- वे इंजीनियरिंग डिज़ाइन और लॉजिस्टिक्स में व्यापक अनुभव रखते हैं।

संजय कौल GIFT सिटी के नए CEO बने

- संजय कौल, 2001 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी, को GIFT सिटी कंपनी लिमिटेड (गुजरात) का नया प्रबंध निदेशक एवं CEO नियुक्त किया गया है।
- यह नियुक्ति 15 जुलाई 2025 को एक सरकारी आदेश के माध्यम से घोषित की गई।
- वे इस पद पर तीन वर्षों की प्रतिनियुक्ति पर कार्य करेंगे या अगले आदेश तक कार्यरत रहेंगे।
- वर्तमान में संजय कौल भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।
- GIFT सिटी भारत की पहली स्मार्ट और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं पर केंद्रित सिटी है।

एलन मस्क ने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी शुरू की

- संयुक्त राज्य अमेरिका प्रसिद्ध टेक उद्यमी एलन मस्क ने "अमेरिका पार्टी" नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू करने की घोषणा की है।
- मस्क ने कहा कि इस पार्टी का उद्देश्य लोगों को "स्वतंत्रता लौटाना", सरकारी भ्रष्टाचार और अनावश्यक खर्चों के खिलाफ लड़ना है।
- यह पार्टी अमेरिका की दो प्रमुख पार्टियों की व्यवस्था (Two-Party System) के विकल्प के रूप में उभरेगी।
- हालांकि, अमेरिका की फेडरल इलेक्शनल कमीशन (FEC) ने अब तक इस पार्टी के पंजीकरण की पुष्टि नहीं की है।

साहिल किन्नी RBI इनोवेशन हब (RBIH) के नए CEO बने

- साहिल किन्नी को 7 जुलाई 2025 को RBI इनोवेशन हब (RBIH) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया।
- वे राजेश बंसल का स्थान लेंगे, जिन्होंने संस्थापक CEO के रूप में कार्य किया था।
- साहिल किन्नी IIT मद्रास स्नातक हैं और McKinsey, Aspada Investments, Titan में कार्य कर चुके हैं।

RBIH

- RBIH भारतीय रिज़र्व बैंक की एक पहल है, जिसकी स्थापना 2022 में बेंगलुरु में की गई थी।
- इसका उद्देश्य फिनटेक नवाचार को बढ़ावा देना, डिजिटल वित्तीय समाधान तैयार करना और समावेशी ऋण व धोखाधड़ी नियंत्रण को मजबूत करना है।

जेनिफर गेरलिंग्स-साइमन्स सुरिनाम की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं

- सुरिनाम की संसद ने 6 जुलाई 2025 को जेनिफर गेरलिंग्स-साइमन्स को देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप मेंनिर्विरोध चुना।
- उन्हें नेशनल असेंबली ने दो-तिहाई बहुमत से चुना।
- वे 16 जुलाई 2025 को आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगी।
- जेनिफर एक 71 वर्षीय डॉक्टर और अनुभवी सांसद हैं।
- सूरीनाम में मई 2025 के आम चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण गठबंधन सरकार बनी है।
- **नोटः** हाल में सूरीनाम में समुद्र के नीचे तेल भंडार की खोज हुई है।

यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री

- यूलिया स्विरीडेंको को यूक्रेन की संसद ने देश की नई प्रधानमंत्री चुना।
- वे यूक्रेन की दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनी है। (पहली PM: यूलिया टिमोशेंको)
- उनकी सिफारिश वर्तमान राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने की थी।
- वे पहले डिप्टी प्रधानमंत्री और अर्थव्यवस्था मंत्री रह चुकी हैं।
- उन्होंने डेनिस श्मिहाल का स्थान लिया जो 2020 से इस पद पर थे।
- यूलिया ने अमेरिका के साथ खनिज समझौता करवाने में अहम भूमिका निभाई थी।

दीपक बगला बने अटल इनोवेशन मिशन के नए निदेशक

- केंद्र सरकार ने दीपक बगला को अटल नवाचार मिशन (AIM) का नया मिशन निदेशक नियुक्त किया है।
- इन्हें निवेश प्रोत्साहन और नीति निर्माण के क्षेत्र में विशिष्ट अनुभव हैं।
- AIM नीति आयोग के अंतर्गत चलने वाली एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।
- यह मिशन छात्रों और युवा उद्यमियों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने के लिए काम करता है।

श्री नरेंद्र मोदी देश में लगातार प्रधानमंत्री पद पर रहने के सन्दर्भ में दुसरे स्थान पर पहुंचे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4078 दिन तक लगातार पद पर रहकर इंदिरा गांधी के 4077 दिनों के रिकॉर्ड को पार कर लिया।
- वे अब जवाहरलाल नेहरू (6126 दिन) के बाद सबसे लंबे समय तक (लगातार) प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे व्यक्ति बन गए हैं।

- नरेन्द्र मोदी लगातार 3 लोकसभा चुनाव (2014, 2019, 2024) जीतने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं।
- उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 24 वर्षों तक सरकार का नेतृत्व किया है।
- वे इंदिरा गांधी (1971) के बाद पूर्ण बहुमत के साथ दोबारा चुने जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।
- **नोटः** कुल कार्यकाल के सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्तमान में तीसरे स्थान पर है।

क्र.सं.	नाम	राजनीतिक दल	कार्यकाल प्रारंभ तिथि	कार्यकाल समाप्ति तिथि	कुल कार्यकाल
1	जवाहरलाल नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	15 अगस्त 1947	27 मई 1964	16 वर्ष, 286 दिन
2	इन्दिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	24 जनवरी 1966	24 मार्च 1977	15 वर्ष, 350 दिन
			14 जनवरी 1980	31 अक्टूबर 1984	
3	नरेंद्र मोदी	भारतीय जनता पार्टी	26 मई 2014	वर्तमान	11 वर्ष, 1 महीना, 29 दिन (चल रहा है)

प्रोफेसर उमा कांजीलालः IGNOU की पहली महिला कुलपति नियुक्त

- भारत सरकार ने प्रोफेसर उमा कांजीलाल को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) की पहली महिला कुलपति नियुक्त किया है।
- IGNOU के कुलपति की नियुक्ति विश्वविद्यालय के विजिटर, यानी भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- कुलपति का कार्यकाल 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक सीमित होता है।

IGNOU

- स्थापना: 1985, इग्नू अधिनियम 1985 के तहत
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय
- मुख्यालय: नई दिल्ली
- यह विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है।

निधन

कोटा श्रीनिवास राव का निधन

- प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का 83 वर्ष की आयु में हैदराबाद में निधन हो गया।
- उन्होंने खलनायक, चरित्र अभिनेता और हास्य कलाकार के रूप में विशिष्ट पहचान बनाई।
- उन्होंने लगभग 750 फिल्मों में अभिनय किया।
- उन्हें 2015 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- वे 1999 में विजयवाड़ा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे।

वी.एस. अच्युतानंदन का निधन

- केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन का निधन हो गया।
- वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता थे।
- उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया
- वे 2001 से 2006 तक विधानसभा में विपक्ष के नेता रहे।

ऑस्कर विजेता गीतकार एलन बर्गमैन का निधन

- एलन बर्गमैन, प्रसिद्ध अमेरिकी गीतकार और तीन बार के ऑस्कर विजेता, का 17 जुलाई 2025 को लॉस एंजिल्स स्थित आवास में निधन हो गया।
- एलन बर्गमैन को 3 अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर), 3 एमी अवॉर्ड प्राप्त हुए।

9. चर्चित स्थल

भारत का पहला स्वदेशी 50 किलोवाट भूतापीय विद्युत संयंत्र

- भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी 50 किलोवाट भू-तापीय संयंत्र अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में स्थापित किया जाएगा।
- यह संयंत्र मागो, थिंगबू और दमतेंग में स्थापित किया जाएगा।
- यह संयंत्र 68°C के निम्न तापमान पर पृथ्वी की आंतरिक ऊर्जा से बिजली उत्पन्न करेगा।
- इस परियोजना का संचालन पृथ्वी विज्ञान एवं हिमालय अध्ययन केंद्र द्वारा, श्रीराम औद्योगिक अनुसंधान संस्थान के सहयोग से किया जाएगा।
- इसका वित्तपोषण केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा होगा।

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 381 स्थलों पर लगभग 10,600 मेगावाट भू-तापीय क्षमता है।
  - **प्रमुख स्थलः**
    - पुगा (लद्दाख)
    - तातापानी (छत्तीसगढ़)
    - मणिकरण (हिमाचल प्रदेश)
    - बकरेश्वर (पश्चिम बंगाल)
    - तुवा (गुजरात)
    - राजगीर-मुंगेर (बिहार)
    - उनाई व जलगांव (महाराष्ट्र)

ये भी जानें

- भूतापीय ऊर्जा पृथ्वी के भीतर चट्टानों और तरल पदार्थों में मौजूद गर्मी से उत्पन्न होती है।बिजली उत्पादन के लिए भूमिगत गर्म जल और भाप को टरबाइन चलाने में प्रयोग किया जाता है।
- विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक संयुक्त राज्य अमेरिका है।दुनिया का सबसे बड़ा भूतापीय क्षेत्र अमेरिका के गीज़र क्षेत्र (कैलिफोर्निया) में है।

मराठा सैन्य परिदृश्य को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल

- भारत की 44वीं संपत्ति के रूप में मराठा सैन्य परिदृश्य को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।
- इससे पहले 2024 में असम के मोइदम को 43वें भारतीय स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

मराठा सैन्य परिदृश्य

- यह परिदृश्य 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच बने 12 किलों का समूह है, जो मराठा साम्राज्य की सैन्य रणनीति को दर्शाते हैं।
- इनमें से 11 किले महाराष्ट्र और एक तमिलनाडु में स्थित है।
- महाराष्ट्र के किलेः सलहेर, शिवनेरी, लोहागढ़, खंडेरी, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला, विजयदुर्ग, सिंधुदुर्ग
- तमिलनाडु का किलाः जिंजी किला
- ये सभी किले राष्ट्रीय धरोहर स्थल हैं।

भारत और यूनेस्को सूची

- भारत 44 स्थलों के साथ विश्व में छठे और एशिया में दूसरे स्थान पर है।
- सबसे पहले सूचीबद्ध भारतीय स्थल 1983 में अजंता और एलोरा की गुफाएं (महाराष्ट्र), ताजमहल और आगरा का किला (उत्तर प्रदेश) थे।

यूनेस्को (UNESCO)

- स्थापनाः 16 नवंबर 1945, संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में
- मुख्यालयः पेरिस, फ्रांस
- वर्तमान महानिदेशकः ऑड्रे अज़ोले (फ्रांस)
- सदस्यताः 194 सदस्य राष्ट्र और 12 सहयोगी सदस्य
- मुख्य कार्यक्षेत्रः शिक्षा, प्राकृतिक विज्ञान, समुद्र विज्ञान, सामाजिक एवं मानव विज्ञान, संस्कृति, संचार और सूचना के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग और विकास को बढ़ावा देना।

भारत का पहला डिजिटल घुमंतू गाँव – याकटेन (सिक्किम)

- सिक्किम के पाकयोंग ज़िले का याकटेन गाँव भारत का पहला डिजिटल घुमंतू गाँव घोषित किया गया है।
- इस पहल का उद्देश्य डिजिटल पेशेवरों को शांत, प्राकृतिक और कार्य-उपयुक्त वातावरण प्रदान करना है।
- यह परियोजना पाकयोंग जिला प्रशासन और 'सर्वहिती' NGO का संयुक्त प्रयास है।
- इसके तहत होमस्टे मालिकों को ऑफ-सीज़न में आय का स्थिर स्रोत प्रदान किया जाएगा।

- गाँव में दोहरी इंटरनेट लाइनें, वाई-फाई, बिजली बैकअप, और बेहतर जल आपूर्ति की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।
- यह पहल "वर्क एंड स्टे" मॉडल को बढ़ावा देती है, जिसमें पर्यटक स्थानीय संस्कृति के साथ कार्य भी कर सकते हैं।
- आगंतुक सिक्किमी भोजन, लोक संगीत, मठ दर्शन और ट्रेकिंग जैसे सांस्कृतिक अनुभवों का आनंद ले सकते हैं।
- यह मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ता है और मौसमी पर्यटन पर निर्भरता को कम करता है।

भारत का पहला AI+ Campus – BITS पिलानी, अमरावती

- BITS पिलानी आंध्र प्रदेश के अमरावती में भारत का पहला एआई प्लस कैंपस (AI+ Campus) स्थापित करेगा।
- यह कैंपस कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संबंधित तकनीकी क्षेत्रों पर केंद्रित होगा और 2027 से प्रवेश शुरू होंगे।
- परियोजना में लगभग ₹1,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है और यह 70 एकड़ भूमि पर फैला होगा।
- परिसर में स्मार्ट बिल्डिंग्स, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली, और IoT आधारित सेवाएँ होंगी।
- यहाँ पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर-फिजिकल सिस्टम्स, और कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स शामिल होंगे।
- यह एक डिजिटल-प्रथम, एआई-केंद्रित शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।
- Project Vistar के तहत BITS पिलानी अपने पिलानी, गोवा और हैदराबाद परिसरों के विस्तार पर भी ₹1,200 करोड़ खर्च करेगा।

भारत का पहला एक्वा टेक पार्क

- हाल ही में असम के गुवाहाटी के पास सोनापुर में देश के पहले एक्वा टेक पार्क का उद्घाटन किया गया।
- इस पार्क की स्थापना कोलोंग कोपिली नामक गैर-सरकारी संगठन द्वारा की गई है।
- यह परियोजना नाबार्ड, ICAR-CIFA, सेल्को फाउंडेशन और राज्य मत्स्य विभाग के सहयोग से संचालित की जा रही है।
- इसका उद्देश्य मछली उत्पादन को बढ़ाना, किसानों की आय में वृद्धि करना, बायोफ्लोक, एक्वापोनिक्स तथा सजावटी मछली पालन जैसी तकनीकों को बढ़ावा देना है।
- एक्वा टेक पार्क एक ऐसा प्रशिक्षण और नवाचार केंद्र है, जहाँ आधुनिक मत्स्य पालन विधियों का प्रदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाता है।

हरियाणा में एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनेगी

- हरियाणा सरकार ने 6 जुलाई 2025 को घोषणा की कि वह अरावली पर्वत श्रृंखला में एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी विकसित करेगी।
- गुजरात के जामनगर स्थित वंतारा वाइल्डलाइफ फैसिलिटी के मॉडल पर हरियाणा में सफारी विकसित करने की योजना बनाई है।
- यह सफारी लगभग 10,000 एकड़ क्षेत्र में विस्तृत होगी।
- यह परियोजना वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है।
- प्रस्तावित सफारी में विभिन्न प्रकार के जानवर, पक्षी और पौधे उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित किए जाएंगे।

भारत का पहला राष्ट्रीय बायोबैंक

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 6 जुलाई को नई दिल्ली में फेनोम इंडिया 'नेशनल बायोबैंक' का उद्घाटन किया।
- इस बायोबैंक की स्थापना CSIR-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (IGIB), नई दिल्ली में की गई है।
- यह बायोबैंक वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की स्वास्थ्य निगरानी परियोजना **PI-CHeCK** के तहत विकसित किया गया है।
- यह बायोबैंक यूनाइटेड किंगडम बायोबैंक मॉडल पर आधारित है।
- इसमें वर्तमान में पूरे भारत से 10,000 व्यक्तियों का जीनोमिक, जीवनशैली और नैदानिक डेटा संग्रहीत है।

परियोजना 'फेनोम इंडिया-CSIR हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस' (PI-CHeCK)

- इसे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने 7 दिसंबर 2023 को लॉन्च किया।
- इसका उद्देश्य पूर्वानुमान मॉडल तैयार करना है जो भारतीयों की आनुवंशिक और जीवनशैली विशेषताओं के आधार पर हो।
- वर्तमान में भारत पश्चिमी आबादी पर आधारित शोध का उपयोग करता है, जो भारतीय जनसंख्या के लिए पूर्णतः उपयुक्त नहीं माने जाते।
- यह परियोजना भारतीय आबादी में कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों के जोखिम कारकों को समझने के लिए शुरू की गई है।
- कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों में मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज, हृदय रोग और यकृत रोग शामिल हैं।

भारत का दूसरा सबसे लंबा केबल-स्टेड पुल का उद्घाटन

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 16 जुलाई 2025 को **कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में** सिगंदूर ब्रिज का उद्घाटन किया।
- यह पुल 2.44 किलोमीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा है, और शरावती बैकवॉटर पर बना है।

- यह पुल सागर शहर को सिगंदूर से जोड़ता है, जहाँ प्रसिद्ध चोउदेश्वरी मंदिर स्थित है।
- यह पुल अब भारत का दूसरा सबसे लंबा केबल-स्टेड पुल बन गया है।
- यह पुल शरावती बैकवाटर पर बना है और सागर तथा मारकुटिका कस्बों को जोड़ता है।

गोवा में मंडोवी नदी पर भारत की पहली RoRo फेरी सेवा शुरू

- गोवा सरकार ने 14 जुलाई 2025 को मंडोवी नदी पर भारत की पहली RoRo (Roll-on/Roll-off) फेरी सेवा की शुरुआत की।
- यह **भारत की पहली इनलैंड (नदी आधारित) Ro-Ro (Roll-on/Roll-off) फेरी सेवा** है।
- इस सेवा के तहत 'गंगोत्री' और 'द्वारका' नामक दो आधुनिक फेरी चोराओ द्वीप और रिबंदर के बीच चलेंगी।
- इस परियोजना को विजई मरीन शिपयार्ड्स द्वारा डिज़ाइन किया गया है और यह BOOT मॉडल (Build-Own-Operate-Transfer) पर आधारित है।
- ये फेरी सेवाएं 100 यात्रियों, 15 कारों और 30-40 दोपहिया वाहनों को एक साथ ढोने में सक्षम हैं।
- फेरी की गति 10 नॉट्स है, जो पारंपरिक नौकाओं की तुलना में दोगुनी तेज है।
- इससे यात्रा का समय 30 मिनट से घटकर लगभग 12-13 मिनट होगा।

अन्य Ro-Ro सेवाएं

सेवा	स्थान	प्रकार
कोंकण रेलवे RoRo	महाराष्ट्र-कर्नाटक	रेल मार्ग
घोघा-दहेज फेरी	गुजरात	समुद्री
मुजफ्फरपुर-वाराणसी जलमार्ग	प्रस्तावित	नदी

गुरुग्राम में साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी का भारतीय परिसर का उद्घाटन

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के पहले विदेशी परिसर का उद्घाटन किया।
- यह यूजीसी के नए नियमों के तहत भारत में खोला गया पहला विदेशी विश्वविद्यालय परिसर है।
- यह पहल नई शिक्षा नीति 2020 और भारत-यूके रोडमैप 2030 के अनुरूप है।
- यह परिसर भारतीय छात्रों को कम लागत में यूके-स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराएगा।
- इसमें कंप्यूटर विज्ञान, बिजनेस मैनेजमेंट, अर्थशास्त्र, लेखा व वित्त जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।
- इसके पाठ्यक्रम 2025 से शुरू होंगे; पहले बैच में भारत, यूएई और नेपाल के छात्र होंगे।

भारत का पहला अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट

- भारत का पहला अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट (Equine Disease-Free Compartment - EDFC) उत्तर प्रदेश में मेरठ के RVC सेंटर और कॉलेज में स्थापित किया गया है।
- इसे को 3 जुलाई 2025 को विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई।
- यह सुविधा भारत में स्पोर्ट्स हॉर्सेस की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही और प्रतियोगिता को संभव बनाती है।
- यह कम्पार्टमेंट वैश्विक जैव सुरक्षा मानकों के अनुरूप है और इसमें सख्त जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल और SOPs (जैसे कीट नियंत्रण, निगरानी, अपशिष्ट प्रबंधन आदि) लागू किए गए हैं।
- इस पहल से भारत में घुड़सवारी खेलों की वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा और उच्च मूल्य वाले घोड़ों के व्यापार, प्रशिक्षण और प्रजनन के नए अवसर खुलेंगे।

विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)

- इसकी स्थापना वर्ष 1924 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में स्थित है।
- पूर्व में यह संगठन OIE (Office International des Epizooties) के नाम से जाना जाता था, जिसे वर्ष 2022 में बदलकर WOAH कर दिया गया।

देश का पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (IICT) मुंबई में स्थापित होगा

- भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (IICT) के पहले परिसर का उद्घाटन 18 जुलाई 2025 को मुंबई के राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम(NFDC) कॉम्प्लेक्स में किया गया।
- यह संस्थान मुंबई के गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी परिसर में बनाया जाएगा।
- इसके निर्माण पर केंद्र सरकार द्वारा 400 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस संस्थान की योजना IIT और IIM की तर्ज पर विकसित करने हेतु 'वेव्ज' (World Audio-Visual and Entertainment Summit) में प्रस्तुत की गई।
- महाराष्ट्र सरकार ने गोरेगांव फिल्म सिटी में इसके लिए ज़मीन उपलब्ध कराई है।
- जब तक फिल्म सिटी परिसर में निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक दक्षिण मुंबई के NFDC परिसर में इसका संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।

- यह संस्थान Google, Meta, Microsoft और Apple जैसी वैश्विक कंपनियों के सहयोग से एनीमेशन, गेमिंग, पोस्ट-प्रोडक्शन, एक्सआर और वीएफएक्स जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- यह संस्थान वैश्विक स्तर पर रचनात्मक और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देगा।

आर्थुंकल पुलिस स्टेशन भारत का पहला ISO प्रमाणित थाना बना

- केरल के अलप्पुझा जिले का आर्थुंकल थाना देश का पहला पुलिस स्टेशन बन गया है जिसे IS/ISO 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम (QMS) प्रमाणन प्राप्त हुआ।
- यह प्रमाण पत्र भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा पुलिसिंग और जन सुरक्षा में उत्कृष्ट सेवा गुणवत्ता के लिए प्रदान किया गया।

प्रमाणन के क्षेत्र

- अपराध रोकथाम
- जांच प्रक्रिया
- यातायात नियंत्रण
- जन शिकायत निवारण
- कानून व्यवस्था का उत्कृष्ट संचालन

मुंबई का कार्नेक पुल अब 'सिंदूर ब्रिज'

- महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित पुनर्निर्मित कार्नेक रोड ओवर ब्रिज (ROB) का नाम बदलकर 'सिंदूर ब्रिज' रख दिया गया है।
- यह नाम भारत की सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित है, जो मई 2025 में आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था।
- यह बदलाव औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाने और भारतीय गौरव को प्रकट करने के लिए किया गया।
- पुल पहले ब्रिटिश गवर्नर जेम्स रिवेट-कार्नेक के नाम पर था, जिन पर छत्रपति प्रताप सिंह राजे और रंगो बापूजी के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप है।

पुडुचेरी: TB स्क्रीनिंग को परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम से जोड़ने वाला पहला राज्य

- पुडुचेरी भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है जिसने TB स्क्रीनिंग को परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में शामिल किया है।
- यह पहल मेडिकल कॉलेजों, छात्रों और स्थानीय स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से चलाई जा रही है।

परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम:

- यह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा संचालित पहल है, जिसमें मेडिकल छात्र 3–5 परिवारों को गोद लेकर तीन वर्षों तक स्वास्थ्य निगरानी करते हैं।
- पुडुचेरी में यह कार्यक्रम स्वास्थ्य केंद्रित हो गया है, जहां छात्रों द्वारा TB की नियमित जांच की जाती है।

भारत की पहली QR आधारित डिजिटल हाउस एड्रेस प्रणाली

- मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के सुदामा नगर, वार्ड 82 में भारत की पहली QR-आधारित डिजिटल एड्रेस प्रणाली की आधिकारिक शुरुआत की गई है।
- यह पहल राष्ट्रीय डिजिपिन प्रणाली के साथ एकीकृत है और डिजिटल शहरी बुनियादी ढांचे के लिए एक स्केलेबल मॉडल प्रदान करती है।

प्रमुख विशेषताएं:

- प्रत्येक घर पर धातु की प्लेट लगाई जाती है, जिसमें एक यूनिक QR कोड होता है।
- यह QR कोड GPS निर्देशांक से लिंक होता है, जिससे पते की सटीक पहचान संभव होती है।
- QR को स्कैन करके नागरिक कर भुगतान, शिकायत दर्ज और सेवाओं की पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।
- यह प्रणाली स्मार्ट सिटी मिशन और डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप है।

भारत का पहला लकड़ी से बना गुरुद्वारा

- पंजाब के फाजिल्का जिले की पुलिस लाइन में भारत का पहला लकड़ी से निर्मित गुरुद्वारा "श्री नानक निवास" बनाया गया है।
- इस गुरुद्वारे का उद्देश्य पुलिस क्वार्टरों में रहने वाले परिवारों और कर्मियों को एक शांत, सुलभ और पवित्र पूजा स्थल उपलब्ध कराना है।
- इसकी संरचना फिनलैंड से आयातित देवदार की लकड़ी से की गई है, जो टिकाऊ, कीटरोधी और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में टिकने योग्य होती है।
- इस गुरुद्वारे का डिज़ाइन और निर्माण लुधियाना के कारीगर इकबाल सिंह द्वारा किया गया।
- यह गुरुद्वारा पारंपरिक सिख वास्तुकला और आधुनिक निर्माण तकनीकों का सुंदर समन्वय है।

तिरुपुर में नवपाषाण और लौह युग के अवशेषों की खोज

- तमिलनाडु के **तिरुपुर जिले के वेल्लाकोइल क्षेत्र में** नवपाषाण और लौह युग से संबंधित ऐतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं।
- याक्कई हेरिटेज ट्रस्ट द्वारा की गई खोजों में ग्रेनाइट चट्टानों पर बने नौ विशिष्ट पीसने वाले खांचे शामिल हैं, जो संभवतः प्राचीन औजारों को धार देने के लिए उपयोग किए जाते थे।
- इस प्रकार के खांचे नवपाषाण काल की संस्कृति के विशिष्ट संकेतक माने जाते हैं और यह संकेत देते हैं कि उनका प्रयोग संभवतः पशुपालकों द्वारा किया गया होगा।
- इसके अलावा कोल्लन कडु क्षेत्र में किए गए सतही सर्वेक्षण में क्वार्ट्ज से निर्मित सूक्ष्म पाषाण औजार और लौह युग के धात्विक टुकड़े भी मिले हैं।

बित्रा द्वीप पर सैन्य अड्डा विकसित होगा

- भारत सरकार लक्षद्वीप के बित्रा द्वीप पर एक सैन्य अड्डा स्थापित करेगी।
- यह द्वीप अरब सागर में स्थित है और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
- इसके लिए लगभग 1 लाख वर्ग मीटर (0.10 वर्ग किमी) भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।
- **नोटः** बित्रा द्वीप, लक्षद्वीप का सबसे छोटा और उत्तरतम बसा हुआ द्वीप है।
- लक्षद्वीप में भारत के पहले 2 सक्रिय नौसैनिक अड्डों - कवरत्ती और मिनिकॉय के बाद यह तीसरा प्रमुख रक्षा केंद्र बनेगा।
- बित्रा द्वीप पर लगभग 105 से 350 परिवार निवास करते हैं।
- निवासी मुख्य रूप से मछली पकड़ने और नारियल कृषि पर निर्भर हैं।
- बित्रा द्वीप अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के पास स्थित है। इससे भारत की समुद्री निगरानी, तटीय सुरक्षा और सामरिक पहुंच को मजबूती मिलेगी।

भारत की पहली UPI-संचालित बैंक शाखा

- भारतीय फिनटेक कंपनी स्लाइस ने बेंगलुरु के कोरमंगला में भारत की पहली UPI-आधारित बैंक शाखा और UPI एटीएम लॉन्च किया है।
- यह स्लाइस की पहली भौतिक शाखा है, जो डिजिटल से फिजिकल बैंकिंग की ओर उसका पहला कदम है।

इसमें निम्नलिखित सुविधाएं दी गई हैः

- **स्लाइस UPI सुपर कार्डः**कोई प्रवेश शुल्क या वार्षिक शुल्क नहीं, UPI स्कैन व भुगतान के जरिए क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा एयर 3% तक कैशबैक की सुविधा।
- **UPI एटीएमः**UPI के माध्यम से नकद जमा और निकासी की सुविधा।
- **उद्देश्यः** औपचारिक ऋण प्रणाली को आम लोगों तक पहुँचाना और वंचित वर्गों को क्रेडिट की सुविधा देना।

स्लाइस

- स्लाइस एक भारतीय फिनटेक कंपनी है, जो युवाओं और नए क्रेडिट उपभोक्ताओं को डिजिटल क्रेडिट सेवाएं प्रदान करती है।

लुंगफुन रोपुई को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने **मिजोरम के लुंगफुन रोपुई को** राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया है।
- यह मिजोरम का दूसरा महापाषाण युग का स्थल है जिसे यह दर्जा मिला है। इससे पहले वांगछिया स्थित कवछुआ रोपुई (पहला स्थल) को भी दर्जा मिल चुका है।
- इसे प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के के तहत दर्जा दिया गया।
- राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने से लुंगफुन रोपुई का संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी ASI की होगी।
- इस स्थल के 100 मीटर की परिधि में किसी भी निर्माण या गतिविधि को निषिद्ध क्षेत्र माना जाएगा।
- यह 100 से 200 मीटर के बीच का क्षेत्र विनियमित क्षेत्र होगा, जहाँ किसी भी प्रकार की निर्माण गतिविधि केवल सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से की जा सकेगी।

लुंगफुन रोपुई स्थल

- यह स्थल मिजोरम के चंपई शहर से लगभग 54 किमी दूर, म्यांमार सीमा के पास स्थित है।
- यह एक महापाषाण स्थल है, जिसमें प्राचीन मेनहिर (लंबवत खड़े पत्थर) पाए जाते हैं।
- इन पत्थरों पर मानव आकृतियों, पशु, पक्षी, छिपकली और पारंपरिक सांस्कृतिक रूपांकनों की नक्काशी की गई है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में पंचकर्म केंद्र का उद्घाटन

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में कई नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- इससे आयुर्वेद और एलीपैथी को प्रोत्साहन मिलेगा।
- इसमें नए ऑडिटोरियम, शैक्षणिक ब्लॉक और पंचकर्म केंद्र का उद्घाटन किया।
- इन परियोजनाओं से पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।
- गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज एक 1800 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण कर रहा है, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा।

हॉर्नबिल संरक्षण के लिए उत्कृष्टता केंद्र

- तमिलनाडु में **कोयंबटूर स्थित अनामलाई टाइगर रिज़र्व (ATR) में हॉर्नबिल संरक्षण हेतु एक उत्कृष्टता केंद्र** स्थापित किया जाएगा।
- इस पहल को राज्य सरकार द्वारा लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण निधि (Endangered Species Conservation Corpus Fund) से ₹1 करोड़ की राशि से वित्तपोषित किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य पश्चिमी घाट में पाए जाने वाले चार प्रमुख हॉर्नबिल प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा देना है।
- आवासीय क्षति, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण इनकी आबादी संकट में है।

विविध

तेलंगाना को बैटरी निर्माण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (IESA Excellence Award 2025)

- तेलंगाना राज्य को बैटरी निर्माण में नेतृत्व के लिए IESA इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (IESA) द्वारा 11वें इंडिया एनर्जी स्टोरेज वीक (IESW) 2025 में दिया गया।
- पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में तेलंगाना सरकार की ओर से एस. के. शर्मा (निदेशक – इलेक्ट्रॉनिक्स और EV/ESS) ने प्राप्त किया।
- तेलंगाना बैटरी निर्माण, EV असेंबली और ऊर्जा भंडारण प्रणाली में एक अग्रणी केंद्र है।

भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025

- भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025 का उद्घाटन 10 जुलाई 2025 को दिल्ली के यशोभूमि में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा किया गया।

नीतियाँ और योजनाएँ:

- PM e-Drive, FAME-II, और EV रेट्रोफिटिंग जैसे उपाय EV इकोसिस्टम को मजबूत बना रहे हैं।
- इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टोल टैक्स में छूट।
- मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों में अब EV चार्जिंग और हरित ऊर्जा सुविधाएँ जोड़ी जाएगी।
- सरकार का लक्ष्य 2070 तक नेट ज़ीरो और 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन है।

'ऑपरेशन कालनेमि'

- उत्तराखंड में 'ऑपरेशन कालनेमि' नामक पुलिस अभियान शुरू किया गया है।
- इस ऑपरेशन का उद्देश्य फर्जी बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई करना है जो धार्मिक वेश धारण कर जनता को धोखा दे रहे हैं।
- इन लोगों पर आस्था के नाम पर धोखाधड़ी, सनातन धर्म की छवि को नुकसान पहुंचाने, और महिलाओं को निशाना बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं।
- 'कालनेमि' नाम हिंदू पौराणिक कथा के एक राक्षस से लिया गया है, जो साधु का वेश बनाकर लोगों को भ्रमित करता था।

बिहार के मखाने को अंतरराष्ट्रीय पहचान (HS कोड) मिला

- बिहार के मिथिला मखाना को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए HS (Harmonized System) कोड प्रदान किया गया है।
- यह कोड मखाने के अलग-अलग उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान और वर्गीकरण के लिए दिया गया है।

मखाना की खेती:

- भारत के 85% मखाना का उत्पादन बिहार में होता है।
  - प्रमुख जिले: दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार।
- यह जल आधारित फसल है, जिसे तालाबों में अप्रैल-मई में बोया जाता है और सितंबर-अक्टूबर में काटा जाता है।
- GI टैग: मिथिला मखाना को 2022 में मिला।
- इसका उपयोग उपवास, नाश्ता, औषधीय उपयोग और प्रसाद में होता है।

HS कोड

- HS कोड एक वैश्विक प्रणाली है जिसे विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO) द्वारा तैयार किया गया है।
- इसका उपयोग निर्यात-आयात वर्गीकरण, कर निर्धारण और व्यापार के आंकड़ों के लिए किया जाता है।
- भारत में यह कोड 8 अंकों का होता है और यह सीमा शुल्क व GST में उपयोगी है।

प्रसार भारती और हैंडबॉल संघ के बीच समझौता

- प्रसार भारती ने भारतीय हैंडबॉल संघ (HAI) के साथ एक तीन वर्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते के तहत, भारत में होने वाली सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का निर्माण और प्रसारण किया जाएगा।
- हैंडबॉल मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स, वेव्स ओटीटी और अन्य सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य भारत में हैंडबॉल की दृश्यता बढ़ाना, खिलाड़ियों को पहचान देना और खेल को संगठित रूप से बढ़ावा देना है।
- प्रसार भारती के अध्यक्ष: नवनीत कुमार सहगल।

ऑपरेशन शिवा

- भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा 2025 की शुरुआत की।
- यह अभियान जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूहों से बढ़ते खतरों से निपटने हेतु शुरू किया गया है।
- इसमें काउंटर-यूएएस (C-UAS) प्रणाली के तहत 50 से अधिक एंटी-ड्रोन सिस्टम सक्रिय किए गए हैं।

समावेशी शिक्षा के लिए केंद्र सरकार और श्री अरबिंदो सोसाइटी की साझेदारी

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) ने 7 जुलाई 2025 को श्री अरबिंदो सोसाइटी (SAS) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- इस साझेदारी का उद्देश्य शिक्षकों और शिक्षा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और उपकरण प्रदान कर दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।
- यह पहल 'प्रोजेक्ट इनक्लूज़न' का हिस्सा है, जो श्री अरबिंदो सोसाइटी की 'रूपांतर' पहल के अंतर्गत संचालित है।
- इस परियोजना के तहत मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

'मुख्यमंत्री सेहत योजना'

- पंजाब सरकार ने राज्य के 65 लाख परिवारों के लिए 10 लाख रुपये का वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री सेहत योजना की घोषणा की है।
- इस योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2025, महात्मा गांधी जयंती के दिन की जाएगी।
- इस योजना के तहत सभी पंजाबी परिवारों, आय या निवास स्थान की परवाह किए बिना, सेहत कार्ड जारी किया जाएगा।
- लाभार्थियों को सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में निःशुल्क और कैशलेस इलाज मिलेगा।
- इसमें अन्य राज्यों में रहने वाले सेवानिवृत्त पंजाबी सरकारी कर्मचारी, आयुष्मान भारत सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज कराने वाले राज्य से बाहर के मरीज भी कवर होंगे।
- यह योजना Ayushman Bharat-PMJAY के तहत आने वाले 45 लाख परिवारों को अतिरिक्त यह ₹5 लाख का कवरेज प्रदान करेगी, जिससे कुल बीमा राशि ₹10 लाख हो जाएगी।
- पंजाब **भारत का पहला राज्य बन जाएगा जो आय या निवास की शर्तों के बिना सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान** करेगा।

'C-FLOOD' बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली

- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने 2 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में C-FLOOD नामक बाढ़ पूर्वानुमान वेब पोर्टल का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल बाढ़ की पूर्व चेतावनी गांव स्तर तक दो दिन पहले देने में सक्षम है।
- सी-डैक पुणे ने केंद्रीय जल आयोग के साथ मिलकर पोर्टल विकसित किया।
- यह पोर्टल महानदी, गोदावरी और तापी नदी घाटियों को कवर करता है, भविष्य में इसे अन्य नदी क्षेत्रों तक बढ़ाया जाएगा।
- यह प्रणाली 2-डी हाइड्रोडायनामिक मॉडलिंग पर आधारित है, जो बाढ़ के संभावित परिदृश्यों का अनुकरण करती है।
- महानदी बेसिन का विश्लेषण सी-डैक पुणे, जबकि गोदावरी और तापी के डेटा NRSC हैदराबाद द्वारा प्रदान किए जाते हैं।
- यह पोर्टल राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत विकसित किया गया है।

पुनौराधाम (सीतामढ़ी) विकास परियोजना

- इसे 1 जुलाई 2025 को बिहार सरकार द्वारा मंजूरी दी गई।
- पुनौरा धाम, जिला सीतामढ़ी (बिहार) में स्थित है।

- इसे मां सीता के जन्मस्थान के रूप में पूजा जाता है।
- इस पवित्र स्थल को अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर भव्य रूप से विकसित किया जाएगा।
- इस हेतु बिहार सरकार ने कुल ₹ 882.87 करोड़ का बजट आवंटित किया है।
- बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (BSTDC) इस परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेगा।

बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं

मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना

- इस योजना का उद्देश्य युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान आर्थिक सहायता देकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कराने में मदद करना है।
- 12वीं, ITI, डिप्लोमा, स्नातक या परास्नातक तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवा पात्र हैं।
- **मासिक सहायता:**
    - 12वीं पास: ₹4,000
    - ITI/डिप्लोमा: ₹5,000
    - स्नातक/परास्नातक: ₹6,000
    - अन्य ज़िले में: ₹2,000 अतिरिक्त
    - बिहार से बाहर: ₹5,000 (3 माह तक)

मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना

- 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के, 10 वर्ष के कलात्मक अनुभव वाले और वार्षिक आय ₹1.2 लाख से कम रखने वाले वरिष्ठ कलाकारों को ₹3,000 मासिक पेंशन दी जाएगी।

टेक वर्स (Tec-Verse) 2025

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा दो दिवसीय 'Tec-Verse 2025' टेक्नोलॉजी शोकेस का शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यक्रम में 1000+ हितधारकों ने भाग लिया, जिनमें स्टार्टअप्स, उद्योग प्रतिनिधि, शिक्षाविद और शोधकर्ता शामिल थे।
- इसका उद्देश्य अनुसंधान, स्टार्टअप और उद्योग को एक मंच पर लाना और तकनीकी उत्पादों के विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना है।

ऑपरेशन चक्र-V

- केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने ऑपरेशन चक्र-V के तहत साइबर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों के खिलाफ अभियान संचालित किया है।
- यह अभियान राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में शुरू किया गया।
- **मनी म्यूल बैंक:** ऐसे खाते जिनका उपयोग अवैध धन को ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है।
- मनी म्यूल्स वे लोग होते हैं जो धोखेबाजों की मदद से जानबूझकर या अनजाने में यह कार्य करते हैं।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)

- स्थापना: 1 अप्रैल 1963 (दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत)
- मंत्रालय: केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधीन
- कार्य: भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराध और विशेष अपराधों की जांच।
- वर्तमान निदेशक: प्रवीण सूद।

कैलाश मानसरोवर यात्रा पुनः आरंभ

- कैलाश मानसरोवर यात्रा को 30 जून 2025 से 5 वर्षों के अंतराल के बाद पुनः शुरू किया गया।
- यह यात्रा 2 मार्गों उत्तराखंड का लिपुलेख पास और सिक्किम का नाथू ला पास से शुरू हुई है।
- यह धार्मिक यात्रा कैलाश पर्वत (18,000 फीट) और मानसरोवर झील तक जाती है, जो कई धर्मों के लिए पवित्र माने जाते हैं।
- इस वर्ष 750 भारतीय नागरिकों को तीर्थयात्रा में भाग लेने की अनुमति दी गई है, जिन्हें 15 समूहों में बाँटा गया है।
- इसमें 36 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था सिक्किम मार्ग से रवाना हुआ।
- इसके अलावा लिपुलेख मार्ग से 5 जत्थों में 250 तीर्थयात्री यात्रा करेंगे।

बनकचेरला परियोजना

- बनाकचेरला परियोजना आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले के पेचलपाडु मंडल में स्थित बनकचेरला गाँव में प्रस्तावित एक जल संसाधन योजना है।
- यह तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के बीच विवादित है।
- **उद्देश्य:** श्रीशैलम दाएँ तट नहर प्रणाली के लिए एक संतुलन जलाशय का निर्माण करना।
- यह परियोजना गोदावरी नदी के अतिरिक्त जल को विभिन्न नहर प्रणालियों तक ले जाकर, रायलसीमा क्षेत्र और चेन्नई जैसे शहरों को जल आपूर्ति करना प्रस्तावित है।
- केंद्र सरकार ने 16 जुलाई 2025 को, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच जल विवादों को सुलझाने के लिए एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति गठित करने की घोषणा की।
- यह टेलीमेट्री आधारित जल मापन और वितरण पर निगरानी करेगी।

ऑपरेशन अस्मिता

- 'ऑपरेशन अस्मिता' उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान है
- इसके तहत बड़े अवैध धर्मांतरण नेटवर्क का खुलासा किया गया है।
- यह रैकेट लव जिहाद के ज़रिए नाम बदलकर युवतियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता था।
- इस नेटवर्क के तार प्रतिबंधित संगठन PFI, SDPI और पाकिस्तानी आतंकी गुटों से जुड़े हैं, तथा इसमें कनाडा, अमेरिका जैसे देशों से फंडिंग हो रही थी।

'महिला आरोग्यम कक्ष' का उद्घाटन

- केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग ने शास्त्री भवन परिसर, नई दिल्ली में महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र – 'महिला आरोग्यम कक्ष' – की शुरुआत की है।
- यह प्रयास सरकारी कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को संस्थागत रूप देने की दिशा में अपनी तरह की पहली पहल है।
- इसमें महिला कर्मचारियों की शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती, साथ ही कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सुविधा की परिकल्पना की गई है।
- इसमें जिम उपकरणों से युक्त फिटनेस ज़ोन और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एक निजी कक्ष भी शामिल हैं।
- **भारत की पहली विधि सचिवः** डॉ. अंजू राठी राणा।

अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड (IChO) 2025 में भारत ने 4 पदक जीते

- भारत ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 57वें अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड 2025 में 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक सहित कुल 4 पदक जीते।
- भारत वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर रहा।
- IChO एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसमें हाई स्कूल छात्रों के रसायन विज्ञान ज्ञान और प्रयोगात्मक कौशल की परीक्षा ली जाती है।

अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) में भारत को 7वां स्थान

- अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2025 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट में हुआ।
- भारत की छह सदस्यीय टीम ने कुल 193 अंक प्राप्त किए और 3 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीते।
- भारत ने तीसरी बार 7वां स्थान भी हासिल किया (पहले 1998 और 2001 में)।
- भारत की ओर से कनव तलवार, आरव गुप्ता, अधित्य मंगुडी ने स्वर्ण पदक, एबेल मैथ्यू और आदिश जैन ने रजत तथा अर्चित मानस ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

रेलवन (RailOne) ऐप-एकीकृत रेलवे यात्री सेवा मंच

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1 जुलाई 2025 को रेलवन ऐप लॉन्च किया।
- इसका उद्देश्य सभी रेलवे यात्री सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करना है।
- यह ऐप अनारक्षित टिकट और प्लेटफार्म टिकट पर 3% छूट, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत समाधान, ई-कैटरिंग, कुली बुकिंग और लास्ट माइल टैक्सी सेवाएं प्रदान करता है।
- आरक्षित टिकटों की बुकिंग अब भी IRCTC प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ही की जाएगी।

प्रमुख सम्मेलन

पांडुलिपि विरासत पर पहला वैश्विक सम्मेलन

- भारत में पहली बार वैश्विक पांडुलिपि विरासत सम्मेलन का आयोजन 11-13 सितंबर 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ।
- यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा भारत की प्राचीन पांडुलिपि-ज्ञान परंपरा को संरक्षित और प्रचारित करने के उद्देश्य से किया गया।
- सम्मेलन का विषय: "पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति"।
- भारत के पास 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियाँ हैं, जो दर्शन, विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और कला जैसे विषयों की जानकारी देती हैं।
- इसमें 'पांडुलिपि अनुसंधान भागीदार (MRP)' कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन'

- उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 18 से 20 जुलाई 2025 तक 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा।
- इस सम्मेलन की घोषणा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने की।
- इसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत के लिए युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।
- यह सम्मेलन 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय पर आधारित है।
- यह आयोजन गंगा नदी के पवित्र घाटों पर किया जाएगा और इसमें 100 आध्यात्मिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे।

शल्यकॉन 2025

- तीसरे राष्ट्रीय शल्यकॉन (Shalyacon) 2025 का आयोजन 13–15 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में हुआ।
- इसका आयोजन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) और राष्ट्रीय सुश्रुत संघ के साथ मिलाकर किया गया।
- यह सम्मेलन आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञों के लिए मंच प्रदान करता है।
- इसमें भारत, नेपाल और श्रीलंका के लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **नोटः** सुश्रुत, जिन्हें आयुर्वेदिक सर्जरी का जनक माना जाता है, की जयंती 15 जुलाई को मनाई जाती है।

दूसरा बिम्सटेक पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025

- भारत में दूसरा बिम्सटेक बंदरगाह सम्मेलन 14-15 जुलाई 2025 को विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित हुआ।
- इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया।
- **उद्देश्यः** समुद्री सहयोग, बंदरगाह कनेक्टिविटी, हरित ऊर्जा, और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देना है।
- थीम: "भविष्य की दिशा: नीली अर्थव्यवस्था, नवाचार और सतत भागीदारी" ।
- इसमें कलादान ट्रांजिट कॉरिडोर, तटीय पर्यटन, और हरित हाइड्रोजन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।
- बिम्सटेक सदस्य देश: भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड।
- बिम्सटेक की स्थापना 1997 में हुई। इसका सचिवालय ढाका (बांग्लादेश) में है।

शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

- शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन 3 जुलाई 2025 को मानेसर, गुरुग्राम स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया।
- **उद्देश्यः**शहरी स्थानीय निकायों की लोकतांत्रिक भूमिका को रेखांकित करना और उभरते शहरी प्रशासन मॉडल पर चर्चा करना।
- **सम्मेलन का विषयः**"संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका"।

शहरी स्थानीय निकाय

- इन्हें लोकतंत्र का तीसरा स्तर माना गया है।
- 74वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत शहरी स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ।
- यह संशोधन 1 जून 1993 से प्रभावी हुआ और भाग IX-A तथा 12वीं अनुसूची जोड़ी गई।
- 12वीं अनुसूची में 18 कार्य हैं, जिन्हें नगरपालिकाओं को सौंपा जाना चाहिए।

राष्ट्रीय शहरी साइबर सुरक्षा सम्मेलन 2025

- यह सम्मेलन 18 जुलाई 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका उद्देश्य शहरों को बढ़ते साइबर खतरों से सुरक्षित बनाना और शहरी साइबर लचीलापन को मजबूत करना था।
- इस आयोजन में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के साथ गृह मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की सहभागिता थी।
- इसमें मंत्रालय ने शहर-विशिष्ट साइबर सुरक्षा ढांचा और CISO (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) की अनिवार्य नियुक्ति जैसी पहलों की घोषणा की।
- SPV (Special Purpose Vehicle) की भूमिका पर चर्चा करते हुए इसे नवाचार आधारित और लचीला ढांचा बनाने की सिफारिश की गई।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों का राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन

- केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन 10–11 जुलाई 2025 को केवडिया, गुजरात में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया।
- सम्मेलन का उद्देश्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की उभरती भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना और शैक्षिक सुधारों में उनके योगदान को रेखांकित करना था।
- कार्यक्रम में NEP 2020 के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की गई और इसके अगले चरण के कार्यान्वयन की दिशा तय की गई।

भारत समुद्री निवेश सम्मेलन

- भारत सरकार के बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) ने लंदन के इंडिया हाउस में भारत समुद्री निवेश सम्मेलन का आयोजन किया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक समुद्री सहयोग को मजबूत करना और भारत के समुद्री क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा देना था।
- **नोट:** भारत की वैश्विक जहाज निर्माण रैंकिंग 23वें स्थान से सुधरकर अब 16वें स्थान पर पहुँच गई है।

बेहदीनखलम उत्सव

- यह उत्सवमेघालय में प्नार समुदाय ने पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।
- यह तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव जुलाई में आयोजित होता है और अच्छी फसल, रोगों से मुक्ति और बुरी शक्तियों को दूर करने की कामना के लिए मनाया जाता है।
- 'बेहदीनखलम' का अर्थ है – "महामारी को दूर करना" , जो इस त्योहार की धार्मिक भावना को दर्शाता है।
- हाल के वर्षों में यह उत्सव केवल धार्मिक नहीं रहा, बल्कि यह नशा मुक्ति, शराब के दुष्प्रभाव और जलवायु परिवर्तन जैसे सामाजिक मुद्दों पर जन-जागरूकता का माध्यम भी बन गया है।

लद्दाख में पहला एस्ट्रो टूरिज्म फेस्टिवल

- पहला एस्ट्रो टूरिज्म फेस्टिवल लद्दाख के लेह में 28-27 जून 2025 को आयोजित किया गया।
- यह दो दिवसीय आयोजन लद्दाख पर्यटन विभाग और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), बेंगलुरु द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- उद्देश्य:लद्दाख को खगोल पर्यटन (Astro Tourism) का प्रमुख केंद्र बनाना और आम लोगों को खगोल और अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ना।
- **नोट - हनले डार्क स्काई रिज़र्व:** भारत का पहला डार्क स्काई रिज़र्व।

आदि तिरुवथिरई महोत्सव 2025

- केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने 23 से 27 जुलाई 2025 तक आदि तिरुवथिरई महोत्सव का आयोजन किया।
- यह महोत्सव चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में उनके जन्म नक्षत्र तिरुवथिरई (आर्द्रा) पर मनाया गया।
- वर्ष 2025 गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर के निर्माण की 1000वीं वर्षगांठ है।
- यह राजेंद्र चोल के दक्षिण-पूर्व एशिया में समुद्री अभियानों की भी 1000वीं वर्षगांठ है।
- इसका समापन समारोह 27 जुलाई को हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए।

राजेंद्र चोल प्रथम और चोल साम्राज्य

- राजेंद्र चोल प्रथम का शासन काल 1014 से 1044 ई. तक रहा।
- उन्होंने अपने पिता राजराजा चोल प्रथम से शासन संभालने के बाद साम्राज्य का विस्तार श्रीलंका, मालदीव, इंडोनेशिया और मलेशिया तक किया।
- उन्हें भारतीय समुद्री शक्ति का अग्रदूत माना जाता है।
- उन्होंने नई राजधानी गंगईकोंडा चोलपुरम की स्थापना की थी।
- इस नगर में बनवाया गया शिव मंदिर चोल वास्तुकला की उत्कृष्टता को दर्शाता है और यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।

10. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

QS Best Student Cities Ranking 2026 में दिल्ली सबसे किफायती छात्र शहर घोषित

- QS द्वारा जारी 2026 की सर्वश्रेष्ठ छात्र शहरों की रैंकिंग में दिल्ली को दुनिया का सबसे किफायती शहर घोषित किया गया है।
- भारत से मुंबई और बैंगलोर भी टॉप-15 किफायती शहरों की सूची में शामिल हैं।
- यह रैंकिंग शैक्षणिक प्रतिष्ठा, जीवन की किफायत, रोजगार की संभावनाएं, विविधता और आकर्षण जैसे कई संकेतकों पर आधारित है।
- दिल्ली ने 96.5 के स्कोर के साथ अफॉर्डेबिलिटी इंडेक्स में विश्व में पहला स्थान प्राप्त किया।
- रोजगार के अवसर भी एक महत्वपूर्ण संकेतक हैं, जिसमें दिल्ली और मुंबई वैश्विक टॉप 50 में शामिल हुए।

शहर	समग्र वैश्विक रैंक (2026)	सूचकांक स्थिति	कुल स्कोर
मुंबई	98	सबसे ऊपर (top 100), नौकरी अवसर में टॉप 50	86.3
दिल्ली	104	अफोर्डेबिलिटी में वैश्विकस्तर पर पहले स्थान पर	60.5
बैंगलोर	108	नौकरी अवसर में वैश्विक टॉप 60	59.6
चेन्नई	128	नौकरी अवसर में सुधार	54.1

विश्व के टॉप 5 छात्र शहर (2026)
1. सियोल (दक्षिण कोरिया) – पहला स्थान
2. टोक्यो (जापान)
3. लंदन (ब्रिटेन)
4. म्यूनिख (जर्मनी)
5. मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)

नीति आयोग की NER SDG सूचकांक रिपोर्ट 2023-24

- यह रिपोर्ट नीति आयोग ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के सहयोग से तैयार की।
- तकनीकी सहायता: भारत में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा दी गई।
- इसमें 8 पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, त्रिपुरा, मेघालय) के 121 जिलों का मूल्यांकन किया गया।
- यह इस रिपोर्ट का दूसरा संस्करण है; पहला संस्करण 26 अगस्त 2021 को आया था।
- मिजोरम का हनहथियाल जिला 121 जिलों में सबसे शीर्ष पर रहा (स्कोर: 81.43)।
- अरुणाचल प्रदेश का लोंगडिंग जिला सबसे अंतिम (121वां) स्थान पर रहा।

आंकड़े और संकेतक	प्रदर्शन के आधार पर 4 श्रेणियाँ
• कुल 84 संकेतक, जिनमें: ○ 41 संकेतक केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों से ○ 43 संकेतक राज्य स्रोतों से	1.Achiever (100 अंक) – सभी लक्ष्य प्राप्त 2.Front Runner (65-99 अंक) – लक्ष्य के निकट 3.Performer (50-64 अंक) – मध्यम प्रदर्शन 4.Aspirant (<50 अंक) – कमजोर प्रदर्शन

- इसके तहत 85% जिले 'Front Runner' श्रेणी में आए।

शीर्ष 5 जिले (स्कोर के अनुसार)

रैंक	जिला	राज्य	स्कोर
1	हनहथियाल	मिजोरम	81.43
2	चम्फाई	मिजोरम	79.86
3	गोमती	त्रिपुरा	78.89
4	मोकोकचुंग	नागालैंड	78.43
5	पश्चिम त्रिपुरा	त्रिपुरा	77.64

नीति आयोग

- स्थापना: 1 जनवरी 2015 (योजना आयोग का स्थान लिया)
- अध्यक्ष: भारत के प्रधानमंत्री (पदेन)
- उपाध्यक्ष: सुमन बेरी
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी: बीवीआर सुब्रह्मण्यम

CREA रिपोर्ट (जनवरी-जून 2025)

- ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (CREA) की रिपोर्ट के अनुसार, बर्नीहाट (मेघालय) देश का सबसे प्रदूषित शहर है।
- बर्नीहाट में PM 2.5 का औसत स्तर 133 $\mu g/m^3$ दर्ज किया गया, जो कि राष्ट्रीय मानक (40 $\mu g/m^3$) से बहुत अधिक है।
- आइज़ोल (मिज़ोरम) को देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया।
- रिपोर्ट में 293 शहरों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 122 शहरों ने राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक पार कर लिया।

UNCTAD की "व्यापार और विकास दूरदर्शिता 2025" रिपोर्ट

- यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी की गई।
- यह रिपोर्ट "ट्रेड एंड डेवेलपमेंट फोरसाइट्स 2025: अंडर प्रेशर – अनसर्टेनटी रीशेप्स ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स" शीर्षक से जारी की गई।
- वैश्विक विकास दर 2024 के2.8% से घटकर 2025 में 2.3% रहने का अनुमान है, जो मंदी और ठहराव की ओर संकेत करता है।
- इसके पीछे वैश्विक मांग में कमी, व्यापार बाधाओं में वृद्धि, और वित्तीय अस्थिरता जैसे प्रमुख कारण हैं।

विश्लेषण

- लैटिन अमेरिका, यूरोप और एशिया के कुछ क्षेत्रों में विकास धीमा रहेगा।
- उप-सहारा अफ्रीका, दक्षिण और पूर्वी एशिया में घरेलू मांग और व्यापार की मजबूती के कारण तुलनात्मक रूप से बेहतर प्रदर्शन रहेगा।
- आर्थिक नीतियों में अनिश्चितता 21वीं सदी में अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है।
- इसके अलावा कई G7 देश सामाजिक खर्च घटाकर रक्षा बजट बढ़ा रहे हैं – जैसे UK का रक्षा बजट हेतु लक्ष्य GDP का 2.5% किया गया है।
- यूरोपीयन यूनियन (EU)ने □800 अरब की 'री-आर्म यूरोप' योजना शुरू की है।
- इससे SDGs (स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु) पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

भारत आय समानता में विश्व में चौथे स्थान पर

- गिनी इंडेक्स के अनुसार भारत का स्कोर 25.5 है, जिससे वह आय-समानता में दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।
- स्लोवाकिया, स्लोवेनिया और बेलारूस क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- भारत ने 2011 में 28.8 के स्कोर से सुधार कर यह उपलब्धि हासिल की है।
- यह प्रदर्शन चीन (35.7) और अमेरिका (41.8) से बेहतर है।
- विश्व बैंक की 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, 2011–2023 के बीच 17.1 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर आए और गरीबी दर 16.2% से घटकर 2.3% रह गई।

भारत सामाजिक सुरक्षा में विश्व में दूसरा सबसे बड़ा देश

- भारत की 64.3% आबादी (लगभग 94 करोड़ लोग) अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में है।
- चीन पहले स्थान पर है, जहाँ 70% आबादी को सामाजिक सुरक्षा मिलती है।
- ILO (अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन) ने केवल नकद लाभ वाली योजनाओं को मान्यता दी, जैसे:
  - राज्यों की योजनाएं: राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि
  - केंद्र की योजनाएं: आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि
- ILO ने मनरेगा और पीएम गरीब अन्न योजना को शामिल नहीं किया क्योंकि वे नकद आधारित नहीं हैं।
- अगले चरण में और योजनाएं शामिल होने पर यह आंकड़ा 100 करोड़ से ऊपर जा सकता है।
- 10 साल पहले केवल 19% आबादी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में थी।

अंतरिक्ष में सैटेलाइट रेस: अमेरिका शीर्ष पर, भारत छठवें स्थान पर

- वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 12,952 सक्रिय सैटेलाइट मौजूद हैं, जिनमें से 90% केवल 10 देशों के पास हैं।
- अमेरिका पहले स्थान पर है, जिसके पास 8,530 सैटेलाइट हैं। इनमें से अधिकांश स्पेसएक्स के हैं।
- भारत के पास 136 सक्रिय सैटेलाइट हैं और वह छठे स्थान पर है।

शीर्ष 10 देश और उनके सैटेलाइट

रैंक	देश	सैटेलाइट की संख्या
1	संयुक्त राज्य अमेरिका	8,530
2	रूस	1,559
3	चीन	906
4	यूनाइटेड किंगडम	763
5	जापान	203
6	भारत	136
7	फ्रांस	100
8	जर्मनी	82
9	इटली	66
10	कनाडा	64

ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025

- इसे हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किया गया।
- यूनिकॉर्न वे निजी स्टार्टअप होते हैं जिनका मूल्यांकन 1$ बिलियन या उससे अधिक होता है।
- वर्ष 2025 में वैश्विक यूनिकॉर्न की कुल संख्या 1,523 हो गई है, जिनका संयुक्त मूल्य 5.6$ ट्रिलियन है।

2025 में सबसे अधिक यूनिकॉर्न वाले शीर्ष 10 देश

रैंक	देश	यूनिकॉर्न की संख्या
1	संयुक्त राज्य अमेरिका	758
2	चीन	343
3	भारत	64
4	यूनाइटेड किंगडम	61
5	जर्मनी	36
6	फ्रांस	30
7	कनाडा	28
8	इज़राइल	20
9	दक्षिण कोरिया	18
9	सिंगापुर	18

- भारत के पास 64 यूनिकॉर्न हैं। और यह वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर हैं।
- भारत के प्रमुख यूनिकॉर्न शहर हैं: बेंगलुरु (36 यूनिकॉर्न), मुंबई, और गुरुग्राम।

यूनिकॉर्न की दृष्टि से शीर्ष 10 वैश्विक शहर

रैंक	शहर	यूनिकॉर्न की संख्या
1	सैन फ्रांसिस्को	199
2	न्यूयॉर्क	142
3	बीजिंग	91
4	शंघाई	69
5	लंदन	55
6	शेनझेन	46
7	बेंगलुरु	36
8	पेरिस	32
9	**पालो ऑल्टो**	**30**
10	**बोस्टन**	**27**

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बना

- भारत हाल ही में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बना है।
- पहले स्थान पर संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है।
- अप्रैल 2025 में भारत के घरेलू हवाई यातायात में 10% की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि वैश्विक औसत 8% से अधिक है।
- भारत का घरेलू यातायात 30% तक बढ़ा है और अंतरराष्ट्रीय यातायात 55 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गया है।
- भारत सरकार का लक्ष्य 2031 तक वैश्विक MRO (रखरखाव, मरम्मत, ओवरहाल) बाजार में $4 बिलियन की हिस्सेदारी प्राप्त करना है।

MSME क्षेत्र में भारत की प्रगति

- केंद्रीय MSME मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने कहा कि MSME क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

MSME का योगदान:

- GDP का 30.1%
- विनिर्माण का 35.4%
- निर्यात का 45.73%

- उद्यम पोर्टल (लॉन्च: 1 जुलाई 2020) पर अब तक 3.80 करोड़ इकाइयाँ पंजीकृत हैं।
- यह पोर्टल सरल, स्व-घोषित और पेपरलेस पंजीकरण प्रक्रिया प्रदान करता है।
- वर्तमान में 6.5 करोड़ एमएसएमई इकाइयाँ कार्यरत हैं, जिन्होंने 28 करोड़ से अधिक रोजगार प्रदान किए हैं।
- पीएम विश्वकर्मा योजना 18 पारंपरिक शिल्प व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को सहायता प्रदान करती है।

MSME: Micro, Small and Medium Enterprises (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम)

MSME का संशोधित वर्गीकरण (1 अप्रैल 2025 से लागू)

श्रेणी (वर्गीकरण)	संयंत्र और मशीनरी/उपकरण में निवेश (अधिकतम)	वार्षिक कारोबार (अधिकतम)
माइक्रो (Micro)	₹2.5 करोड़ तक	₹10 करोड़ तक
छोटा (Small)	₹25 करोड़ तक	₹100 करोड़ तक
मध्यम (Medium)	₹125 करोड़ तक	₹500 करोड़ तक

- **नोट:** MSME की यह परिभाषा विनिर्माण और सेवाएं प्रदान करने वाले दोनों प्रकार के उद्यमों के लिए समान रूप से लागू है।
- दोनों शर्तें (निवेश और टर्नओवर) पूरी करनी होंगी — इसे Composite Criteria कहा जाता है।

तेज़ भुगतान प्रणाली में भारत शीर्ष पर: IMF रिपोर्ट

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, जून 2025 तक यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)द्वारा 18.39 अरब लेनदेन दर्ज हुए। (कुल मूल्य 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक)
- पिछले साल जून में यह आंकड़ा 1388 करोड़ ट्रांजैक्शन था और 1 वर्ष में 32% की वृद्धि हुई।
- IMF की रिपोर्ट 'बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान: इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य' के अनुसार, भारत तेज़ भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बन चुका है।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत तेजी से डिजिटल फर्स्ट इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है।
- देश में यूपीआई से 49.1 करोड़ से ज्यादा लोग और 65 लाख व्यापारी जुड़े हैं। यह भारत के कुल डिजिटल पेमेंट का 85% हिस्सा बन चुका है।

- भारत दुनिया के कुल रियल टाइम डिजिटल पेमेंट्स में लगभग 50% योगदान देता है।
- UPI ने उपयोगकर्ताओं को एक ही ऐप के ज़रिए कई बैंक खातों को जोड़कर तुरंत भुगतान करने की सुविधा दी है।
- UPI की शुरुआत 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा की गई थी।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025

- यह इंडेक्स Henley & Partners नामक लंदन स्थित परामर्श संस्था द्वारा जारी किया जाता है।
- इस इंडेक्स में भारत ने 77वां स्थान प्राप्त किया। (पिछले वर्ष: 85वाँ स्थान)
- भारतीय पासपोर्ट धारक 59 देशों में वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
- इंडेक्स को IATA (अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ) के डेटा पर आधारित किया जाता है।
- रैंकिंग का आधार किसी पासपोर्ट द्वारा वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल की पहुंच वाले देशों की संख्या होता है।

शीर्ष 5 देश (2025)

रैंक	देश	वीज़ा-फ्री गंतव्य
1	सिंगापुर	193
2	जापान, दक्षिण कोरिया	190
3	फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन आदि	189
4	ऑस्ट्रिया, स्वीडन, पुर्तगाल आदि	188
5	न्यूज़ीलैंड, स्विट्ज़रलैंड, ग्रीस	187
77	भारत	59

दुनिया के शीर्ष 10 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे

- ट्रैवल + लीजर वर्ल्ड्स बेस्ट अवार्ड्स 2025 में दुनिया के शीर्ष 10 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (CSMIA), मुंबई को शामिल किया गया है।
- यह लगातार तीसरे वर्ष इस सूची में शामिल रहने वाला भारत का एकमात्र हवाई अड्डा बना है।
- इस सर्वेक्षण में हवाई अड्डों का मूल्यांकन यात्रियों का अनुभव, भोजन और सुविधाएं, डिज़ाइन और नवाचारऔर नेविगेशन/आवागमन की सहजता जैसे बिंदुओं पर किया जाता है।
- 2025 के शीर्ष 10 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे

रैंक	हवाई अड्डा	देश
1	इस्तांबुल हवाई अड्डा	तुर्की
2	चांगी हवाई अड्डा	सिंगापुर
3	हमाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा	क़तर
4	जायेद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अबू धाबी	यूएई
5	दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा	यूएई
6	हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा	हांगकांग
7	हेलसिंकी-वांता हवाई अड्डा	फिनलैंड
8	टोक्यो हानेदा हवाई अड्डा	जापान
9	छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा, मुंबई	भारत
10	इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा	दक्षिण कोरिया

11. महत्वपूर्ण दिवस

दिवस / अवसर	तारीख	मुख्य जानकारी / उद्देश्य
राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस	1 जुलाई 2025	ICAI की स्थापना (1949) की स्मृति; वित्तीय अनुशासन व पारदर्शिता में CAs का योगदान।
वस्तु एवं सेवा कर दिवस	1 जुलाई 2025	GST की शुरुआत (2017); एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली जो मूल्य वर्धन पर आधारित है।
SBI की 70वीं वर्षगांठ	1 जुलाई 2025	1955 में SBI का गठन; भारत का सबसे बड़ा व पुराना कमर्शियल बैंक।
103वाँ अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस	5 जुलाई 2025	जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है, 2025 की थीम: 'समावेशी और टिकाऊ समाधान', 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया।
विश्व ग्रामीण विकास दिवस	6 जुलाई 2025	पहली बार मनाया गया; उद्देश्य: ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता, गरीबी, भूख और डिजिटल असमानता पर ध्यान देना।
विश्व जैव उत्पाद दिवस	7 जुलाई 2025	जैव उत्पादों की भूमिका और जलवायु कार्रवाई पर जागरूकता; 2025 की थीम: 'बायो E^3 तरीका'; शुरुआत: 2021।
राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस	10 जुलाई 2025	मत्स्यपालन में योगदान के सम्मान में; 1957 में कृत्रिम प्रजनन की पहली सफलता; 2024-25 में कुल मछली उत्पादन: 195 लाख टन।
विश्व जनसंख्या दिवस	11 जुलाई 2025	थीम: 'युवाओं को निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना'; भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश।
विश्व युवा कौशल दिवस	15 जुलाई 2025	थीम: 'AI और डिजिटल स्किल्स से युवा सशक्तिकरण'; उद्देश्य: युवाओं में व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देना।
AI प्रशंसा दिवस	16 जुलाई 2025	AI के योगदान की सराहना; हेल्थ, शिक्षा, व्यवसाय में AI की भूमिका; शुरुआत: 2021।
विश्व सर्प दिवस	16 जुलाई 2025	+3,500 सर्प प्रजातियों के संरक्षण हेतु जागरूकता; शुरुआत: 1970 के दशक में।
विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस	17 जुलाई 2025	रोम संविधि (1998) की स्मृति में; ICC से संबद्ध; मानवता के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम।
नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस	18 जुलाई 2025	थीम: 'गरीबी और असमानता से लड़ना अभी भी हमारे हाथ में है'; वैश्विक न्याय और समानता के लिए योगदान।
विश्व शतरंज दिवस	20 जुलाई 2025	FIDE की स्थापना (1924) की वर्षगांठ; शतरंज की उत्पत्ति भारत के 'चतुरंग' से।
राष्ट्रीय ध्वज दिवस	22 जुलाई 2025	1947 में तिरंगे की स्वीकृति की स्मृति; ध्वज के रंगों और अशोक चक्र का प्रतीकात्मक महत्व।
विश्व मस्तिष्क दिवस	22 जुलाई 2025	थीम: 'सभी उम्र के लोगों के लिए ब्रेन हेल्थ'; मस्तिष्क स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूकता।
राष्ट्रीय प्रसारण दिवस	23 जुलाई 2025	IBC की स्थापना (1927); संगठित रेडियो प्रसारण की शुरुआत।
चंद्रशेखर आज़ाद जयंती	23 जुलाई 2025	जन्म: 1906; क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय; HSRA के संस्थापक।
विश्व मैंग्रोव दिवस	26 जुलाई	उद्देश्य: मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण, सुरक्षा के प्रति वैश्विक जागरूकता फैलाना।
कारगिल विजय दिवस	26 जुलाई	उद्देश्य: कारगिल युद्ध (1999) में भारत की जीत और सैनिकों की शहादत को सम्मान करना।



SAMYAK वाहक बना है हजारों अभ्यर्थियों की सफलता में
IAS 2020
13 RANK
Gaurav Budania
RAS 2021
1st RANK
Vikrant Sharma
RAS 2018
1st RANK
Mukta Rao
RAS 2016
2A RANK
Shailesh Khairwa
RAS 2013
1st RANK
Anil Kumar Singhal
NEXT
1st RANK
YOU
1650+ Selection in Last 4 RAS Exam
Congratulations!
RAS 2021 में संस्थान से चयनित TOPPERS
Priya Bajaj Rank 02
Vishwajeet Rank 04
Bharti Gupta Rank 05
Akanksha Dubey Rank 06
Kanchan Choudhary Rank 07
Shubham Sharma Rank 08
Nidhi Udsaria Rank 09
Satya Narayan Rank 10
Deepshikha Rank 13
Karmveer singh Rank 15
Divya Soni Rank 16
Gaurav Saraswat Rank 18
Divya Bishnoi Rank 19
Sejal Shekhawat Rank 20
Pooja Pareek Rank 23
Paramjeet Rank 27
Congratulations!
RAS 2018 में संस्थान से चयनित TOPPERS
Shivakshi Khandal Rank 3
Nikhil Kumar Rank 4
Varsha Sharma Rank 5
Yashwant Meena Rank 6
Ravi Goyal Rank 7
Vikash Prajapat Rank 9
Gaurav Budania Rank 12
Garima Sharma Rank 14
Niharika Sharma Rank 15
Mahesh Gagoriya Rank 17
Hukmi Rulaniya Rank 18
Rishi Sudhanshu Rank 20
Sarita Sharma Rank 21
Kriti Sharma Rank 23
Kalpit Rank 25
Neha Mishra Rank 26
Congratulations!
RAS 2016 में संस्थान से चयनित TOPPERS
Upendra Sharma Rank 05
Sanjay Gora Rank 06
Mrityunjay Mishra Rank 12
Shivcharan Sharma Rank 22
Manish Sharma Rank 23
Arun Kumar Rank 27
Rudra Pratap Rank 39
Arshdeep Barar Rank 46
Mamta Gaur Rank 60
Ravi Goyal Rank 95
Khushbu Ameta Rank 97
Shalini Bajaj Rank 105
Bhanu Pratap Rank 110
Chhavi Sharma Rank 128
Anadaram Parihar Rank 148
Manish Kumar Rank 151
Congratulations!
RAS 2013 में संस्थान से चयनित TOPPERS
Mukesh Meena Rank ST-1
Komal Jain Rank BL-2
Sanju Meena Rank ST-WE-2
Kusum Meena Rank ST-WE-4
Sunita Yadav Rank WE-6
Manish Kr. Jatav Rank SC-6
Pratibha Nimesh Rank SC-WE-9
Khushboo Sharma Rank WE-10
Santra Devi Rank OBC WE-19
Krishna Pratap Rank SC-30
Ashish Yadav Rank OBC WE-38
Anshul Singh Rank 38
Vidya Choudhary Rank OBC WE-58
Karishma Kavia Rank WE-67
Pooja Diggi Rank WE-72
Harish Sharma Rank 95
IAS & RAS में सफलता - सम्यक् है तो संभव है

Samyak
An Institute For Civil Services

RAS-2021 RESULT
राजस्थान में पहली बार
TOP 10 में 9 TOPPERS

RANK 1 विक्रांत शर्मा
RANK 2 प्रिया बजाज
RANK 4 विश्वजीत
RANK 5 भारती गुप्ता
RANK 6 आकांक्षा दुबे
RANK 7 कंचन चौधरी
RANK 8 शुभम शर्मा
RANK 9 निधि उदसरिया
RANK 10 सत्यनारायण

TOTAL 650+ Selection

IAS
FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

RAS
FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

PSI
PAPER 1st & PAPER 2nd

ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP
Samyak — An Institute For Civil Services
SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

- Live & Recorded Classes
- Test Series & Solution
- Personal Mentorship
- Toppers' Strategic Sessions

राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग

Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

गुरुकुल की सुविधाएँ
- विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन
- गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन
- योग प्राणायाम
- सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)
- आधुनिक क्लासरूम
- लाइब्रेरी

Optional Subjects For
IAS MAINS 2025
PSIR (POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS)
SOCIOLOGY
GEOGRAPHY

EXCLUSIVE FEATURES
Full Syllabus Coverage Through Dialectical Approach
Interlinking Techniques Of Syllabus | Personal Mentorship
Pyqs & Test Paper Discussion | Weekly Sectional & Full Length Test

HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111